संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, सोमवार, 15 मई 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 131 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में पहुंचे और लोगों की समस्याओं का समाधान किया। गोरखनाथ मंदिर में पिछला जनता दर्शन कार्यक्रम 9 अप्रैल को लगा था।

## डीजीपी प्रवीण सूद सीबीआई के डायरेक्टर बने



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कर्नाटक** के डीजीपी प्रवीण सूद को सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) का नया डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी सूद दो साल तक इस पद पर रहेंगे। सीबीआई के मौजूदा डायरेक्टर सुबोध कुमार जायसवाल का कार्यकाल 25 मई को समाप्त हो रहा है। इसी दिन सूद जॉइन कर सकते हैं।
कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने डीजीपी प्रवीण सूद को नालायक कहा था। 14 मार्च को शिवकुमार ने कहा था कि हमारा डीजीपी नालायक है। वह इस पद के लायक नहीं है।

## केरल तट से पकड़ी गई 12 हजार करोड़ की ड्रग्स



**टीम एक्शन इंडिया/तिरुवनन्तपुरम**
**एनसीबी** और इंडियन नेवी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए केरल तट के पास से 12 हजार करोड़ की ड्रग्स जब्त की है। जब्त किए गए जत्थे में मेथमफेटामाइन, हेरोइन और चरस भी शामिल है। आरोपी नाव के जरिए इस ड्रग्स को समुद्री रास्ते के जरिए पाकिस्तान से भारत ला रहे थे।
दूसरा सबसे बड़ा कंसाइनमेंट : एनसीबी के डिप्टी डायरेक्टर जनरल (ऑप्स) संजय कुमार सिंह ने बताया कि एनसीबी और इंडियन नेवी ने संयुक्त कार्रवाई में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। बरामद किए गए ड्रग्स का सोर्स पाकिस्तान है। ये ड्रग्स ईरान के चाबहार पोर्ट से लाई जा रही थी। जब्त की गई ड्रग्स की कीमत 12 हजार करोड़ रुपए के करीब है। यह दूसरा सबसे बड़ा कंसाइनमेंट है।

## 'नशा मुक्ति अभियान' सराहनीय पहल : सीएम बघेल



**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**मुख्यमंत्री** भूपेश बघेल रविवार को प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा राजधानी रायपुर स्थित शान्ति सरोवर में आयोजित नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशामुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के शुभारंभ समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री बघेल ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक सत्यनारायण शर्मा, गृह सचिव अरूण देव गौतम, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के डॉ. सचिन परब, डॉ. बनारसी लाल शाह, ब्रम्हकुमारी हेमलता, ऊषा बहन परिस्थित थी। मुख्यमंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए नशा मुक्त भारत अभियान समाज के निर्माण की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

## उत्तराखंड में आयुष की अपार संभावनाएं हैं: अश्विनी



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**केन्द्रीय** स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि होम्योपैथी विदेश नहीं भारत की पुरातन और सनातन संस्कृति से जुड़ी हमारी चिकित्सा परंपरा है। हौम्योपैथी में नये वैज्ञानिक अनुसंधान की जरूरत है। देवभूमि की धरती आयुष के लिए अधिक उपयुक्त है। रविवार को डॉ. नित्यानन्द ऑडिटोरियम-दून विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन 'होम्योकॉन-2023' कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने यह बातें कहीं। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आयुष चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार लगातार कार्य कर रही है। इसी के तहत 2014 में अलग से आयुष मंत्रालय का गठन किया गया है।

# डीके या सिद्धारमैया, कर्नाटक का सीएम कौन?

### सुशील कुमार शिंदे, दीपक बावरिया और भांवर जितेंद्र को कर्नाटक में पर्यवेक्षक बनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 224 में से 135 सीटें जीतकर बहुमत हासिल कर लिया है। बीजेपी को 66, जेडीएस को 19 और अन्य को 4 सीटें मिली हैं। रिजल्ट साफ है, पर कांग्रेस और बीजेपी दोनों के लिए आने वाला वक्त आसान नहीं होने वाला।
कर्नाटक में स्पष्ट बहुमत के बाद अब कांग्रेस को फैसला करना है कि मुख्यमंत्री किसे बनाया जाए? इसके लिए पार्टी के विधायक दल की बैठक बेंगलुरु के शांगरी-ला होटल हुई। डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के साथ 3 ऑब्जर्वर सुशील कुमार शिंदे, दीपक बावरिया और भंवर जितेंद्र सिंह मौजूद रहे। शिवकुमार-सिद्धारमैया के समर्थक होटल के बाहर नारेबाजी की।
**'मैं चाहता हूं कि मेरा भाई सीएम बने:** डीके शिवकुमार के भाई और कांग्रेस सांसद डीके सुरेश 'बीजेपी को सत्ता से दूर रखने के लिए हम कुछ भी करेंगे। राज्य के हित में मेरे पिता को सीएम बनना चाहिए: **सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया**-राजस्थान में सचिन पायलट और अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव और मध्य प्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया और दिग्विजय सिंह के बीच जो हुआ या हो रहा है, उससे साफ है कि कर्नाटक का फैसला भी सोनिया और राहुल गांधी के लिए आसान नहीं होगा। एक तरफ जीत के हीरो डीके शिवकुमार हैं और दूसरी तरफ सीनियर लीडर और पार्टी में दबदबे वाले सिद्धारमैया।



**सिद्धारमैया से मेरा कोई मतभेद नहीं: डीके**

**शिवकुमार** ने कहा- कुछ लोग कहते हैं कि सिद्धारमैया के साथ मेरे मतभेद हैं, लेकिन हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है। मैंने पार्टी के लिए कुबार्नी दी और सिद्धारमैयाजी के साथ खड़ा हुआ।
**सीएम पद के लिए 2 नहीं, 4 दावेदार:** विधायक दल की बैठक में अध्यक्ष और महासचिव राय लेंगे और मुख्यमंत्री का चुनाव करेंगे। हर पार्टी में किसी न किसी की महत्वाकांक्षाएं होती हैं, लेकिन सिर्फ एक ही सीएम होगा। चुनाव विधायक और हाई कमान करेगा। शिवकुमार, सिद्धारमैया ही नहीं, एमबी पाटिल, जी परमेश्वर भी सीएम बनना चाहते हैं।

**कांग्रेस में कलह के कितने आसार...:** अप्रैल के पहले हफ्ते में कोलार में कांग्रेस की रैली थी। मंच पर राहुल गांधी, डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया बैठे थे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बोलने के लिए उठे। उन्होंने कहा, 'मै साफ करना चाहता हूं, मैं इस बात को लेकर जरा भी परेशान नहीं हूं कि कौन मुख्यमंत्री बनेगा। मेरी एक ही चिंता है कि कांग्रेस को सत्ता में वापस आना चाहिए। मुख्यमंत्री का चुनाव आलाकमान और विधायकों के फैसले से होता है। जनता के बारे में सोचें और बाकी फैसले आलाकमान पर छोड़ दें।' पहली बार कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने चुनाव से पहले सीएम उम्मीदवारी को लेकर बयान दिया था। ये मैसेज डीके शिवकुमार के लिए भी था, उन्होंने तीन दिन पहले मीडिया से कहा था कि 'मल्लिकार्जुन खड़गे सीनियर लीडर हैं, उनके अंडर में काम करने में मुझे कोई दिक्कत नही है।' सिद्धारमैया से डीके के बयान पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि नेतृत्व का फैसला इस बात पर होगा कि विधायकों की राय क्या है। कर्नाटक कांग्रेस में सीएम बनने के लिए ऐसा मुकाबला नई बात नहीं है। पार्टी ने कर्नाटक चुनाव प्रभारी सुरजेवाला को जिम्मेदारी दी थी कि डीके और सिद्धारमैया आमने-सामने न आएं।

**सीएम का इंतजार!**
● कांग्रेस नेता सैयद नसीर बोले- सीएम की घोषणा 2-3 दिनों के भीतर की जाएगी। जल्द कैबिनेट के गठन की तैयारी है




डॉ. नित्यानन्द ऑडिटोरियम-दून विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन 'होम्योकॉन-2023' कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सम्मानित करते हुए।

## भाजपा की महिला सांसदों को पत्र लिखेंगी धरनारत पहलवान

**नई दिल्ली।** बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पिछले 22 दिन से दिल्ली के जंतर मंतर पर धरनारत पहलवान अब भाजपा की महिला सांसदों को पत्र लिखकर समर्थन की मांग करेंगे। जंतर-मंतर पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पहलवानों की मुहिम का नेतृत्व कर रहीं विनेश फोगाट ने आज इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि भाजपा की किसी महिला सांसद ने अभी तक उनसे ना बातचीत की है और ना ही उनके अभियान को समर्थन दिया है। इसी के चलते अब हमने योजना बनाई है कि महिला भाजपा नेताओं को पत्र लिखकर समर्थन की मांग करेंगे।

## नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट का मोदी ने किया मुआयना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली की नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट का दौरा किया। पीएम ने यहां जन शक्ति प्रदर्शनी में आर्टिस्ट द्वारा बनाए गए आर्ट वर्क को देखा और उसकी तारीफ की। आर्ट गैलरी में 'जन शक्ति' नाम की यह प्रदर्शनी पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें एपिसोड पूरे होने पर लगाई गई थी। इस एक्जीबीशन को जानी मानी क्यूरेटर अलका पांडे ने तैयार किया था। कलाकारों ने इस प्रदर्शनी में आर्ट वर्क को बनाने के लिए तस्वीरों, मूर्तियों, फोटोग्राफी, और नए मीडिया का सहारा लिया। प्रदर्शनी में स्वच्छता, जल संरक्षण, कृषि, अंतरिक्ष, भारत के पूर्वोत्तर राज्य, नारी शक्ति और योग, आयुर्वेद जैसे मन की बात में शामिल विषयों से जुड़ी पेंटिंग और आर्ट वर्क लगाई गई हैं। जिन कलाकारों ने जन शक्ति में योगदान दिया है उनमें मनु और माधवी पारेख, अतुल डोडिया, परेश मैती, इरन्ना जीआर, जगन्नाथ पांडा और अन्य नाम शामिल हैं।



## महाराष्ट्र: दो समुदायों के बीच झड़प



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**महाराष्ट्र** के अकोला में सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर शनिवार को दो समुदाय के बीच हुई हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अकोला एसपी संदीप घुघे ने बताया- ओल्ड सिटी इलाके में मामूली बात पर दो समुदाय के बीच पत्थरबाजी हुई थी। उपद्रवियों ने कई वाहन जला दिए। कुछ लोगों ने थाने का घेराव करने की भी कोशिश की। फिलहाल हालात काबू में है। एसपी घुघे ने बताया कि, पत्थरबाजी में 8 लोग घायल हुए हैं, जिसमें दो पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। रविवार को एक व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने अब तक 30 लोगों को हिरासत में लिया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। अकोला कलेक्टर नीमा अरोड़ा ने बताया कि शहर में धारा 144 लगा दी गई है। दूसरों जिलों से भी पुलिस फोर्स बुलाई गई है।
हिंसक घटना के बाद पुलिस अधिकारियों ने शांति समिति की बैठक की। इसमें सभी धर्मों और समुदायों के प्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के नेता और समाजसेवी शामिल हुए।

**हिंसा**
● अकोला एसपी संदीप घुघे ने बताया- ओल्ड सिटी इलाके में मामूली बात पर दो समुदाय के बीच पत्थरबाजी हुई थी

## सैन्य महत्व वाले 928 आइटम के आयात पर प्रतिबंध लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
रक्षा मंत्रालय ने 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत सैन्य महत्व के 928 सब-सिस्टम और पुर्जों के आयात पर प्रतिबंध लगाते हुए चौथी स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) को मंजूरी दे दी है। इन वस्तुओं का विवरण सृजन पोर्टल पर उपलब्ध है, जिन्हें सूची में निर्धारित की गई समय सीमा के बाद भारतीय-उद्योग से ही खरीदा जा सकेगा। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) के आयात को न्यूनतम करने के लिए यह कदम उठाया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य महत्व के 928 लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट, सब-सिस्टम्स, स्पेयर एंड कंपोनेंट्स की चौथी रचनात्मक स्वदेशीकरण सूची को मंजूरी दी है। इसमें हाई-एंड-मटीरियल्स और अतिरिक्त उत्पाद सहित 715 करोड़ मूल्य के आयात वाले सामान शामिल हैं। इन सभी वस्तुओं का विवरण सृजन पोर्टल ँ३३स्र२:ᳵ्ल्लीिल्लीॅ.ङ्ग५.ल्ल/ पर उपलब्ध है। सभी वस्तुओं को सूची में निर्धारित की गई समय सीमा के बाद भारतीय-उद्योग से खरीदा जा सकेगा। इससे पहले तीन रचनात्मक स्वदेशीकरण सूचियां दिसंबर 2021, मार्च 2022 और अगस्त 2022 में जारी की जा चुकी हैं। इन सूचियों में 2500 आइटम हैं, जो पहले से ही स्वदेशी हैं। तीनों सूचियों में 1238 आइटम हैं जो दी गई समय सीमा के भीतर स्वदेशी किए जाएंगे। अब तक देश में 1,238 में से 310 वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया जा चुका है।



**आत्मनिर्भर**
● इन वस्तुओं का विवरण सृजन पोर्टल पर उपलब्ध है, निर्धारित की गई समय सीमा के बाद भारतीय-उद्योग से ही खरीदा जा सकेगा

## राजेन्द्र नगर में पहली बार बदला जाएगा पानी सप्लाई का इंफ्रास्ट्रक्चर

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राजेंद्र नगर के विधायक दुर्गेश पाठक ने रविवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि राजेन्द्र नगर में पानी सप्लाई की दिशा में ऐतिहासिक काम होने जा रहा है, जिसका लाभ पूरे राजेंद्र नगर निवासियों को मिलेगा। राजेन्द्र नगर में पहली बार पानी का इंफ्रास्ट्रक्चर बदला जाएगा।
पूरे राजेंद्र नगर में नई पाइप लाइन डाली जाएगी। काम पूरा होने के बाद राजेंद्र नगर निवासियों को सीधे चंद्रावल प्लांट से पानी मिलेगा।

## मोदी लहर खत्म हुई: संजय राउत



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**संजय राउत ने** कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की जीत ने पूरे देश में पार्टी के लिए एक दरवाजा खोल दिया है। विधानसभा चुनाव के नतीजे बताते हैं कि तानाशाही हार गई है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 224 में से 135 सीटें जीती हैं। इसके एक दिन बाद शिवसेना नेता संजय राउत ने दावा किया है कि देश में मोदी लहर खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि अब हमारी बारी है, देश में अब हमारी लहर आने वाली है। बजरंग वली ने निश्चित रूप से चुनाव में हिस्सा लिया था, लेकिन वे बीजेपी नहीं बल्कि कांग्रेस के साथ थे, जिसका असर नतीजों में दिख रहा है। शिवसेना नेता ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए ये बाते कहीं। शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की।

## मोरमुगाओ से ब्रह्मोस की कामयाब टेस्टिंग

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**इंडियन** नेवी में शामिल नए वॉरशिप आईएनएस मोरमुगाओ से ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण कर लिया गया है। मिसाइल ने सीधा टारगेट को हिट किया। आईएनएस मोरमुगाओ को इंडियन नेवी के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है। यह हथियारों से लैस दुनिया का सबसे आधुनिक मिसाइल करियर है। मोरमुगाओ एक स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर है, जिसका 75% हिस्सा देश में ही बनाया गया है। भारतीय नौसेना के अनुसार यह पी-15 ब्रावो प्रोजेक्ट का दूसरा जहाज है। P-15B प्रोजेक्ट के तहत चार वॉरशिप बनाए जा रहे हैं। इसमें से विशाखापत्तनम और मोरमुगाओ इंडियन नेवी को सौंप दिया गया है। बाकी दो सूरत और इंफाल हैं जिन्हें जल्द ही नौसेना में शामिल कर लिया जाएगा।
**गोवा के नाम पर रखा गया मोरमुगाओ शिप का नाम:** मोरमुगाओ वॉरशिप का नाम पोर्ट सिटी गोवा पर रखा गया है। 19 दिसंबर 2021 को जब गोवा ने पुर्तगाली शासन से 60 साल की मुक्ति का जश्न मनाया था, तभी इस वॉरशिप ने पहली समुद्री यात्रा की थी।



**टारगेट को हिट किया**
● मिसाइल ने सीधा टारगेट को हिट किया। मोरमुगाओ को इंडियन नेवी के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है

## सिपाही के हत्यारोपी दो बदमाशों को मार गिराया

**टीम एक्शन इंडिया/जालौन**
**जालौन में** रविवार दोपहर पुलिस ने दो बदमाशों को एनकाउंटर में मार गिराया। उरई में फैक्ट्री इलाके में हुई इस मुठभेड़ में इंस्पेक्टर को भी गोली लगी है। दोनों बदमाशों पर 4 दिन पहले यानी 10 मई को ड्यूटी के दौरान सिपाही भेदजीत सिंह की हत्या करने का आरोप है। जालौन एसपी ई राजा ने बताया, "हमें मुखबिर से सूचना मिली थी कि ये दोनों बदमाश उरई के पास फैक्ट्री एरिया में आने वाले हैं। हम लोग मौके पर पहुंच गए। वहां टीमें बनाकर घेराबंदी की। दोनों बदमाश वहां पहुंचे तो पुलिस ने रुकने का इशारा किया। लेकिन, बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसमें उरई एसएचओ के हाथ पर गोली लगी।" "इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। वहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मारे गए एक अपराधी का नाम कल्लू। जबकि दूसरे का नाम रमेश है। दोनों उरई के ही रहने वाले थे।"
**"सिपाही पर फायरिंग की, फिर नुकीली चीज से हत्या की":** एसपी ने बताया कि 10 मई की रात सिपाही भेदजीत की हत्या की थी। भेदजीत ने ड्यूटी के दौरान इन दोनों बदमाशों को रोकने का प्रयास किया था। इसके बाद इन दोनों ने उस पर फायरिंग कर दी। जब भेदजीत सिंह फायरिंग से बच गया तो इन्होंने नुकीली चीज और तमंचे की बट से भेदजीत पर हमला कर दिया।



**साथ आएंगे?** जालंधर लोकसभा उपचुनाव में हार के बाद चर्चा तेज; अकाली दल ने कहा- साथ में जीत सकते थे

# पंजाब में फिर होगा अकाली-बीजेपी गठबंधन?

**टीम एक्शन इंडिया/जालंधर**
**पंजाब** में क्या फिर अकाली दल-बीजेपी का गठबंधन होगा?, यह सवाल फिर से राज्य की सियासत में तेजी से उठ रहा है। इसकी वजह जालंधर लोकसभा उपचुनाव में दोनों पार्टियों की हार है। अकाली दल ने बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा। बीजेपी अकेले मैदान में थी। दोनों दलों की वोटें दूसरे नंबर पर आई कांग्रेस से ज्यादा रही। वहीं सीट जीतने वाली आप से कुछ हजार ही कम थी। सीट पर हार-जीत स्पष्ट न भी हो तो गठबंधन की तरफ से यहां मुकाबला कड़ा होता। अकाली दल ने किसान आंदोलन के वक्त भाजपा से गठबंधन तोड़ा था। केंद्र में अकाली कोटे से मंत्री हरसिमरत बादल ने इस्तीफा दे दिया था।
**क्या गठबंधन टूटने का असर हुआ ?:** यह एक फैक्टर है। 21 साल 2 पार्टियों ने गठबंधन में काम किया। 3 सरकारें इकट्ठी बनाई। बहुत सारे विधानसभा सीटें हैं, जहां एक-दूसरे पर निर्भरता हो चुकी थी। जालंधर की बात करें तो 3 सीटों बीजेपी कमांड करती थी। वहां हमारे संगठन पर इफेक्ट हुआ। वहां गठबंधन का दूसरा सहयोगी रहा तो वर्कर कमजोर होता है।
**गठबंधन होता तो क्या फायदा होता ?:** अगर आप आज भी दोनों के वोट का टोटल कर लो तो अकाली दल और भाजपा जीत की तरफ होती। जिस स्थिति में इलेक्शन लड़ा, 10 दिन पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल के निधन से कैंपेन नहीं हो पाई । देखो, यह एक पंजाब का बड़ा नेचुरल गठबंधन था। सामाजिक रिश्ते के तौर पर पंजाब के लिए ये गठजोड़ सांझा संदेश देता था। गठबंधन के कई फायदे और कई नुकसान भी होते हैं।



**हालात....**
● अगर आप आज भी दोनों के वोट का टोटल कर लो तो अकाली दल और भाजपा जीत की तरफ होती

# कांग्रेस की कर्नाटक जीत का हरियाणा पर असर

## रणदीप सुरजेवाला का दिल्ली में कद बढ़ा, हुड्डा गुट की संगठन लिस्ट में बदलाव तय

▶▶ कर्नाटक में पार्टी प्रभारी होने के कारण दिल्ली में उनकी धमक बढ़ेगी। हरियाणा कांग्रेस की संगठन लिस्ट पर भी असर पड़ेगा






**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**कर्नाटक** में मिली कांग्रेस पार्टी की जीत का असर हरियाणा कांग्रेस में भी दिखाई देगा। इस जीत का सबसे ज्यादा असर अगर किसी पर पड़ा है तो वह हरियाणा कांग्रेस के दिग्गज चेहरों में शुमार राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला हैं। कर्नाटक में पार्टी प्रभारी होने के कारण दिल्ली में उनकी धमक बढ़ेगी। इससे हरियाणा कांग्रेस की संगठन लिस्ट पर भी असर पड़ेगा। संभावना है कि इस लिस्ट में शामिल कई नामों में बदलाव किया जाएगा। सुरजेवाला का कद बढ़ने से जाहिर है पार्टी में बने दूसरे गुटों पर भी असर दिखाई देगा। सबसे ज्यादा असर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गुट पर दिखेगा।

**एक गुट दे रहा सुरजेवाला को जीत का श्रेय:** कर्नाटक में मिली जीत का श्रेय हरियाणा में कांग्रेस पार्टी का एक गुट सुरजेवाला को दे रहा है। कैथल जिले में तो कार्यकर्ताओं ने खूब मिठाई भी बांटी हैं। इसकी खास वजह यह भी है कि यह रणदीप सुरजेवाला का गढ़ भी है। दबी जुबान में दूसरे गुटों के नेता भी कह रहे हैं कि इस जीत का श्रेय सुरजेवाला को ही जाता है। हालांकि हुड्डा गुट इसके लिए केंद्र विरोधी लहर को बता रहा है।

**हरियाणा कांग्रेस में क्या पड़ेगा असर:** सुरजेवाला का दिल्ली में कद बढ़ने से सबसे ज्यादा असर प्रदेश में पार्टी संगठन की लिस्ट में दिखाई देगा। केंद्रीय नेतृत्व को दी गई लिस्ट में अभी पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा का वर्चस्व बताया जा रहा है। यही कारण है कि केंद्रीय नेतृत्व ने अभी तक इस लिस्ट को जारी नहीं किया है। इसके अलावा अब 2024 में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में केंद्रीय नेतृत्व के फैसलों पर सुरजेवाला का हस्तक्षेप भी बढ़ेगा।

**विरासत में मिली है राजनीतिः** रणदीप सुरजेवाला को राजनीति विरासत में मिली है। उनके पिता स्व. चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे हैं। कैथल विधानसभा से उनके पिता शमशेर सिंह सुरजेवाला ने चुनाव लड़ा और जीता था। 2010 व 2015 में रणदीप सुरजेवाला कैथल से विधायक बने और मंत्री भी बने। हालांकि 2018 में सुरजेवाला को जींद उप-चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।

**ओपी चौटाला को हरा चुके रणदीपः** रणदीप सुरजेवाला नरवाना से दो बार विधायक रह चुके हैं। हालांकि वह तत्कालीन इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला से चुनाव हार भी चुके हैं। 2005 में रणदीप सुरजेवाला ने पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला को नरवाना विधानसभा से हराकर अपना बदला ले चुके हैं। इसके बाद से कैथल में कांग्रेस कार्यकर्ता व सुरजेवाला समर्थकों को खुशी मनाने का अवसर ही नहीं मिल पाया था। कर्नाटक में कांग्रेस के बहुमत की खबरें आने के बाद सुरजेवाला को संजीवनी मिली है।

# अम्बाला पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शत प्रतिशत परिणाम घोषित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दसवीं और बारहवीं कक्षा का शत प्रतिशत परिणाम घोषित हुआ। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने 96 % और कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने 95% अधिकतम अंक प्राप्त किए । दोनों कक्षाओं के विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत परिणाम देकर अपने और अंबाला पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नाम को चार चांद लगा दिए। दोनों कक्षाओं के परिणाम को देखते हुए डायरेक्टर सुखविंदर कौर विर्क और प्रधानाचार्या सोनिका अरोड़ा ने सभी अध्यापकों , विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सबके सामूहिक सहयोग का ही परिणाम है और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए भगवान से कामना की।

# जन सेवा कार्य स्वस्थ नागरिक निर्माण में निभा रहा है अहम भूमिकाः बलबीर

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**मानव मित्र मंडल द्वारा वात्सल्य वाटिका में बच्चों के हीमोग्लोबिन और रक्त समूह की जांच हेतु डॉक्टर श्वेता सैनी पैथ लैब के सौजन्य से शिविर लगाया गया। कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडवोकेट बलबीर शर्मा , प्रबंधक गीता सह शिक्षा माध्यमिक विद्यालय थानेसर द्वारा किया गया। वाटिका के संचालक स्वामी हरिओम दास जी ने वाटिका में पधारे मानव मित्र मंडल के सभी सदस्यों और श्वेता पैथ लैब की संचालिका डॉ श्वेता सैनी को अपना आशीर्वाद दिया। मुख्य अतिथि एडवोकेट बलबीर शर्मा ने कहा कि मंडल का यह सेवा कार्य स्वस्थ नागरिक निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर मंडल के संरक्षक देशराज भटनागर ने कहा कि समय-समय पर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच होना अति आवश्यक है ताकि समय रहते एनीमिया ग्रस्त बच्चों का इलाज हो सके। मानव मित्र मंडल के वरिष्ठ सदस्य एम.एल.शर्मा, नरेश सैनी, अंजलि, लैब सहयोगी नरेंद्र सैनी, गौरव चौधरी, निकुंज, नमित ने शिविर के संचालन में विशेष सहयोग प्रदान किया। सेवा कार्य के संयोजक भारतेंदु हरीश एवं उपस्थित सभी सदस्यों ने डॉ श्वेता सैनी को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका आभार व्यक्त किया। डॉक्टर श्वेता सैनी ने कहा कि मंडल बहुत ही नेक कार्य कर रहा है। भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों में डॉक्टर श्वेता सैनी पैथ लैब की ओर से मानव मित्र मंडल को यथा संभव सहयोग मिलता रहेगा।



# अबकी बार ढाई गुणा बढकर मिलेगी चारे की अनुदान राशि

**पानीपतः** पशुपालन विभाग के महानिदेशक डॉ बिरेंद्र लोरा ने शनिवार को जीटी रोड स्थित पशुपालन विभाग की इंफरमरी व गांव हडताड़ी में सीएम घोषणा के तहत बन रहे पशु आधुनिक अस्पताल सहित नैन गांव में स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हडताडी गांव में 5 एकड़ के परिसर में 7.41 करोड रुपए की राशि से बन रहे अस्पताल के निरीक्षण के दौरान पशु पालन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द सीमित समय में बचा हुआ निर्माण कार्य पूरा करें ताकि जिला के पशु पालकों को इसका फायदा जल्द मिल सकें।

# कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर मना जशन

## कमीशन खाने वाली व भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली सरकार को जनता ने किया चितः सुरेंद्र सैनी

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
कर्नाटक में कांग्रेस की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं में जीत का उत्साह देखते ही बनता था । राहुल गांधी जिंदाबाद, सोनिया गांधी जिंदाबाद व प्रियंका गांधी जिंदाबाद के नारों के बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी में मिठाईयां बांटी और एक दूसरे को बधाई दी । गांव भिवानी खेड़ा में कांग्रेस पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी की अगूवाई में कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर जीत की खुशी मनाई और एक दूसरे को बधाई दी ।सुरेंद्र सैनी भिवानी खेड़ा ने इस जीत को देश की जनता की जीत बताया ।उन्होंने कहा कि कर्नाटक के साहसी लोगों ने एक कमीशन खाने वाली व भ्रष्टाचार को बढावा देने वाली सरकार को सत्ता से बाहर करने का काम किया । उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता ने दोहरा चरित्र व जुमले फेंकने वाली सरकार को दिखा दिया कि यह जुमले ज्यादा दिन चलने वाले नहीं हैं। उन्होंने कर्नाटक में कांग्रेस की जीत का सारा श्रेय राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को मिले भारी जनसमर्थन के साथ-साथ पिछले दिनों राहुल गांधी की लोकसभा सदस्य रद्द करने को दिया । उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता में राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने को लेकर भारी रोष था । कर्नाटक की जनता ने वोट की चोट से नरेंद्र मोदी की सरकार को यह करारा संदेश दिया है । उन्होंने कहा कि कर्नाटक से निकली जीत अब मध्य प्रदेश राजस्थान, छत्तीसगढ़ और अन्य प्रदेशों से होती हुई हरियाणा में भी पहुंचेगी। अब हरियाणा मे भी भाजपा सरकार को करारी शिकस्त देखनी पड़ेगी । उन्होंने कहा कि जनता ने कर्नाटक की जनता ने अहंकार रूपी सरकार को सत्ता से बाहर करने का जो साहस दिखाया है वह एक ऐतिहासिक फैसला है।




# विश्व मानव रूहानी केंद्र ने निशुल्क चिकित्सा निरीक्षण शिविर लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**विश्व** मानव रूहानी केन्द्र एक परोपकारी एवं आध्यात्मिक संस्था है ' यह सन्त बलजीत सिंह द्वारा सिखाये गये नैतिक जीवन, आध्यत्मिकता और घ्यान अभ्यास पर आधारित कार्यकर्मो और जन कल्याण के लिए विभिन प्रकार कसमज सेवी कार्यों का आयोजन करती है ' इसी सन्दर्भ में आज विश्व मानव रूहानी केंद्र शाखा समालखा में निःशुल्क चिकित्सा निरीक्षण शिविर लगाया गया ' इस शिविर में लगभग 65 मरीजों का अनुभवी डॉक्टरों द्वारा निरीक्षण किया गया और उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर भारत नन्दवानी,व मुरारी लाल नागपाल की देख रेख में ये कार्य सम्पन्न हुआ।



# अनिल विज ने सिटी प्लाजा में देखी द केरला स्टोरी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि द केरल स्टोरी फिल्म के माध्यम से फिल्म के निर्माताओं ने एक धर्म विशेष द्वारा अपने धर्म के विस्तार के लिए अंतर्राष्ट्रीय षडयंत्र जो चल रहा है, जिसमें भोली-भाली लड़कियों को लव-जिहाद में फंसाकर उनको अपने धर्म विस्तार के लिए ले जाया जाता है और तरह-तरह की यातनाएं दी जाती हैं। यह धरती का सबसे ज्यादा कलंकित अध्याय है। श्री विज ने आज दोपहर अम्बाला शहर स्थित सिटी प्लाजा में ह्लद केरला स्टोरीह्व फिल्म देखने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनका यह कहना है कि हर मां-बाप को इसको समझने के लिए अपने बच्चों के साथ इस फिल्म को देखना चाहिए और खासतौर पर उन मां-बाप को जो अपनी बच्चियों को बाहर कहीं दूर पढ़ने के लिए भेजते हैं, सबको यह फिल्म देखनी चाहिए।
इस मौके पर पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा, भाजपा मंडल प्रधान अजय पराशर, किरण पाल चौहान, बिजेन्द्र चौहान, संजीव वालिया, सुरेन्द्र तिवारी, जसवंत जैन, अजय अग्रवाल, दलीप मित्तल, डीएस माथुर, रवि सरन, दिनेश चौधरी, सुरेंद्र बहल, प्रो. गुरदेव सिंह, डा. दिनेश अग्रवाल, केके जैन, जग्गी कलरहेड़ी, साहिल अग्रवाल सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# जसनप्रीत कौर ने 97% अंक लेकर किया टॉप




**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
तुलसी पब्लिक स्कूल का बारहवीं तथा दसवीं कक्षा का रिजल्ट शानदार रहा। बारहवीं कक्षा की मैडिकल संकाय की मेधावी छात्रा जसनप्रीत कौर ने 97% अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय व माता पिता का नाम रौशन किया। आर्टस संकाय की छात्रा जैसमीन कौर ने 95.2% व नॉन मेडिकल संकाय से मिलन संन्धु ने 95% अंक प्राप्त किए। निम्न विद्यार्थियों खुशी (93.8%), सनवीर सिंह (93.4%), गुरुसेवक (93.2%), लक्षिता (93.2%), अनिश (92.6%), सानिया धीमान (92.6%), अमनप्रीत सन्धु (92.4%), मोहित (92.2%), अमन सिंह लोट (92.2%), कृतिका (91.4%), तरनुम मलिक (91.4%) व अमन कुमार (91%) अंक लेकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विषयानुसार अधिकतम अंक इस प्रकार रहे - आई. टी. - 100, म्यूजिक - 100, इंगलिश-99, कैमिस्ट्री -98, बायोलोजी - 97, इकनोमिक्स- 97 पोलिटिकल साइंस - 96, फिजिक्स 95, मैथस - 95, अकांऊट्स 95, बिजिनस स्टीडीज - 93, हिन्दी - 92, फिजिकल एजुकेशन - 93. दसवीं कक्षा के मेधावी छात्र माधव चावला ने 95.8% अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय व माता पिता का नाम रौशन किया। अंश (95%), हुसनप्रीत सिंह (94.8%), दीक्षा (94.4%), एकता (92.8%), प्रियंका (92.4%), आशना (91.67), साक्षी (91.2%) व पलक (91%) ने अंक प्राप्त कर स्कूल गौरवान्वित किया । विषयानुसार अधिकतम अंक इस प्रकार रहे - ए. आई. 100, आई टी. 98, पंजाबी - 98, सोशल साइंस 98, मैथ्स 97, साईंस - 95, इंगलिश -95, हिन्दी - 94.

# आदेश अस्पातल में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल एवं मैडिकल कॉलेज में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा.एच.एस. गिल, प्रिंसीपल डा. एन.एस.लांबा और एमडी डा. गुणतास गिल ने की। शिविर में आदेश अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों, नर्सों व अन्य स्टॉफ की टीम ने कैंप में पहुंचे सभी आंगतुकों को आथोर्पेडिक्स, कान, नाक, गला, जनरल मेडिसन, आंख रोगों, बच्चा रोग, स्त्री रोग, दांतों के रोग, त्वचा के रोग व हृदय सहित 530 रोगियों की जांच की और दवाईयां भी निःशुल्क वितरित की। दवाईयों के अलावा रोगियों को फल-फ्रूट, बिस्किट व पेयपदार्थ भी वितरित किये गये।
मेगा हेल्थ कैंप में सुबह 9 बजे से ही बड़ी संख्या में रोगियों का आना शुरू हो गया और देर तक रोगियों के जांच की प्रक्रिया चलती रही। लाइव प्रदर्शन कर किया लोगों को जागरूक इस कैंप की विशेष बात यह रही कि इसमें हृदय रोग, त्वचा रोग और स्त्री रोगों के कारण, प्रभाव व उपचार को स्क्रीन पर लाइव दिखाया गया और रोगियों को समझाया गया कि मर्ज के शुरूआती दिनों पर ही उसका उपचार करना चाहिए नहीं तो बाद में रोग बढ़ता है और जिसे कंट्रोल करने में भी समय लगता है।
निवारक स्वास्थ्य जांच के लिए किया प्रेरित एमडी डा. गुणतास गिल ने रोगियों को निवारक जांच स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित किया।
डा. गुणतास गिल ने कहा कि निवारक जांच रोगियों के लिए फायदेमंद है क्योंकि इससे किसी भी बीमारी को लेकर सलाह और उसके उपचार को लेकर चर्चा की जाती और इससे मर्ज पनपने से पहले बेवजह बनने उत्पन्न होने वाली समस्याओं को समय से पहले पकड़ लिया जाता है।
पंचायतें निःशुल्क चिकित्सा शिविरों के प्रति दिखाएं रूचि आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा.एच.एस. गिल ने कहा कि पंचायतों को गांवों में निःशुल्क चिकित्सा शिविरों के प्रति रूचि दिखानी चाहिए। ताकि इससे वह अपने ग्रामीणों को स्वस्थ रखने की दिशा में सहयोग दे सकेंगे।



# आरोपितों को छोड़ने से गुस्साए परिजनों ने शव रखकर लगाया जाम

**हिसार।** नारनौंद क्षेत्र के गांव माजरा प्याऊ के पास मोठ रांगड़ान के निवासियों ने गांव के युवक अजय का शव रखकर रविवार को हांसी-चंडीगढ़ सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों की मांग की थी कि उसके हत्यारों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए। पुलिस के आश्वासन के बाद जाम को खोला गया। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। मोठ रांगरान निवासी अजय के परिजनों ने पुलिस को बताया कि शनिवार को अजय घर पर ही था।

# सी०सी०एच०आर०ओ० ने मातृ दिवस पर किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**क्राइम** कंट्रोल एंड ह्यूमन राइट्स के स्थापना दिवस पर लायंस ब्लड बैंक के सौजन्य से गोल्डन पेटल पब्लिक स्कूल सोनीपत में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें शिव नारायण सेवा समिति व रॉबीन हुड्डा आर्मी ने विशेष सहयोग दिया । जिसमें 52 यूनिट एकत्रित हुई ' इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि समाज सेवी मनीष राई ने रिबन काटकर शिविर की शुरूआत की बतौर विशिष्ठ अतिथि गोपाल आंतिल ब्लॉक पार्षद ने शिरकत की ' इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कटारिया , राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र मान, महासचिव संध्या सिंह, कोषाध्यक्ष शुभम कुमार, , मीडिया प्रभारी कपिल अनेजा, नरेश राठौड़, घनश्याम शर्मा, जिला प्रभारी प्रवीन खत्री, सोनू, शशि कपूर, मंजीत दहिया, सरिता पांचाल, प्रियंका राठी, स्कूल चैयरमैन अजय सैनी, राजेन्द्र सैनी ने की । रक्तदान के इच्छुक गोपाल अंतिल, लक्ष्मण कुकरेजा , राजीव, अजय शास्त्री, कुलदीप ठाकुर, विनोद राठौड़ अन्य रक्तदाताओं ने प्रशिक्षित चिकित्सकों के दिशा निर्देशन में रक्तदान में अपनी भागीदारी दी। नीजी स्कूल में आयोजित रक्तदान शिविर के समापन पर क्राइम कंट्रोल एंड ह्यूमन राईट्स ऑर्गेनाइजेशन एवं लायंस ब्लड बैंक के सभी सदस्यों का धन्यवाद देते हुए रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला।



# लेन ड्राईविंग के नियमों की उल्लघंना करने पर किए 49 चालान

## गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 49 भारी वाहनों के चालान किए

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला(मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज 13 मई 2023 को 49 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 373 दिनों में 17374 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निदेर्शों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिर्श्चित करने के लिए आज दिनांक 13 मई 2023 को यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 49 भारी वाहनों के चालान किए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# प्रदेशभर में नशा मुक्ति केंद्र खोलेंगे: सीएम

## संत-महात्माओं को भी ऐसे केंद्रों के संचालन का जिम्मा सौंपा जाएगा, ताकि वे युवाओं का मार्गदर्शन कर उन्हें जीवन में सही मार्ग पर लाएं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/सिरसा**

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल रविवार को सिरसा जिले के गांव चोरमार खेड़ा में जन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश से नशे की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। इसी दिशा में सरकार ने अब एक बड़ा कदम उठाते हुए यह निर्णय किया है कि प्रदेशभर में नशा मुक्ति केंद्र सरकार खोलेगी। इसके अलावा, संत-महात्माओं को भी ऐसे केंद्रों के संचालन का जिम्मा सौंपा जाएगा, ताकि वे युवाओं का मार्गदर्शन कर उन्हें जीवन में सही मार्ग पर लाएं।
मुख्यमंत्री ने संवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से आयुष्मान तथा चिरायु हरियाणा योजना के लाभ के बारे में पूछा। एक महिला ने बताया कि उनका आयुष्मान कार्ड बना हुआ है, लेकिन जब वे अपने बच्चे का इलाज करवाने गई तो डॉक्टर ने कहा कि बच्चे का कार्ड नहीं बना हुआ, इसलिए इलाज नहीं होगा। इस पर



मुख्यमंत्री ने सिरसा जिला के सीएमओ को निर्देश दिए कि मामले का पूरा संज्ञान लेकर जांच करें और यदि आयुष्मान कार्ड से संबंधित कोई दिक्कत है तो बच्चे का आयुष्मान कार्ड बनवा कर बच्चे का इलाज करवाया जाए। मनोहर लाल ने कहा कि आयुष्मान व चिरायु हरियाणा योजना के अंतर्गत हरियाणा के साढ़े 29 लाख परिवार कवर हो रहे हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने लगभग 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। उन्होंने बताया कि चोरमार खेड़ा में 69 लोगों ने आयुष्मान योजना के तहत लाभ लिया है, जिस पर लगभग 8 लाख रुपये का खर्च सरकार ने वहन किया है।
संवाद कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने स्कूल में नए कमरों का निर्माण न होने की शिकायत रखी, इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से कमरों के निर्माण के लिए 70 लाख रुपये की पहली किस्त जारी की जा चुकी है। जल्द ही कमरों का निर्माण किया जाएगा। मनोहर लाल ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जब तक नए कमरों का निर्माण नहीं हो जाता तब तक के लिए तुरंत 4 कमरों की अस्थाई रूप से व्यवस्था की जाए। एक विधवा महिला ने मुख्यमंत्री के समक्ष आवास न होने की समस्या रखी, इस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलवाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने डायल -112 पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। मनोहर लाल ने कहा कि हमारे कार्यकाल में मेरिट पर 1 लाख 4 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां मिली हैं। इसके अलावा, 65 हजार नौकरियां भी प्रक्रियाधीन हैं। इस प्रकार हमारे कार्यकाल में नौकरियों की संख्या 1 लाख 69 हजार हो जाएंगी।

## नशा तस्करों पर कार्रवाई के लिए डबवाली होगा नया पुलिस जिला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** में सिरसा जिला का उपमंडल डबवाली अब नया पुलिस जिला होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नशे की बुराई पर रोक तथा नशा तस्करों पर सख्ती के लिए आज यह घोषणा की। मुख्यमंत्री रविवार को डबवाली गांव में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पहुंचे और ग्रामीणों से संवाद किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ही डबवाली की अनाज मंडी को विस्तार देने के लिए साथ लगती हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की 6.8 एकड़ भूमि भी हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड को देने के लिए स्वीकृति प्रदान की। वहीं पन्नीवाला मोरिका की सरपंच द्वारा रखी गई गांव में अनाज की खरीद के लिए केंद्र बनाने की मांग पर भी मुख्यमंत्री ने परचेज सेंटर खोलने को मंजूरी प्रदान की।
जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जन समस्याएं भी सुनीं। जनसमस्याएं सुनने के साथ मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पहुंचे जनसमूह से वर्तमान सरकार की नीतियों के बारे में भी फीड बैक लिया। परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के माध्यम से अपने आप घर बैठे बन रही सामाजिक सुरक्षा पेंशन व राशन कार्ड की व्यवस्था तथा ग्रामीण विकास में पारदर्शिता लाने के लिए ई-टेंडर व्यवस्था का हाथ उठाकर समर्थन किया।

# 'कुछ लोग गलत मंशा से थर्ड पार्टी की मांगते है सूचना'

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**

हरियाणा के सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह ने कहा कि सूचना का अधिकार सबका है, लेकिन उस पर नियम बनाने की जरूरत है। कुछ लोग थर्ड पार्टी की सूचना मांगते है, वे इसलिए कि उनका मकसद ठीक नही होता है। इस दिशा में कानून बनाने की जरूरत है। सूचना आयुक्त ने कहा कि अधिकतर सूचना पंचायत व नगर निगम से संबंधित होती है। सामान्यतः देखने में आया है पहले इसकी आपस मे दोस्ती होती है, फिर किसी बात पर बिगडने पर आरटीआई के प्रयोग किया जाता है। वे रविवार को भिवानी में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के 66वें जन्मदिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर श्री कृष्ण कृपा परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि थे।
कार्यक्रम में जरूरमंदो महिलाओं को राशन वितरण किया गया। सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह ने कहा कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज का 66वां जन्मदिवस हैं तथा जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वामी ज्ञानानंद महाराज का एक ही ध्येय है कि जियो गीता। उन्होंने कहा कि गीता एक मात्र ही है, जिसमें सभी का हल हैं। किसी भी देश की समस्यां कहा हल गीता में ही है। डॉ. जगबीर सिंह ने कहा कि आज किसी भी देश का राष्ट्र अध्यक्ष आता है तो हमारे देश का राष्ट्र अध्यक्ष उन्हें गीता ही भेंट करते है। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. विनोद अंचल ने कहा कि आज स्वामी ज्ञानानंद का जन्मदिवस मनाया जा रहा है। इसी कडी में 14 मई को भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएंगा। कार्यक्रम में जरुरमंद महिलाओं को एक माह का राशन दिया गया है। उन्होंने रक्तदान शिविर पर बोलते हुए कहा कि कल होने वाले शिविर थैलेसीमियां के मरीजों को समर्पित है। इस दिन 6600 यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है।

# केयर हेल्थ के सीनियर हेल्थ एडवांटेज प्लान से अपनी मां को मन की शांति का उपहार दें

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़ ::**

**केयर** हेल्थ इंश्योरेंस में, हम बुजुर्गों द्वारा हमारे जीवन में निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका को गहराई से पहचानते हैं और उनका सम्मान करते हैं। वे यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी अपेक्षित ज़िम्मेदारी से ऊपर और परे जाते हैं कि उनके परिवार की जरूरतों का अच्छी तरह से ध्यान रखा जाए। इस मदर्स डे, हम आपसे आग्रह करते हैं कि आप अपनी मां को केयर हेल्थ इंश्योरेंस के सीनियर हेल्थ एडवांटेज का तोहफा देकर उनके प्यार और देखभाल का सम्मान करें, जो विशेष रूप से 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के

**▶▶ मां को केयर हेल्थ इंश्योरेंस के सीनियर हेल्थ एडवांटेज का तोहफा देकर उनके प्यार और देखभाल का सम्मान करें**

लिए बनाया गया है। केयर हेल्थ इंश्योरेंस द्वारा वरिष्ठ स्वास्थ्य लाभ सस्ती प्रीमियम पर व्यापक कवरेज प्रदान करता है और हमारे प्यारे बुजुर्गों की जरूरतों के अनुरूप बनाया गया है। पॉलिसीधारक सर्जिकल प्रक्रियाओं, गंभीर बीमारियों या पहले से मौजूद बीमारियों (पीईडी) के उपचार और यहां तक कि आयुर्वेद जैसे वैकल्पिक उपचारों का लाभ उठाने के लिए नियोजित अस्पताल में भर्ती होने के दौरान नेटवर्क अस्पतालों में कैशलेस क्लेम सेटलमेंट का लाभ उठा सकते हैं। यह उत्पाद कई अन्य लाभ भी प्रदान करता है, जिसमें पीईडी के लिए सिर्फ 2 साल की प्रतीक्षा अवधि और 50% तक का नो-क्लेम बोनस शामिल है। इनके अलावा, पॉलिसीधारकों को उनकी योजना के हिस्से के रूप में एक वार्षिक चेक-अप मिलता है जो उन्हें अपने स्वास्थ्य की स्थिति का आकलन करने में मदद करेगा और भविष्य में उत्पन्न होने वाली संभावित स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए तैयार रहेगा।

## भगवान परशुराम के जन्म महोत्सव समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया

**पानीपत:** मूनक ब्राह्मण धर्मशाला में श्री भगवान परशुराम जन्म महोत्सव समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सुबह विद्वानों के द्वारा हवन व मंत्र उच्चारण के द्वारा वातावरण को शुद्ध कर सभी देशवासियों के लिए भगवान से शुभकामनाएं कि प्रार्थना की। गांव में चारों तरफ ट्रैक्टर ,मोटरसाइकिल व पैदल भगवान परशुराम की प्रतिमा लेकर शोभायात्रा व झांकियां निकाली गई । युवाओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई । उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व स्पीकर हरियाणा सरकार कुलदीप शर्मा, सचिव जिले राम शर्मा व व ब्राह्मण सभा के जिला प्रधान सुरेंद्र शर्मा मौजूद रहे । कुलदीप शर्मा ने बताया कि हमें सभी संत महात्माओं के जीवन से सीखना चाहिए।

# नरवाना थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के गृह मंत्री अनिल विज ने रविवार को अंबाला से हिसार जाते हुए अचानक अपनी गाड़ी को रुकवाकर नरवाना सदर पुलिस थाने का औचक निरीक्षण किया। वहां पर विभिन्न कमियां व खामियां पाए जाने को लेकर थाने के एसएचओ समेत पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निलंबित किए गए कर्मचारियों में सदर पुलिस थाने के एसएचओ सब-इंस्पेक्टर बलवान सिंह, हेड-कांस्टेबल संदीप व रामनिवास, कांस्टेबल कुलदीप कुमार और रमन शामिल हैं। औचक निरीक्षण के उपरांत विज ने मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए



कहा कि पुलिस थाने में बहुत प्रकार की खामियां मिली हैं और किसी भी सीट पर लोगों का काम नहीं हो रहा है क्योंकि इन सीटों पर कई महीनों व सप्ताहों से लोगों के दस्तावेज लंबित चल रहे हैं। इसलिए आज एसएचओ समेत पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। विज ने आज जींद के पुलिस अधीक्षक को आदेश दिए कि थाने में आए हुए फरियादियों की फरियाद सुनें और उनका हल करने हेतु आगामी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि पासपोर्ट की वेरिफिकेशन के सीट से कई

**▶▶ विज ने मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस थाने में बहुत प्रकार की खामियां मिली हैं**

लोगों के आवेदन निरीक्षण के दौरान मिलें हैं और इन आवेदनों पर संबंधित पुलिस कर्मी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है, इसलिए इस सीट के कर्मी को निलंबित किया गया है। इसी प्रकार, ऑनलाइन टीटीएनएस में मुकदमा न दर्ज करने पर एक पुलिसकर्मी को निलंबित किया गया है क्योंकि टीटीएनएस पर मुकदमें पिछले 7 से 8 दिनों से नए अपलोड किए गए थे, जोकि लंबित चल रहे थे।

# मोटे अनाज की काश्त और खपत को प्रोत्साहित कर रही सरकार: जेपी दलाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**कृषि** एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल रविवार को उत्तराखंड के देहरादून में श्री अन्न महोत्सव 2023 के विषय पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को पोषक अनाज अंतरराष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित किया है। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा सरकार राज्य में मोटे अनाजों की काश्त और खपत को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कर रही




है। मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, भोजन, पोषण, चारा और आजीविका तथा गरीबी के खिलाफ हमारी लड़ाई में बाजरा पोषक-अनाज से अपार संभावनाएं हैं। यह गेहूं और चावल की तुलना में कम कार्बन अपशिष्ट के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद करता है। कृषि मंत्री ने कहा कि आज विश्व जब इंटरनेशनल मिलेट इयर मना रहा है, तो भारत इस अभियान की अगुवाई कर रहा है। इसी दिशा में उत्तराखंड सरकार की यह पहल श्री अन्न महोत्सव 2023 सराहनीय एवं प्रशंसनीय कदम है। उन्होंने कहा कि जब हम फूड सिक्योरिटी की बात करते हैं, तो हम जानते हैं कि आज दुनिया दोहरी चुनौतियों से जूझ रही है। एक तरफ दुनिया गरीबों की फूड सिक्योरिटी को लेकर चिंतित है तो दूसरी तरफ फूड हैबिट्स से जुड़ी बीमारियां एक बड़ी समस्या बनती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पैदावार के लिए भारी मात्रा में केमिकल इस्तेमाल हो रहा है लेकिन श्री अन्न ऐसी हर समस्या का भी समाधान देते हैं। ज्यादातर मिलेट्स को उगाना आसान होता है जैसे इसमें खर्च भी बहुत कम होता है, और दूसरी फसलों की तुलना में ये जल्दी तैयार भी हो जाता है। इनमें पोषण तो ज्यादा होता ही है, साथ ही स्वाद में भी विशिष्ट होते हैं। आज की फिटनेस पसंद युवा पीढ़ी अन्न को प्राथमिकता दे रही है।

# गठबंधन की प्रदेश सरकार का जाना तय: राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा

## गठबंधन 5100 रुपये पेंशन पर नहीं बल्कि हरियाणा में लूट की छूट पर हुआ था: सांसद दीपेन्द्र हुड्डा

**▶▶ बीजेपी-जेजेपी ने हरियाणा को विकास की पटरी से उतार दिया और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया**

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने शनिवार देर रात को जिला यमुनानगर में आईटीआई के नजदीक आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर राजन शर्मा के निवास स्थान पर हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। सांसद दीपेन्द्र ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी-जेजेपी ने हरियाणा को विकास की पटरी से उतार दिया और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। हरियाणा में कितने प्रतिशत भ्रष्टाचार है इसका अंदाजा लगाना ही मुश्किल है। हरियाणा में भ्रष्टाचार का डबल इंजन है। उन्होंने कहा कि गठबंधन 5100 रुपये पेंशन पर नहीं बल्कि हरियाणा में लूट की छूट पर हुआ था। खुद मुख्यमंत्री ने कहा कि बुजुर्गों को 5100 रुपये की पेंशन देने की कोई बात ही नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि झूठ, लूट और



फूट की बुनियाद पर खड़ी हरियाणा की भाजपा-जजपा सरकार के जाने का वक्त नजदीक आ गया है। उन्होंने कहा कि जो हरियाणा विकास में गरीबों की कल्याणकारी योजनाओं में नंबर 1 पर माना जाता था, वो विकास में पिछड़कर 19वें स्थान पर पहुंच गया बेरोजगारी में नंबर 1 पर पहुंच गया।आज प्रदेश की जनता अपने आपको ठगा हुआ मान रही है।
जबकि चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा 10 साल मुख्यमंत्री रहे लेकिन कोई भी वायदा ऐसा नहीं किया जो पूरा न किया हो। हरियाणा की जनता ने बीजेपी-जेजेपी सरकार से मुक्ति पाने का फैसला ले लिया है। दीपेन्द्र हुड्डा ने हाथ से हाथ जोड़ो के संकल्प दोहराते हुए कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो यानी हरियाणा के हर भाई को प्रेम की डोर से जोड़ो और बीजेपी का घमंड तोड़ो। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने पर हर परिवार को 300 यूनिट फ्री बिजली, खिलाड़ियों को पदक लाओं पद पाओ, हर गृहणी को 500 रुपये में घरेलू गैस सिलेंडर आदि सुविधाएं दी जाएंगी। इस अवसर पर विधायक बी.एल.सैनी, विधायक वरुण चौधरी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नेता व कार्यकर्ता शामिल रहें।

# 'अब हर जनसंवाद कार्यक्रम में सवाल पूछेंगे आप कार्यकर्ता'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**आम आदमी** पार्टी के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने डबवाली में हुए मुख्यमंत्री खट्टर द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम में शांतिपूर्वक सवाल पूछ रहे आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता की पिटाई करने की बात कहने पर निंदा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खट्टर शिष्टाचार भूल चुके हैं। ऐसी बातें बोलना किसी मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता। उन्होंने गांव खैरका में किसानों पर हुए लाठीचार्ज और आशा वर्कर्स की गिरफ्तारी की भी कड़े शब्दों में निंदा की। आप प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता कुलदीप गदराना शांतिपूर्ण नशे को लेकर सवाल पूछ रहे थे। मुख्यमंत्री खट्टर ने उनको आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता बोलकर पिटाई करने की बात कही। उन्होंने मुख्यमंत्री खट्टर को चेतावनी देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के हर जनसंवाद कार्यक्रम में जनता से जुड़े सवाल पूछेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खट्टर पूरे प्रदेश के मुख्यमंत्री है।

# गाड़ी बेचने के लिए ओएलएक्स पर डाली तो धोखे का शिकार हो गया

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

**जुलानी** गांव निवासी युवक ने अपनी रिट्ज गाड़ी बेचने के लिए ओएलएक्स पर डाली तो वह धोखे का शिकार हो गया। ओएलएक्स के विज्ञापन को देखकर एक युवक गाड़ी खरीदने पहुंचा और 2.78 लाख रुपए में सौदा कर गाड़ी ले गया। बाद में आरोपी ने पेमेंट देने से मना कर दिया और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। शहर थाना पुलिस ने रविवार को पीड़ित की शिकायत दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस को दी शिकायत में गांव जुलानी निवासी संदीप ने बताया कि उसने अपने मारुति रिट्ज गाड़ी बेचने के लिए

**▶▶ ओएलएक्स के विज्ञापन को देखकर एक युवक गाड़ी खरीदने पहुंचा और 2.78 लाख रुपए में सौदा कर गाड़ी ले गया**

ओएलएक्स पर डाली थी। यह गाड़ी योगेश पुत्र अजीत निवी गोच्छी, जिला झज्जर के नाम थी। उसने अपनी गाड़ी बेचने के इरादे से इसके फोटो ओएलएक्स पर डाल दिए। उसके बाद गांव डोहाना खेड़ा निवासी विक्की पुत्र शमशेर का उसके पास फोन आया और उसने गाड़ी लेने की इच्छा जाहिर की। उसने गाड़ी पसंद कर इसका सौदा 2 लाख 78 हजार रुपए में तय किया। विक्की ने यह भी बताया कि गाड़ी का लोन योगेश के नाम है। जब तक लोन क्लीयर होने के बाद एनओसी नहीं मिल जाती, तब तक गाड़ी किसी दूसरे व्यक्ति के नाम नहीं हो सकती। उसने विक्की की बातों में आकर गाड़ी दे दी। विक्की उससे गाड़ी लेकर पुराने मालिक योगेश के पास गया और उसे फर्जी रसीद दिखाते हुए कहा कि उसने गाड़ी संदीप को पूरी पेमेंट कर खरीद ली है, जिसके बाद योगेश से गाड़ी ट्रांसफर करवाने के लिए दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। विक्की द्वारा दिए गए चेक को लगाया, लेकिन खाते में राशि नहीं होने के कारण यह चेक बाउंस हो गया।

# प्लॉट बेचने के नाम पर विधवा महिला से 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

**गांव** नरड़ के रहने वाले एक व्यक्ति ने कैथल की एक विधवा महिला को प्लाट बेचने के लिए 20 लाख रुपये तो ले लिए लेकिन उसके नाम रजिस्ट्री नहीं करवाई। रजिस्ट्री करवाने के लिए महिला ने बार-बार दबाव डाला तो उसे पता चला कि प्लाट बेचने वाले के नाम उसकी रजिस्ट्री ही नहीं है। उसने कई बार पुलिस में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंत में उसने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फरियाद की। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर सिविल लाइन पुलिस ने गांव नरड़ निवासी कर्मबीर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। महिला का आरोप है कि धोखाधड़ी करने के बाद जबरदस्ती कर्मबीर ने उसके साथ नाजायज संबंध भी बनाए। कैथल की रहने वाली महिला ने सिविल लाइन थाना में दर्ज करवाए गए मामले में कहा है कि उसने एक प्लॉट पट्टी गादड़ कैथल में गांव नरड़ निवासी कर्मबीर से खरीदा था। 18 दिसंबर 2014 को यह प्लॉट 22 लाख 54 हजार 800 रुपये में उसने खरीद किया था। उसने कर्मबीर को 20 लाख रुपये नकद दे दिए थे और प्लॉट की रजिस्ट्री 18 मई 2015 को मुकर्रर हुई थी। उसके बाद भी कर्मबीर ने उक्त प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं करवाई। कर्मबीर को बार-बार कहा, लेकिन वह नहीं माना और टालता रहा। जबकि प्लॉट की मलकियत कर्मबीर की नहीं है। उसने बहकावे में आकर प्लॉट खरीद लिया। उसने आरोपित को कई बार कहा कि या तो उसके पैसे दे दे या फिर प्लॉट की रजिस्ट्री करवा दे। अभी तक उसने न तो पैसे दिए हैं और न ही प्लॉट की रजिस्ट्री करवाई है।

# कैथल में विदेश भेजने के नाम पर ठगी के मामले बढ़े

## एसपी ने कहा ठगी होने के बाद तुरंत करें पुलिस को सूचित

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

**जिला** कैथल में विदेश जाने का क्रेज बढ़ने के कारण हर दिन विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी के मामले सामने आ रहे हैं। रविवार को अकेले पुंडरी थाना में विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी के तीन मामले दर्ज किए गए। इसी तरह कैथल में भी विदेश भेजने के नाम पर ठगी का एक मामला सामने आया है। एक ही दिन में विदेश भेजने के नाम पर 4 मामले दर्ज होने से अंदाजा लगाया जा सकता है कि लोग विदेश जाने की फिराक में किस तरह धन बर्बाद कर रहे हैं। जिला कैथल में पिछले एक साल में 46 मामले विदेश भेजने के नाम पर




ठगी के दर्ज किए जा चुके हैं।

**दो युवकों से अमेरिका भेजने के नाम पर 68 लाख 74 हजार रुपये की ठगी:** गांव करोड़ा निवासी सुरता ने पुंडरी थाना में एफ आई आर दर्ज करवाई है कि उसकी साल 2018 से रमेश के साथ जान पहचान थी। फरवरी 2021 में रमेश ने कहा कि वह उसके बेटे भूपेंद्र को अमेरिका भेज देगा।इसके लिए 42 लाख रुपये लगेंगे। उसकी बातों में आकर उसने अपने बेटे भूपेंद्र और पड़ोसी राजेश को अमेरिका भेजने को लेकर 80 लाख रुपये में बात

**▶▶ रविवार को अकेले पुंडरी थाना में विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी के तीन मामले दर्ज किए गए**

पक्की की थी। आरोपित के कहने पर उन्होंने छह हजार अमेरिकन डालर खरीद लिए थे। अलग-अलग तारीख में आरोपितों को भी करीब 20 लाख रुपये दे दिए थे। 27 अक्टूबर 2021 को भूपेंद्र और राजेश को दिल्ली से कोलकाता ले गए। कोलकाता होटल में उन्हें बंधक बना लिया। कनपटी पर बंदूक रखकर कहलवाया गया कि वे अमेरिका पहुंच गए हैं। पांच दिन बाद आरोपित उनके गांव आए और वहां से 40 लाख रुपये उनसे लेकर चले गए। दस नवंबर को भूपेंद्र ने कहीं से फोन करके बताया कि उनका अपहरण किया गया है और बंधक बनाया हुआ है। वहां से दोनों किसी तरह से भागकर वापस गांव आ गए।
उसके बाद वे आरोपितों के पास गए तो उन्होंने दोबारा से विदेश भेजने के नाम पर करीब साढ़े आठ लाख रुपये ले लिए। सितंबर 2022 में भूपेंद्र को दिल्ली से मुंबई, मुंबई से श्रीलंका और श्रीलंका से इंडोनेशिया भेज दिया। वहां उसके साथ मारपीट की गई और 24 मार्च 2023 को उसे वापस भारत भेज दिया गया।

## न्यूज फ्लैश

### सफाई कर्मचारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं : आजाद सिंह



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन आजाद सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दलित समाज को सबसे अधिक सम्मान दिया है। हरियाणा पहला राज्य है, जहां सफाई कर्मचारियों को समाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है। हरियाणा में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग वाल्मीकि समाज के जीवन को अपग्रेड करने की दिशा में अग्रसर है। वाल्मीकि समाज को प्रदेश सरकार ने आठ सालों में जितना कुछ दिया है, उतना पिछले साठ सालों में नहीं मिला है। आजाद सिंह आज गांव चूरनी में वाल्मीकि समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थे। गांव के लोगों ने आजाद सिंह का अभिनंदन किया। गांव वालों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्मबीर सिंह ने की। कार्यक्रम में डा. साहिब सिंह ने सफाई कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक शोषण ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। इस पर आजाद सिंह ने कहा कि सफाई कर्मचारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी आयोग के संज्ञान में जो मामला आएगा, उस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में आजाद सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आजाद सिंह ने सफाई कर्मचारी आयोग उठाए गए कदमों की जानकारी दी। इस अवसर पर अमन, कमल कुमार, सागर, राकेश, राज सिंह, सुनील, पालाराम, राज सिंह, विजयपाल, मैन पाल, किरण देवी, ममता देवी, शीना देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।


**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला (मनीष)**
**(मो. नं. : 9896772006)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
**(मो. नं. : 9466035040)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
**(मो. नं. : 98962 76156)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
**(मो. नं. : 94668 87896)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
**(मो. नं. : 9991270143)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
**(मो. नं. : 98117 14343)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला (मैनपाल)**
**(मो. नं. : 9671232478)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
**(मो. नं. : 94162 71181)**


# 'कर्नाटक में विजय यात्रा के बाद कांग्रेस देश में सरकार बनाने की तरफ अग्रसर'

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर मनाई जीत की खुशी

**▶▶कर्नाटक में जीत के साथ कांग्रेस की विजय यात्रा शुरू हुई है। इसका अवसान हरियाणा में कांग्रेस की सरकार के साथ होगा**




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **कर्नाटक** में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत पर करनाल में उत्सव मनाया गया। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव नाहर सिंह संधू ने कहा है कि कर्नाटक में जीत के साथ कांग्रेस की विजय यात्रा शुरू हुई है। इसका अवसान हरियाणा में कांग्रेस की सरकार के साथ होगा। उन्होने कहा कि इस जीत के असली सूत्रधार कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला है। उनकी कड़ी मेहनत और चुनावी रणनीति ने कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पूर्व मंत्री रणदीप सुरजेवाला ने कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के मार्गदर्शन में कांग्रेस के सभी नेताओं को साथ में लेकर चुनाव लड़ा, उसके कारण ही जीत हुई है। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि चौक पर विजय जुलूस निकाला गया। लोगों को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर अशोक काम्बोज, रजनीश काम्बोज, बलकार सरपंच, सुनेहरा वाल्मीकि, भरत वत्स, रजनीश नंबदार, महेंद्र कमालपुर, पूर्व एमसी मेघराज, सतपाल, विकास संधू आदि उपस्थित रहे।

## 'खिलाड़ियों को अनुशासन पर विशेष ध्यान देना चाहिए'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला पेंचक सिलात एसोसिएशन द्वारा जुंडला स्थित प्रताप पब्लिक स्कूल में चौथी जिला स्तरीय पेंचक सिलात चैंपियनशिप आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में मुख्य तौर पर प्रताप पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर प्रतीक भाटिया ने पहुंचकर खिलाडि?ों की हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि बच्चों को खेलों की तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए। खेलों से न सिर्फ शरीर का विकास होता है, बल्कि मानसिक तौर से भी व्यक्ति स्वस्थ रहता है। साथ ही खेलों में भाग लेकर युवा अपना एक बेहतर भविष्य बना सकते हैं। खिलाडि?ों को खेल खेलते समय अनुशासन का विशेष ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर जिला पेंचक सिलात एसोसिएशन के प्रधान दीपचंद राणा, महासचिव अमरजीत लाठर, कोच तनुज कुमार, कोच शशिकांत, वरुण शर्मा, सोनी विर्क व पहलवान तेजपाल सहित अन्य मौजूद रहे।

## 'आधुनिक युग में भी विदेशी लोग समझ रहे हैं योग का महत्व'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** भारत को स्वस्थ करने के मिशन के बाद योग गुरु दिनेश गुलाटी ने स्वस्थ विश्व के अंतर्गत इंडोनेशिया के जकार्ता शहर में योग का डंका बजाया। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों में भी भारतीय योग का दबदबा रहा। आधुनिक युग में भी विदेशी लोग योग का महत्व समझ रहे हैं और शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक विकास के लिए योग को एक प्रभावकारी चिकित्सा पद्धति के रूप में स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग न केवल ध्यान या शारीरिक क्रियाएं हैं, अपितु विभिन्न तरह की भावनात्मक और शारीरिक कठिनाइयों से गुजर रहे व्यक्ति के लिए योग महत्वपूर्ण है।

## जनहित सोसाइटी ने चलाई ट्री गार्ड फ्री ट्री मुहिम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **लक्ष्य** जनहित सोसाइटी की ट्री गार्ड फ्री ट्री मुहिम ओल्ड हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-13 में चलाई गई, जिसमें बुरी तरह फंसे हुए पेड़ों को आजाद करवाया गया।
मुहिम में पार्षद वीर विक्रम ने शिरकत करते हुए ग्राइंडर चलाकर पेड़ को आजाद किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य जनहित सोसाइटी के फाउंडर और इस मुहिम के प्रणेता दिनेश बक्शी व उनकी टीम द्वारा ये कार्य करके पर्यावरण की रक्षा की जा रही है, जो काबिले तारीफ है।
सोसाइटी के फाउंडर दिनेश बक्शी ने कहा कि ये मुहिम 1 जुलाई 2021 को फूसगढ़ रोड से



शुरू की गई थी और आज ये इंद्री, नीलोखेड़ी, तरावड़ी, कुरुक्षेत्र, भिवानी तक पहुंच गई हैं। दिनेश बक्शी ने कहा कि राजेश शर्मा द्वारा एफबी पे डाली गई एक पोस्ट को देखकर इस मुहिम को शुरू किया गया था, जो अब तक लोगों व सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से जारी है। इस मुहिम में आज तक किसी भी सरकारी अफसर या कर्यालय द्वारा कोई मदद नहीं की गई। उन्होंने मीडिया का आभार जताया कि इस मुहिम को जन-जन तक पहुंचाया। सोसाइटी के महासचिव अमित सचदेवा ने सभी साथियों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस मुहिम में ब्लेड, कटर, वायर का सहयोग किया। आज की मुहिम में अमित सचदेवा, सतीश पांचाल, वासुदेव गौतम, विवेक शर्मा के साथ सेक्टर-13 की मातृशक्ति उपस्थित रही।

## करनाल हार्डवेयर एंड मैल्यूफैक्चर्स एसोसिएशन ने उठाया जीएसटी का मुद्दा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** करनाल हार्डवेयर एंड मैन्यूफेक्चर्स एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रधान राजेंद्र छाबड़ा ने पुराने कार्यों का लेखा-जोख प्रस्तुत किया और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी और पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया। इनमें प्रधान राजेंद्र छाबड़ा, सचिव प्रवीन गर्ग, कोषाध्यक्ष रोशन कंसल और एडवाइजर विपिन आहूजा शामिल रहे। प्रधान राजेंद्र छाबड़ा ने कहा कि वह सभी को



साथ लेकर चलेंगे। सदस्यों ने नए पदाधिकारियों का स्वागत किया। सचिव प्रवीण गर्ग ने कहा कि ऐसोसिएशन द्वारा समय-समय पर समास्याओं को सरकार के समक्ष उठाया जाता रहेगा। बैठक में जीएसटी को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि कई वस्तुओं पर जीएसटी कम करने से उन्हें राहत मिलेगी।

## करनाल में रविवार को नहीं मिला कोरोना का कोई नया केस

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **सिविल सर्जन** डॉ.योगेश कुमार ने बताया कि रविवार को जिला में कोरोना का कोई नया पॉजिटिव केस नहीं मिला है, जबकि 7 व्यक्ति ठीक हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 1090689 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 67 सैंपल लिए गए। लिए गए कुल सैंपलों में से अब तक 50726 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 50106 मरीज ठीक हो गए हैं। जिला में अब कोरोना वायरस के 16 एक्टिव पॉजिटिव केस हैं।

## रक्तदान शिविर में हुए 80 यूनिट एकत्रित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
भारत विकास परिषद महर्षि दयानंद शाखा अम्बाला शहर द्वारा संरक्षक प्रदीप गोयल, सह संरक्षक दीपक राय आनंद एवं विवेक गुप्ता के मार्गदर्शन में अध्यक्ष अजय अग्रवाल की अध्यक्षता में शहर? के पंचायत भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संयोजक भारती खन्ना ने बताया कि यह शिविर वरिष्ठ सदस्य सीए अमित गुप्ता व परिवार द्वारा अपने पिता स्व० चमन लाल गुप्ता की पुण्य स्मृति में लगाया गया ।
शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल एवं विशिष्ट अतिथि भारत विकास परिषद हरियाणा उत्तर की प्रांतीय महिला एवं बाल विकास संयोजिका डॉ अंजलि भारती ने दीप प्रज्वलन कर किया । शाखा द्वारा अतिथि गण का सादगी के साथ स्वागत किया गया। मंच संचालन अंकुर गोयल ने किया । विधायक असीम गोयल ने शाखा द्वारा किए इस पुण्य कार्य की भरसक सराहना की । उन्होंने रक्तदाताओं को बैच लगाकर व प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह देकर उनका उत्साहवर्धन किया। डॉ अंजलि भारती ने महर्षि दयानंद शाखा को प्रांतीय स्तर की बेहतरीन शाखाओं में से एक कहते हुए सेवा कार्यों की प्रशंसा की । सचिव राकेश मक्कड़ ने बताया कि इस शिविर का आयोजन जिला रेडक्रास सोसायटी एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया जिसमें सीएमओ डॉ कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन में अम्बाला छावनी अस्पताल की ब्लड बैंक टीम ने अपनी सेवाएं देते हुए 80 यूनिट रक्त एकत्रित किया।
शिविर में 110 से अधिक ने अपना पंजीकरण कराया परंतु 30 का रक्त अस्वीकार कर दिया गया।

## छावनी में हरियाणा फुटबाल संघ की हुई मीटिंग

**▶▶हरियाणा फुटबाल संघ द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों का विस्तार पूर्वक वर्णन सभी को बताया**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
जिला फुटबाल संघ अम्बाला की देखरेख में हरियाणा फुटबाल संघ की मीटिंग रखी गई जोकि सुभाष पार्क स्थित बोट हाउस अम्बाला में हुई। सूरज पाल अम्मू प्रधान हरियाणा फुटबाल संघ एवम् ललित चौधरी सचिव हरियाणा फुटबाल संघ की अध्यक्षता में शुरू हुई। जिसमें पूरे हरियाणा के विभिन्न जिलों के प्रधान, सचिव एवम् अन्य सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें सबसे पहले जिला फुटबाल संघ के प्रधान बी एस बिन्द्रा ने सभी आए हुए साथियों का मीटिंग के लिए अम्बाला पहुंचने पर हार्दिक स्वागत किया। उसके बाद अध्यक्ष सूरज पाल अम्मू ने हरियाणा फुटबाल संघ द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रतियोगिताओं के बारे में सबको अवगत करवाया। श्री अम्मू जी ने हरियाणा फुटबाल संघ द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों का विस्तार पूर्वक वर्णन सभी को बताया व हर जिला को अपने जिलों में हर साल विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाने के लिए कहा। श्री अम्मू जी ने अब तक हरियाणा फुटबाल संघ द्वारा की गई गतिविधियों व आने वाले समय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। सभी उपस्थित सदस्यों से ये कहा गया कि हरियाणा की विभिन्न वर्गो की प्रतियोगिताओं का कलैण्डर हरियाणा फुटबाल संघ द्वारा शीघ्र ही जारी कर दिया जाएगा और अलग अलग जिलों में अलग अलग प्रतियोगिताएं करवाने का कार्यक्रम जारी कर दिया जाएगा। हरियाणा फुटबाल संघ के सचिव श्री ललित चौधरी जी ने हरियाणा की विभिन्न टीमों द्वारा राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उपलब्धियों के बारे में सभी को बताया व सभी से हरियाणा की फुटबाल को और ऊँचे स्तर पर पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने इस उपलब्धियों के हेतु जिन भी कोचिस व जिला संघ के अधिकारियों का इसमें सहयोग रहा है उन सभी का हरियाणा फुटबाल संघ के तरफ से धन्यवाद किया। हरियाणा फुटबाल संघ के खजांची श्री संजीव वालिया जी ने सभी को सम्बोधित करते हुए सभी से हरियाणा की फुटबाल को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचने के लिए कड़े परिश्रम करने का सुझाव दिया। श्री वालिया ने सभी जिले संघों को बताया कि अब हम विभिन्न एकेडिमयों व क्लबों को हरियाणा फुटबाल संघ से मान्यता देने के लिए एक कार्यक्रम चला रहे हैं।

## फार्मासिस्ट सुसाइड मामले को लेकर पुलिसिया कार्यवाही संदेह के घेरे में

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शहर थाना पुलिस ने नागरिक अस्पताल में सुसाईड करने वाले फार्मासिस्ट अशोक की पत्नी की शिकायत पर एसएचओ सहित सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया हैं। पुलिस को दी शिकायत में गांव खेड़ा निवासी मंजेशलता ने बताया कि उसके पति का जगमाल के साथ जमीनी विवाद को लेकर झगड़ा हो गया था।
जिसकी 28 अप्रैल को सदर थाना में मामला भी दर्ज हैं। लेकिन पुलिस ने काई कार्रवाई नहीं की। उल्टा उनके पति अशोक के खिलाफ 2 मई को दो झूठे केस दर्ज कर दिए तथा आरोपियों ने पुलिस के साथ मिलकर उनके पति को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोपी उनके घर आकर उन्हें जान से मारने की घमकी देने लगे। जब उनके पति जांच में शामिल होने आए तो एसएचओ संतोष कुमार व जांच अधिकारी रणबीर ने बिना कागज दिखाए उनके पति से हस्ताक्षर करा लिए तथा उनके पति कागज पढ़ने की बता की तो उनके साथ पुलिस ने मारपीट शुरू की दी तथा बुरी तरह से जलील किया। एसएचओ तथा जांच अधिकारी उनके पति पर लगातार समझौता करने का दवाब बना रहे थे।

## बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए भाजपा की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल ।** भाजपा मंडल अध्यक्षों की बैठक रविवार को बीजेपी कार्यालय हुड्डा में आयोजित की गई। बैठक में संगठन से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा के साथ आने वाले दिनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ने की। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट राकेश शर्मा, महामंत्री लख्मी चंद चौहान, जिला विस्तारक शैलेंद्र चौहान विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी मंडल अध्यक्षों ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष व पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा एडवोकेट का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते



हुए ज़िला अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय और प्रदेश आलाकमान द्वारा संगठन को लेकर दिए गए सभी कार्यक्रमों को लागू करने के लिए हमें गंभीरता से काम करना है। उन्होनें कहा कि जिला से लेकर शक्ति केन्द्र स्तर तक संगठन को सक्रिय करना है। उन्होंने संगठन के कार्यक्रमों को लेकर कहा कि संगठन का काम सामूहिक जिम्मेदारी का काम है और इसे किसी एक पदाधिकारी के भरोसे नहीं किया जा सकता है।
उन्होंने कहा कि हम सबकों अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी चुनाव में जीत हासिल करने में बूथ स्तरीय कार्यकताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी पूरी करने के लिए कुछ माह का समय ही शेष रह गया है और इसलिए हम सबको बूथ स्तर और पन्ना प्रमुख तक कार्यकताओं को सक्रिय करने की दिशा में बहुत तेजी से काम करना होगा। इस मौके पर सभी जिला प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मौजूद रहे।

## संपादकीय

# सुरक्षित भारत, शक्तिशाली भारत

**किसी** विचारक का कहना है कि तुम्हारा अच्छे से अच्छा सिद्धांत व्यर्थ है, अगर तुम उसे अमल में नहीं लाते। हमारी सुरक्षा चिंताओं से संबंधित कानूनों की भी एक दशक पहले तक यही स्थिति रही है। वर्ष 1947 में तैयार राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति को अभी तक ठीक से परिभाषित नहीं किया जा सका है, वहीं राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 सुरक्षा से ज्यादा राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ इस्तेमाल के लिए ज्यादा जाना जाता रहा है। देश को भीतरी-बाहरी खतरों से सुरक्षित रखने के लिए बने ऐसे तमाम कानून कभी उन उद्देश्यों की पूर्ति में सफल नहीं हो पाए, जिनके लिए उनका निर्माण किया गया था। इसके पीछे ईमानदार प्रयासों की कमी रही हो या इच्छाशक्ति की, या फिर दोनों की, देश ने आजादी के बाद के छह दशकों में बहुत कुछ सहा है। सीमाओं के भीतर भी और सीमाओं पर भी। एक दशक पहले, जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार सत्ता में आई, तो कुछ ही समय बाद उसने दिखा दिया कि वह देश की सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई देने के मूड में नहीं है। इस क्रम में वर्ष 2018 में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की अध्यक्षता में शीर्ष स्तरीय रक्षा योजना समिति (डीपीसी) का गठन एक अच्छी शुरूआत रही है। इसे राष्ट्रीय सुरक्षा नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति बनाने के लिए गठित किया गया था। भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के अलावा डीपीसी के प्रमुख उद्देश्यों में क्षमता संवर्द्धन योजना का विकास, रक्षा रणनीति से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर काम करना और भारत में रक्षा उत्पादन और ईको सिस्टम को उन्नत बनाना आदि शामिल हैं। एक राष्ट्र का सम्मान, प्रभुत्व और शक्ति इसमें निहित है कि वह भीतरी और बाहरी चुनौतियों से निपटने में कितना सक्षम है और किसी भी संभावित खतरे से कितना सुरक्षित है। महान कूटनीतिज्ञ चाणक्य ने एक राष्ट्र की सम्प्रभुता के लिए खतरा साबित होने वाली इन चुनौतियों की चार श्रेणियां निर्धारित की थीं। भीतरी खतरे, बाहरी खतरे, बाहरी सहायता से पनपने वाले भीतरी खतरे और भीतर से सहायता पाकर मजबूत होने वाले बाहरी खतरे। लगभग यही खतरे आज भी नक्सलवाद, अलगाववाद, सीमा पर चलने वाली चीन-पाकिस्तान की गतिविधियों, आतंकवाद, स्लीपर सेल आदि के रूप में सिर उठाते रहते हैं। नए दौर में इनके अलावा भी और कई सुरक्षा चुनौतियां हैं, जो परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हैं। इनमें आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा, साइबर सुरक्षा जैसे और भी कई मुद्दे शामिल हो चुके हैं, जिनके तार भीतर ही भीतर एक-दूसरे से जुड़े हैं। लेकिन, दैवयोग से वर्ष 2014 में भारत के राजनीतिक परिदृश्य में एक जबरदस्त बदलाव हुआ और देश को एक मजबूत इरादों वाली मजबूत सरकार मिली, जिसका नेतृत्व 21वीं सदी के विश्व के सबसे शक्तिशाली नेताओं में से एक नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। और फिर राष्ट्रीय सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में देश में चीजें तेजी से बदलना शुरू हुईं। प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और अथक प्रयासों के नतीजे हम लगभग हर क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तनों के रूप में देख रहे हैं। अगर हम एक दशक पहले की परिस्थितियों से तुलना करें तो आज भारत की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता को चुनौती देने वाले तमाम तत्व निःशक्त और सहमे-सहमे से नजर आते हैं।

# क्या असर होगा 2024 के लोकसभा चुनाव पर ?

सुनील कुमार महला

> “चुनाव विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा को कर्नाटक में जितनी सीटें मिलीं हैं, वो प्रधानमंत्री मोदी और पार्टी की छवि की वजह से ही मिल पाई हैं। विश्लेषकों के मुताबिक, राज्य में सत्ता विरोधी लहर का भाजपा को खामियाजा भुगतना पड़ा है। इसका सबसे बड़ा नुकसान मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को होगा। उन्हें निश्चित तौर पर इस हार का जिम्मेदार ठहराया जा रहा हैं । यह भी है कि भाजपा को कर्नाटक की हार से दोहरा झटका लग सकता है। पहला, दक्षिण भारतीय राज्यों में धीरे-धीरे बढ़ रही पार्टी की पैठ को झटका लग सकता है। वहीं, कांग्रेसमुक्त भारत का सपना भी कुछ हद तक बिखर सकता है। एक धड़ा ऐसा भी है, जिसका मानना है कि कर्नाटक की हार से प्रधानमंत्री मोदी की करिश्माई छवि को इससे नुकसान हो सकता है।”

**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव 2023 के रिजल्ट से नई विधानसभा की तस्वीर साफ हो गई है। स्पष्ट तौर पर कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी कर चुकी है। साफ है कि कर्नाटक में मतदाताओं ने पिछले 35 साल की परंपरा को कायम रखा है, जिसके तहत वे हर बार सरकार बदल देते हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए कर्नाटक चुनाव काफी अहम माना जा रहा था। दरअसल, भाजपा दक्षिण में अकेले कर्नाटक की सत्ता पर ही काबिज होने में सफल हो पाई थी। भाजपा को उम्मीद रही थी कि अगर कर्नाटक की सत्ता उसके हाथ में रहे तो ज्यादातर दक्षिण भारतीय राज्यों में पार्टी अपनी पैठ बना सकती है। चुनाव परिणामों से समझने की कोशिश करें कि क्या कर्नाटक में बड़ी जीत से कांग्रेस को संजीवनी मिलेगी या नहीं इस हार से भाजपा को क्या नुकसान होंगे राजनीतिक दलों को हुए नफा-नुकसान से पहले ये समझना जरुरी हैं कि उनकी तरफ से चुनाव प्रचार के दौरान किए गए वादों तथा उछाले गए मुद्दों का मतदाताओं पर क्या और कितना असर हुआ कर्नाटक में चुनाव प्रचार की शुरूआत में तो लोगों से जुड़े मुद्दे शामिल रहे। लेकिन, बाद में कर्नाटक चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना जहरीले सांप से की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने उन्हें हिटलर स्टालिन तक बता डाला। भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी पर की जा रहीं इन अभद्र टिप्पणियों का फायदा लेने की भी कोशिश की। फिर अचानक कर्नाटक की हर रैली में बजरंगबली का जिक्र होने लगा। कांग्रेस ने बजरंग दल पर बैन लगाने का वादा किया तो भाजपा ने इसे मुद्दा बनाकर सियासी दौड़ में आगे निकलने की कोशिश की। अब नतीजों से साफ है कि भाजपा को इसका फायदा नहीं हुआ, बल्कि कांग्रेस को मुस्लिम मतदाताओं को खींचने में सफलता मिल गई। वहीं, भाजपा ने राज्य में मुस्लिमों को दिया जा रहा 4 फीसदी आरक्षण खत्म कर लिंगायत व वोक्कालिगा समुदाय को बराबर हिस्सों में बांटकर देने का वादा किया था। इसका भाजपा को कोई फायदा नहीं मिला। वहीं, कांग्रेस को हर परिवार की एक महिला को 2000 रुपये हर महीने और बेरोजगार युवाओं को 3000 रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने के वादे से फायदा मिला। कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 के प्रचार के लिए भाजपा और कांग्रेस की ओर से पूरा दमखम दिखाया गया। भाजपा की तरफ से जहां प्रधानमंत्री मोदी ने जमकर रैलियां कीं तो कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे खूब सक्रिय रहे। यहां यह बताना जरूरी है जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में अपने आप को गुजरात का बेटा बता कर लोगों की सहानुभूति हासिल की उसी प्रकार कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी अपने आप को कर्नाटक का बेटा बता कर सहानुभूति हासिल की । गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने तो चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में ही 22 रैलियां कीं। राज्य में भाजपा और कांग्रेस की लड़ाई के बीच जेडीएस हर बार अपनी जगह बनाती रही है। लेकिन, इस बार पूर्व प्रधानमंत्री एसडी देवगौड़ा की पार्टी जनता दल सेक्युलर अपने अंदरूनी कलहों से ही नहीं निपट पाई और उसे इसका नुकसान भी उठाना पड़ा है। पार्टी के कमजोर पड़ने से कर्नाटक विधानसभा चुनाव कांग्रेस बनाम भाजपा होकर रह गया। कांग्रेस कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 में बड़ी जीत का श्रेय वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को दे रही हैं , क्योंकि ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ल के दौरान उन्होंने सबसे ज्यादा समय इसी राज्य में गुजारा था। इससे पार्टी के भीतर और मतदाताओं के बीच उनकी छवि पर अच्छा असर पड़ना तय है। वहीं, मल्लिकार्जुन खरगे की भी पार्टी में स्थिति और मजबूत होगी, चूँकि कर्नाटक उनका गृह राज्य है। उन्होंने राज्य में कांग्रेस को जीत दिलाने के लिए कड़ी मेहनत की है। अब कांग्रेस में वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की अहमियत पहले से ज्यादा बढ़ जाएगी।



दरअसल, वह लोकसभा चुनाव 2019 के बाद पहली बार पार्टी के प्रचार के लिए मैदान में उतरीं और कांग्रेस को इसका फायदा भी मिला। कर्नाटक की जीत से पूरे देश में कांग्रेस की इमेज बेहतर होगी। हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पहले से ही सत्ता में है। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होने हैं। कर्नाटक की जीत का असर इन राज्यों में भी देखने को मिल सकता है। कांग्रेस की इस जीत का असर बाकी विपक्षी दलों पर भी नजर आ सकता है। अब तक सपा, बसपा, राजद, जदयू, जद-एस, तृणमूल कांग्रेस या आप केंद्र की राजनीति में कांग्रेस पर दांव लगाने को तैयार नहीं थीं। कांग्रेस की कर्नाटक में बड़ी जीत के बाद केंद्र की राजनीति में सक्रिय ज्यादातर विपक्षी दल कांग्रेस के पीछे खड़े होने को तैयार हो सकते हैं। कर्नाटक चुनाव 2023 के प्रचार के दौरान बेशक प्रधानमंत्री मोदी ने बहुत रैलियां कीं, लेकिन इसका उनकी छवि को इससे खास नुकसान नहीं होगा। दरअसल, चुनाव विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा को कर्नाटक में जितनी सीटें मिलीं हैं, वो प्रधानमंत्री मोदी और पार्टी की छवि की वजह से ही मिल पाई हैं। विश्लेषकों के मुताबिक, राज्य में सत्ता विरोधी लहर का भाजपा को खामियाजा भुगतना पड़ा है। इसका सबसे बड़ा नुकसान मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को होगा। उन्हें निश्चित तौर पर इस हार का जिम्मेदार ठहराया जा रहा हैं । यह भी है कि भाजपा को कर्नाटक की हार से दोहरा झटका लग सकता है। पहला, दक्षिण भारतीय राज्यों में धीरे-धीरे बढ़ रही पार्टी की पैठ को झटका लग सकता है। वहीं, कांग्रेसमुक्त भारत का सपना भी कुछ हद तक बिखर सकता है। एक धड़ा ऐसा भी है, जिसका मानना है कि कर्नाटक की हार से प्रधानमंत्री मोदी की करिश्माई छवि को इससे नुकसान हो सकता है। उनका कहना है कि केंद्र से लेकर चुनाव में जाने वाले सभी राज्यों की जीत में प्रधानमंत्री मोदी की रैलियों की बड़ी भूमिका मानी जाती है। इस हार से उनकी इस छवि को कुछ झटका लगा सकता है। वहीं, भाजपा को आने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में ज्यादा जोर लगाना होगा ताकि लोकसभा चुनाव 2024 से पहले पार्टी को लगे इस डेंट से उबरा जा सके। पिछले तीन चुनावों की बात करें तो 2008 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी और उस समय कर्नाटक में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की थी वहीं 2013 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी और कर्नाटक में कांग्रेस ने जीत हासिल की। वहीं 2018 में केंद्र में भाजपा थी और उसने कर्नाटक में तो जीत हासिल कर सरकार बनाने की करीब पहुंची और उपचुनाव में उसे जीत से बहुमत हासिल हो सका था। यहां यह बात गौर करने वाली बात है कि विधानसभा चुनावों में मतदाता राज्य सरकार के प्रदर्शन, और स्थानीय मुद्दों पर मत देते हैं जिसका लोकसभा या राष्ट्रीय राजनीति से कोई लेना देना नहीं होता है वहीं सामान्य तौर पर विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय मुद्दे भी बहुत कम बार स्थानीय मुद्दों पर हावी होते दिखाई दिए हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पिछले तीन बार से यही दर्शा रहे हैं और कर्नाटक में लोग विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल से नाखुश ही देखे जाते रहे हैं। 2024 की संभावनाओं के मद्देनजर देखें तो कर्नाटक में जेडीएस के हश्र से क्षेत्रीय दलों को सबक लेना होगा। मुस्लिम वोट बैंक का दम भरने वाले दल एसपी, जदयू, राजद, तृणमूल कांग्रेस इत्यादि 2024 में कांग्रेस के पास जाएं या दूर ही रहें महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे का दल कांग्रेस की बैसाखी पर रहेगा या नहीं ये बड़ा सवाल होगा। साथ ही उत्तर प्रदेश में ट्रिपल इंजन के नारे पर भाजपा की निकाय चुनाव में हुई बंपर जीत ने कांग्रेस की देश के सबसे ज्यादा 80 लोकसभा सीट वाले प्रदेश में हालात को फिर सतह पर रखा है। कर्नाटक से उत्साहित कांग्रेस को यूपी के आईने में अपनी चुनावी शक्ल देख लेनी चाहिए।

## कविता

गुजरी तमाम उम्र उसी शहर में कोई
जानता न था
वाकि फ सभी थे,पर कोई पहचानता न था..

पास से हर कोई गुजरता मुस्कुराता न था,
मेरे ही शहर में लोगों को मुझ से वास्ता न था।

मेरे टूटे घर में कोई दरवाजा ना था
बावजूद इसके कोई झांकता न था।

फकीर घूम घूम कर उपदेश देता रहा,
शहर के लोगों को उससे नाता न था।

शहर भी वही लोग भी है परिचित भी वही,
वक्त पर कोई साथ देगा इसका मुझे मुगालता न
था।

इस भरी दुनिया में सब के सब हैं यहां,
पर किसी का किसी से रिश्ता न था।

तेरी मेरी नहीं सबकी कहानी है यह,
खमोश रहने के अलावा कोई रास्ता न था।

खामोशी से मेरी हमेशा बातें होती रही है,
आवाज मेरी जिंदगी का कभी कोई रिश्ता न
था।

संजीव ठाकुर

## महिलाएं आज भी स्वतंत्रता की असली विवेचना से अपेक्षित

**संजीव**

**भारतीय** संदर्भ में महिलाओं के विकास स्वतंत्रता एवं सशक्तिकरण की अलग-अलग तस्वीर पेश की जाती रही है' शासकीय आंकड़ों के हिसाब से उच्च प्रशासनिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी केवल 14% लगभग भूमिका या भागीदारी है ।निजी क्षेत्रों में जो व्यापक स्वतंत्रता एवं उदारीकरण है, वहां भी महिलाओं की उच्च पदों पर पदस्थापना 20% से अधिक नहीं है' सामाजिक संगठन बड़े जोर शोर से महिला स्वतंत्रता एवं सशक्तिकरण के बड़े-बड़े दावे पेश करते हैं, कुल जनसंख्या का 45% महिलाओं का होने के बाद भी भारत में महिला पुरुषों से कम दक्ष एवं कमजोर मानी जाती रही है' स्थिति इससे बिल्कुल विपरीत है' भूमंडलीकरण शिक्षा में वृद्धि मानव अधिकारों की वृद्धि एवं सजगता से महिला सशक्तिकरण के आंदोलनों को काफी बल प्राप्त हुआ है। शनी सिगनापुर, हाजी अली दरगाह एवं अन्य स्थानों पर महिलाओं के प्रवेश के लिए सशक्त आंदोलन इसका बड़ा उदाहरण है। आज से 20 वर्ष पूर्ण इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी' वर्तमान ओलंपिक 2021 में पूर्वोत्तर राज्य की मीराबाई चानू ने सिल्वर पदक दिलाकर अपनी क्षमता शक्ति एवं ऊर्जा को प्रदर्शित कर यह बता दिया है कि नारी विशेषकर भारत की पुरुषों से कहीं आगे हैं और प्रिया मलिक ने हंगरी में स्वर्ण पदक लाकर बात को प्रमाणित भी कर दिया है' भारत की महिलाएं, साक्षी मलिक ओलंपिक में कांस्य पदक, पी,वी संधू रजत पदक, दीपा मलिक पैरा ओलंपिक में पहली भारतीय महिला द्वारा स्वर्ण प्राप्त,साइना नेहवाल सानिया मिर्जा ने काफी हद तक महिलाओं के स्वरूप को बदलने का प्रयास किया है। इसी प्रकार निजी क्षेत्रों में चंदा कोचर,इंदिरा नूई, अरुंधति भट्टाचार्य ने आर्थिक जगत की नई ऊंचाइयों को छुआ है। अंतरिक्ष में कल्पना चावला सुनीता विलियम्स ने महिलाओं को बड़ी प्रेरणा दी है, राजनैतिक क्षेत्र में पहली बार नरेंद्र मोदी सरकार ने 9 महिला मंत्रियों को मंत्रिमंडल में जगह देकर उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसी तरह किरण बेदी ने पुलिस प्रशासन में एक बड़ी पताका हासिल कर महिला होने पर गर्व करने के लिए लोगों को मजबूर किया है' भारत के संदर्भ में यह माना जाए कि जीवन काल में ही महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में कम स्वतंत्रता प्राप्त है। बचपन के पश्चात जब महिला विद्यालय, विवाह की ओर अग्रसर होती है, तो उसके पहनावे की स्वतंत्रता को सीमित कर दिया जाता है' महिलाओं के वस्त्रों के साथ उसके चरित्र की व्याख्या कर दी जाती है। जबकि इस भूमंडलीकरण या वैश्वीकरण के युग में जहां संस्कृति के आदान-प्रदान का बड़ा महत्व है, और महिलाएं आधुनिकरण के लिए आगे बढ़ती हैं, तो उनका परिवार समाज उन्हें इन सब कार्यों से दूर रख बाधित कर विकास की एक धारा को नियंत्रित कर देता है और इस तरह उनके मानसिक स्वतंत्रता को रोक कर उन्हें मानसिक दासता का पात्र बना देता है।

## विचार

# कर्नाटक नतीजे क्या राष्ट्रीय राजनीति की नई दिशा बनेंगे

ऋतुपर्ण दवे

**कर्नाटक** विधान चुनाव में कांग्रेस की बम्पर और ऐतिहासिक जीत ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि देश में लोकतंत्र न केवल मजबूत है बल्कि जनता के मूल मुद्दों से इतर ध्रुवीकरण की कोशिशों नाकाम होंगी। कांग्रेस के बहुमत की उम्मीद तो थी, लेकिन नतीजा ऐसा चौंकाने वाला आएगा ये हैरान करता है। शायद भाजपा और खुद प्रधानमंत्री मोदी भी ऐसे नतीजों से असहज हों। हर वक्त चुनावी मोड में रहने वाली भाजपा ने मोदी मैजिक को भंजाने के लिए सारे दांव-पेंच चले। सारी चुनावी बिसातें को बिछाकर एक-एक कार्यकर्ताओं को साधने की जुगत में महारत के बावजूद ऐसे नतीजों से ना उम्मीद होगी बल्कि अब आगेसतर्क भी रहेगी क्योंकि 2024 के आम चुनाव दूर नहीं हैं। निश्चित रूप से कर्नाटक का चुनाव कांग्रेस के लिए संजीवनी तो भाजपा को दूसरी बार झटका है। अपने मैजिक के आगे दूसरों के मैजिक को नकारने की गलती पर भी मंथन होगी। इसके पहले हिमाचल प्रदेश में भी भाजपा को उम्मीद से इतर नतीजों ने हैरान किया था। वहां भी प्रधानमंत्री मोदी को प्रमुख चुनावी चेहरा बनाकर चुनावी वैतरणी में भाजपा ने गोता लगाया था। कमोवेश उससे बड़ी रणनीति बनाकर प्रधानमंत्री ने कर्नाटक में बड़े-बड़े रोड शो किए और जनमानस को लुभाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। जबकि हिमाचल में कांग्रेस ने राहुल की यात्रा के बीच प्रियंका को सामने रख चुनाव लड़ा था। वहीं कर्नाटक में राहुल, प्रियंका, खरगे सहित पूरी पार्टी एकजुटता के साथ मैदान में डटी रही और भाजपा की हर बिसातों को मात दी। ऐसा लगता है कि देश की जनता को अब लोक लुभावन वायदों, जातीय और धार्मिक ध्रुवीकरण से आगे की चिन्ता होने लगी है जो ठीक भी है। कर्नाटक में जिस तरह से धर्म और जाति के आधार पर मतदाताओं की संख्या और आंकड़ों का गणित लगाया गया इससे इतर नतीजों ने बता दिया कि वहां का मतदाता अलग सोच रखता है। कर्नाटक में भाजपा के मुख्यमंत्री बदलने के फॉर्मूले से भी अलग संदेश गया जिसको शायद भाजपा नहीं समझ पाई जब कर्नाटक की जनता वहां के मुख्य मुद्दे मंहगाई, बेरोजगारी के साथ-साथ गैस सिलेण्डर जैसे आम जरूरतों पर नफा-नुकसान को चिंतित थी तब भाजपा बजरंग बली को भांजने और लिंगायत मतदाताओं को लुभाने सक्रिय थी। जबकि कांग्रेस स्थानीय मुद्दों, मंहगाई और भ्रष्टाचार पर केन्द्रित रही। वहां चुनाव में बजरंग बली और टीपू सुल्तान की गूंज खूब सुनाई दी। लेकिन जिस खामोशी से कर्नाटक के मतदाताओं ने नतीजे दिए उससे यही लगता है कि नेताओं से ज्यादा परिपक्व भारत का मतदाता है। सच भी है ये पब्लिक है, सब जानती है। कर्नाटक में जिस तरह से भाजपा के तमाम तुरुप पत्तों समान ढ़ह गए, कई मंत्री और दिग्गज तो हारे ही लेकिन जिन मुद्दों को चुनावी एजेण्डा बनाया गया उसे भी जनता ने नकार दिया। साल की आखिरी तिमाही में फिर विधानसभा चुनावों की सरगर्मियां बढ़ेंगी जब मध्यप्रदेश,राजस्थान,छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना राज्यों में चुनाव प्रक्रिया होगी। संभव है इसी समय केंद्र शाषित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव हो जाएं। कांग्रेस के पास केवल राजस्थान और छत्तीसगढ़ है। मिजोरम की सत्ता पर भाजपा के सहयोग से क्षेत्रीय दल काबिज है। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस सत्तासीन है। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव हैं जिन्होंने कर्नाटक में जनता दल (सेकुलर) का समर्थन किया। ऐसे में बीआरएस अब तक भाजपा को चुनौती मान रही थी, अब कांग्रेस के आत्मविश्वास से चिंतित होगी। केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद से जम्मू-कश्मीर में चुनाव नहीं हुए। वहां मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतिम चरण में है, प्रकाशन 27 मई को होगा। वहां 19 जून 2018 से सरकार बेदखल है और केन्द्र के अधीन है। बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के चलते महबूबा मुफ्ती की सरकार से भाजपा ने समर्थन खींचा था। उधर हिन्दी पट्टी चुनावी क्षेत्र अलग कहानी कह रहे हैं ।मध्यप्रदेश मेंभाजपा संगठन में दिख रहा अंर्तकलह और दलबदल कर आए विधायकों को लेकर हुए उलट फेर और दिग्गजों के चौंकाने वाले बयान सामने हैं। जबकि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की छवि बेहद अलग व साधारण और लोकहितैषी है ।यहां कांग्रेस में कोई बड़ी गुटबाजी दिखती नहीं। गाय, गोबर, आत्मानन्द स्कूल और नए जिलों के गठन से मिली लोकप्रियताविरोधियों खातिर बड़ी चुनौती होगी। हां राजस्थान में कांग्रेस की आपसी खींचतान बड़ा नुकसान का सबब जरूर बन सकती है। न तो पायलट रुकने वाले और न ही अशोक गहलोत थमते दिखते। ऐसे में भाजपा कौन सा दांव चलेगी यह देखने लायक होगा। वसुंधरा राजे सिंधिया को लेकर भी अक्सर कई तरह के कयास लगाए जाते हैं। वैसे भी तीन दशक से हर बार सरकार बदलने का चलन है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# गधों के लिए है

**डॉ. सुरेश कुमार**

**स्वतंत्रता** से पहले राजा-रजवाड़ों का शासन था। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात एक-एक कर इन्हें मिला लिया गया। यह राजाओं को रास नहीं आया। लेकिन वे मजबूर थे। धीरे-धीरे परिस्थितियाँ सामान्य होने लगीं। राजाओं को भी लगा जो हुआ अच्छा हुआ। बहुत हुआ अपना शासन। अब देखते हैं जनता का शासन कैसा होता है। कुछ दिन बीते। एक राजा अपने घोड़े पर सवार शहर की ओर निकल पड़ा। उसने इधर-उधर नजर दौड़ाई। उसने देखा कि शहर में बड़े-बड़े भवन बन चुके हैं। चमचमाती सड़कों से रौनक बढ़ गई है। तरह-तरह की दुकानों में तरह-तरह की चीजें बिक रही थीं। तभी राजा की नजर एक ऐसे बंदे पर पड़ी जो सड़क के एक किनारे जमीन पर कागज के टुकड़े बिछाकर ग्राहक की खोज में आँखें बिछाए बैठा था। राजा उसके पास गया। उसने पूछा झ्र यह कागज के टुकड़े क्या हैं? इन्हें इस तरह से क्यों बिछाकर रखा है? इससे अच्छा कोई दूसरा धंधा क्यों नहीं कर लेते? इस पर बंदे ने कहा घोड़े और मुकुट से तो आप राजा लगते हैं। आपके जमाने में पढ़ाई नहीं थी। इसीलिए आप अनपढ़ रह गए। इन कागजों का महत्व आप क्या समझेंगे? राजा ने कहा बात तो तुम्हारी एकदम ठीक है। लेकिन हम कर भी क्या सकते हैं? भाग्य में जो लिखा था वही मुझे प्राप्त हुआ। भाग्य का लिखा कौन बदल सकता है? बंदे ने कहा झ्र कौन कहता है नहीं बदल सकते? इन कागज के टुकड़ों से भाग्य बदल सकते हैं। राजा ने कहा इन कागज के टुकड़ों से? वह कैसे? बंदे ने कहा झ्र ये कागज के टुकड़े नहीं हैं। ये डिग्री हैं डिग्री। इसे जो प्राप्त कर लेता है समाज उसका खूब सम्मान करता है। उसे पढ़ा-लिखा मानकर उसकी खातिरदारी करता है। राजा ने कहा वाह। यह तो बहुत बढ़िया बात है। मेरे लायक कोई डिग्री हो तो मोल-भाव करके दे दो। बंदे ने कहा झ्र क्यों नहीं राजा जी। आपके लिए एम.ए. की डिग्री सबसे अच्छी रहेगी। आपका चेहरा, शरीर का आकार इस डिग्री पर एकदम फिट बैठता है। आगे से आप किसी को मिलें तो खुद को एम.ए. पास कहें। फिर देखिए किस तरह लोग आपकी प्रशंसा करने लगेंगे।

## 40 परसेंट के मुद्दे का चला बुलडोजर सिविल सेवा

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर भारत को यूंही बौद्धिक क्षमता की खान वाले देश की संज्ञा नहीं दी गई है, क्योंकि अगर हम वैश्विक कारपोरेट जगत पर नजर डालें तो अनेक प्रमुख पदों पर भारतीय मूल, प्रवासी भारतीय को देखेंगे। उसी तरह अनेकों देशों के मंत्रिमंडल में भी मूल भारतीयों को देखा जा सकता है हालांकि भारतीयों पर सैकड़ों वर्ष राज करने वाले देश पर भी आज मूल भारतीय ही राज कर रहा है। अब हम देख रहे हैं कि भारतीय यहीं तक सीमित नहीं रह रहे अब वह बौद्धिक कुछल जनता जनार्दन का रोल भी अदा कर रहे हैं। गए वह दिन! जब बूथ कैपचरिंग, डराना धमकाना, अपहरण कर वोटिंग करवाई जाती थी। अब ये तो पब्लिक है सब जानती है ये तो पब्लिक है वाली जनता का रोल अदा करते हैं और वोटों केमाध्यम से अपना गुस्सा व्यक्त करना भी सीख गए हैं। इसीलिए अब हर राजनीतिक दल और नेता को इसपर मंथन कर अपनी छवि उज्जवल कर, कितने परसेंट से हटाने पर मंथन करना होगा। चूंकि दिनांक 13 मई 2023 को एक राज्य में इसी पर्सेंट वालीछवि सरकार को निगल गई और हिजाब, अजान, मुस्लिम आरक्षण समाप्त, बजरंगबली, द केरेला स्टोरी, दशकों पूर्व का पचासी परसेंट मुद्दा सहित सभी मुद्दों पर, 40 परसेंट का बुलडोजर भारी पड़ा और जनता ने सत्ता कथित 40 पर्सेंट के चलते अपना गुस्सा जताया तो, जीती हुई पार्टी को 136, हारी पार्टी को 64 सीटों तक सिमटा दिया। इसलिए अब पार्टी की उच्चस्तर पर टॉप जोड़ी को मिलकर देश के 13 राज्यों में जहां उनकी सरकार है, जिसमें कुछ राज्यों में इसी साल के अंत में चुनाव होने वाले हैं, सहित सभी राज्यों पर परसेंटों के बारे में नजर रखनी होगी क्योंकि इसका प्रभाव मिशन 2024 इलेक्शन पर भी पढ़ना निश्चित है। इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम कार्यपालिका से जनता जनार्दन की चिढ़ या गुस्से नें सरकार को जमींदरोज करने की करें तो, हमने 13 मई 2023 को आए चुनावी परिणाम में यह देखें। मैंने खुद ने पिछले कुछ दिनों से टीवी चैनलों पर आ रही ग्राउंडरिपोटिंग, जीरो रिपोटिंग देखकर उसका विश्लेषण किया तो अनेक लोग कार्यपालिका के भ्रष्टाचार से तंग नजर आए।

# विधायक पंवार ने सेक्टरवासियों की सुनी समस्याएं

## -विधायक सुरेंद्र पंवार ने जल्द से जल्द सभी समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
विधायक सुरेंद्र पंवार ने सेक्टर-8 में पहुंचकर सेक्टरवासियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान सेक्टरवासियों ने पार्क की व्यवस्था, शैड की व्यवस्था, कम्यूनिटी सेंटर, स्ट्रीट लाइट्स व सड़कें बनवाने की मांग की। विधायक सुरेंद्र पंवार ने सेक्टर-7व8 वासियों को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। इसके उपरांत विधायक सुरेंद्र पंवार ने पौधारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। विधायक सुरेंद्र पंवार आरडब्ल्यूए सेक्टर-8 प्रधान सुरेश दहिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शिकरत करने के उपरांत सेक्टरवासियों को संबोधित कर रहे थे। विधायक सुरेंद्र पंवार का



सेक्टर-8 में पहुंचने पर सेक्टरवासियों ने फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया।
सेक्टर-8 आरडब्ल्यूए ने बताया कि उनके सेक्टर में अभी तक कम्यूनिटी सेंटर नहीं बनाया गया है, जिसकी वजह से सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**▶▶रास्ते को कनेक्टिड करवाने के लिए भी प्रयासरत्त है, इसके लिए विधानसभा में पुरजोर तरीके से सेक्टरवासियों की मांग उठाई**

सेक्टर में पार्क की भी व्यवस्था नहीं है, पार्क के आभाव में सुबह शाम सेक्टरवासी सड़क पर ही सैर करने को मजबूर है। दिन छिपते ही घना अंधेरा छा जाता है, क्योंकि सड़कों पर स्ट्रीट लाइट्स का पुख्ता प्रबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि रात करीब आठ बजे के बाद असमाजिक तत्व सड़कों पर घूमने लगते है, इसलिए प्रतिदिन सेक्टर-8 में शाम आठ बजे के बाद पुलिस द्वारा गश्त की जाए। सेक्टरवासियों ने एक शैड भी बनवाने की मांग की है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने सेक्टरवासियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सोनीपत के प्रत्येक सेक्टर के किसी भी तरह की सुविधा का आभाव न हो, इसके लिए वह प्रयासरत्त है। जिन सेक्टर्स में आपस में रास्ता कनेक्टिड नहीं है, उनमें रास्ते को कनेक्टिड करवाने के लिए भी प्रयासरत्त है, इसके लिए विधानसभा में पुरजोर तरीके से सेक्टरवासियों की मांग उठाई है। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जसपाल आंतिल, सुरेश प्रधान, चंद्रभान मोर, मास्टर विक्रम, करतार सिंह, चांदरूप प्रधान, धूप सिंह देशवाल, देवेंद्र दहिया, मास्टर जयकंवार, वेद आंतिल, नरेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# मेपल बेयर कनाडियन स्कूल ओमेक्स सिटी में मनाया मदर्स डे




**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
मेपल बेयर कनाडियन स्कूल ओमेक्स सिटी सोनीपत में आज स्कूल की हेडमिस्ट्रेस तथा अन्य अध्यापिकाओं द्वारा स्कूली बच्चों के बीच बैठ कर दुनिया भर की माताओं को समर्पित 'मदर्स डे', उत्साह पूर्वक मनाया गया। मुख्याधिपिका भानोट ने स्कूली ड्रेस में आए बच्चों के बीच बैठ मनोरंजक तरीके से बातें करते हुए उन्हें 'मदर्स डे' का महत्व समझाया और उनके जीवन में मां की भूमिका क्या है, यह विस्तार से समझाया। उन्होंने खेल खेल में ही बच्चों को बताया कि जो बच्चे अपनी मां की आज्ञा मानते हैं और अपनी पढ़ाई पूरे दिल से करते हैं उनसे ईश्वर भी प्रसन्न रहते हैं। इस अवसर पर स्कूल के संचालक सुरेंद्र मदान ने कहा कि वैसे तो किसी एक दिन को मां के नाम समर्पित करना किसी के लिए भी काफी नहीं होता है इसके बावजूद मां के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए इस दिन को सेलिब्रेट किया जाता है। उन्होंने बच्चों से रूबरू होते हुए कहा कि मां के मातृत्व और सेवा की भरपाई कोई भी बेटा उम्र भर नहीं कर सकता। सभी बच्चों को अपनी मां के प्रति निष्ठा और आज्ञाकारी रहने की सीख देते हुए स्कूल संचालक ने कहा कि मन लगाकर पढ़ कर मां का नाम रोशन करने से ही मां के मातृत्व का कुछ ऋण जरूर चुकाया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने विश्व की सभी माताओं को नमन करते हुए 'मदर्स डे' पर बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। स्कूल की हेडमिस्ट्रेस तथा अन्य टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ का भी धन्यवाद किया।

## न्यूज फ्लैश

### युवा कांग्रेसी नेता रणदीप खोखर ने कर्नाटक में कांग्रेस की प्रचंड जीत पर मिठाई खिलाकर बधाई दी



**सोनीपत:** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की प्रचंड जीत पर सोनीपत में जिला कांग्रेस भवन के बाहर कांग्रेसजनों व शहरवासियों ने मिठाई बांटकर ढोल की थाप पर नाच कर खुशी मनाई। इस ऐतिहासिक जीत पर युवा कांग्रेस नेता रणदीप खोखर ने सोनीपत विधायक सुरेंद्र पंवार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र छिक्कारा, नगर निगम मेयर निखिल मदान सभी कार्यकर्ताओं को लड्डू खिलाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कर्नाटक की जीत का असर अन्य राज्यों के चुनाव पर पड़ेगा 2024 में बीजेपी का सूपड़ा साफ होने जा रहा है। युवा कांग्रेस नेता रणदीप खोखर ने कहा कि हरियाणा में भी एकतरफा कांग्रेस का माहौल है और पूर्व मुख्यमंत्री चौ.भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी। कर्नाटक में जो कामयाबी मिली है इसके लिए मैं सोनिया गांधी जी, राहुल गांधी जी, प्रियंका गांधी जी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कर्नाटक स्टेट लीडरशिप को बधाई देता हूं।

### सरकारी नौकरी के नाम पर नकदी ऐंठने का आरोप

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में कच्चे क्वार्टर के टेलर समेत चार लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर 5.20 लाख रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। पीड़ित टेलर ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अमानत में खयानत, धोखाधड़ी व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित ने आरोपित का मोबाइल नंबर भी दिया है। जिसके आधार पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। आर्य नगर निवासी बिजेंद्र ने बताया कि वह कच्चे क्वार्टर में टेलर का काम करता है। उसके पास करीब चार साल से विजय नाम का युवक आता था। जिससे उनकी अच्छी पहचान हो गई। करीब आठ माह पहले विजय ने उन्हें कहा था कि उनकी अच्छी जान पहचान है। वह सरकारी नौकरी लगवा सकता है। इसके लिए उन्होंने अपने बेटे को निर्माण भवन में नौकरी लगाने के नाम पर दो लाख रुपये दे दिए। उनकी विजय से ढाई लाख में बात हुई थी। वहीं गांव रोहट निवासी सतपाल के बेटे को अस्पताल में लगवाने के नाम पर 1.20 लाख रुपये, कोट मोहल्ला की अनीता के बेटे को रेलवे में लगाने के नाम पर 1.20 लाख और सेक्टर-12 निवासी निर्मला के बेटे को अस्पताल में लगवाने के नाम पर 80 हजार रुपये लिए गए। प्रत्येक से 1.20 रुपये में नौकरी का सौदा हुआ था। उसके बाद किसी की नौकरी नहीं लगी। उन्होंने कई माह इंतजार किया। उनके नंबर से आरोपी का नंबर भी नहीं मिल पा रहा था। उन्होंने दूसरे नंबर से संपर्क किया तो आरोपी उन्हें धमकी देने लगा। उसने पैसे देने से मना कर दिया। जिस पर उन्होंने पुलिस आयुक्त को शिकायत दी। जिस पर अब सिविल लाइन थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ितों ने आरोपित का मोबाइल नंबर भी पुलिस को दिया है। जिसके आधार पर पुलिस उसके बारे में पता लगा रही है। थाना प्रभारी कर्मजीत ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### सोनीपत की मंडियों व खरीद केंद्रों मे 03 लाख 51 हजार 673.4 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**सोनीपत, 14 मई।** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि जिला की विभिन्न 24 मंडियों व खरीद केंद्रों में 03 लाख 51 हजार 673.4 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। इस गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है।
उपायुक्त ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में पहुंचे 03 लाख 51 हजार 673.4 मीट्रिक टन गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 115113, हैफेड द्वारा 132980.4, एचडब्ल्यूसी द्वारा 70048व एफसीआई द्वारा 33532 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला की मंडियों में पहुंचे गेहूं में बरोदा खरीद केन्द्र पर 4780 मीट्रिक टन, भैसवाल खरीद केन्द्र पर 5085 मीट्रिक टन, बिचपड़ी खरीद केन्द्र पर 1313.65 मीट्रिक टन, दतौली खरीद केन्द्र पर 4652 मीट्रिक टन, फरमाणा खरीद केन्द्र पर 15552 मीट्रिक टन, गन्नौर अनाज मण्डी में 23691 तथा सोनीपत अनाज मण्डी में 22088 मीट्रिक टन तथा सोनीपत साइलो में 5676 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है।

# कर्नाटक में कांग्रेस की जीत झूठ एवं प्रलोभन आधारित: राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
कर्नाटक में कांग्रेस की जीत झूठ एवं प्रलोभन आधारित राजनीति का परिणाम है जिसकी पोल राजस्थान, छतीसगढ़, मध्यप्रदेष में दिए गए कर्जे माफी के नारों की तरह जल्द ही खुल जायेगी और जनता को अपने किए पर पछतावे के सिवाए कुछ नहीं मिलेगा।
उक्त वक्तव्य मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजीव जैन ने गत सायं वार्ड न0. 1 के पन्ना प्रमुखों की



बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास देष को आगे बढ़ाने का कोई एजेंडा नहीं होता बल्कि जात-पात, धर्म, क्षेत्रवाद की राजनीति का सहारा लेकर वोट की राजनीति करती है जबकि भाजपा का सपना सम्पूर्ण विकास है। उन्होंने कहा कि कनार्टक में पिछले पांच वर्षों से चल रहे तेज विकास की गति पूरी तरह से रूक जायेगी। राजीव जैन ने कहा कि हमें छोटी-छोटी बातों को दरकिनार करके 2024 में नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का लक्ष्य लेकर काम करना है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछली बार सोनीपत विधानसभा में भी कांग्रेस ने झूठ एवं प्रलोभनों का खेल खोला था जिसका खामियाजा मतदाताओं को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुखों को 60 वोटों का प्रहरी बनकर काम करना होगा ओर मतदाताओं के सुख-दुःख का सांझीदार बनाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करना होगा।

# कंप्यूटर साइंस से इंजीनियर बनना चाहता है 'डिस्टिक टॉपर'

## ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल का छात्र रमन बाजवा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में इस समय हर्ष और खुशी का माहौल लगातार बढ़ता ही जा रहा है। सीबीएसई द्वारा जारी किए गए 12वीं कक्षा के परिणाम के बाद से ही स्कूल में खुशी की लहर है। स्कूल से विज्ञान संकाय के विद्यार्थी रमन बाजवा ने 97.4ज अंक प्राप्त करते हुए कुरुक्षेत्र जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थी के अभिभावक और स्कूल में हर्ष और खुशी का माहौल है।गांव



धुराला, डेरा राहियां वाला से अध्यापक पिता बलदेव राज के पुत्र डिस्टिक टॉपर रमन बाजवा इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। प्रधानाचार्या डॉ० सुमिता ठाकुर ने बताया कि रमन बाजवा ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र का होनहार विद्यार्थी रहा है। रमन स्कूल का एक नियमित छात्र रहा है। वह स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सहपाठ्येतर गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेता रहा और उच्च स्थान प्राप्त करता रहा है।

# संदिग्ध हालत में अधिवक्ता के चैंबर में आग लगने से हजारों का नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**शहर** थाना क्षेत्र के न्यायालय परिसर में स्थित अधिवक्ता के चेंबर में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। अधिवक्ता को आग लगने का पता सुबह को चला। आग से चैंबर में रखी विभिन्न मुकदमों की सैकड़ों फाइल बौर केश डायरी जल गई। इसके साथ ही आफिस का फर्नीचर और कीमती सामान जलकर राख हो गया। अधिवक्ता ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव मुरथल निवासी नवनीत कुमार ने बताया कि वह शहर बार सोनीपत में अधिवक्ता के तौर पर काम करता है। उसने प्रैक्टिस के लिए चैंबर संख्या 706 ले रखा है। ऑफिस में सैकड़ों मुकदमों से संबंधित फाइल, केस डायरी और कीमती सामान व फननींचर रखा हुआ था। रात में किसी ने उनके चैंबर में आग लगा दी। उनको आग लगने का पता सुबह को आफिस चैंबर पर पहुंचने पर लगा। आग से मुकदमों की फाइल, केस डायरी और कीमती सामान व फर्नीचर जलकर राख हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मुआयना कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई बलवान सिंह ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है।

# चीनी मिल-: पेराई सत्र में बेहतर गन्ना मिल में लाने वाले किसानों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**चीनी** मिल सोनीपत के पेराई सत्र में बेहत्तर गन्ना मिल में लेकर आने वाले किसानों व मिल कारखाने में बेहत्तर कार्य करने वाले कर्मचारियों को मिल प्रबंधन व जिला उपायुक्त की तरफ से सम्मानित किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला उपायुक्त एवं मिल चेयरमैन ललित सिवाच से सोनीपत शूगर मिल का यार्ड पक्का करवाने की किसानों की मांग को मानते हुए यार्ड को पक्का करने की घोषणा की। वहीं उपायुक्त ललित सिवाच ने मंच से ही बात कही कि यार्ड को पक्का करने के

**▶▶ सोनीपत शूगर मिल का यार्ड पक्का करवाने की किसानों की मांग को मानते हुए यार्ड को पक्का करने की घोषणा की**

साथ-साथ सोनीपत चीनी मिल की सडकों की भी रिपेयरिंग की जाएगी। यही नही उन्होंने कहा कि पेराई सत्र शानदार रहा है और मिल को काफी बचत हुई है। ऐसे में मिल परिसर में रहने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के घरों की भी रिपेयरिंग करवाई जायेगी। परिसर में बने कर्मचारियों के आवास काफी पूराने हो चुके है। आयोजित हुए कार्यक्रम में उन गन्ना उत्पादकों को भी सम्मानित किया गया, जिन किसानों ने पेराई सत्र के दौरान बेहतर गुणवत्ता व साफ गन्ना समय पर मिल में पहुंचाया। मुख्य अतिथि जिला उपायुक्त ललित सिवाच व चीनी मिल एमडी डा. अनुपमा ने किसानों के साथ-साथ कामगारों को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। यही नही उम्मीद जताई कि आने वाला पेराई सत्र भी मिल का इसी तरह से सफल रहेगा। इस दौरान किसानों ने कहा कि वह पिछले लम्बे समय से मिल में गन्ना डालते आ रहे हैं, लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है कि उन्हें सम्मानित किया गया है।

# व्यायामशाला को लोहे का गेट चोरी

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में मनिरपुर स्थित व्यायामशाला का लोहे का गेट चोरी होने का मामला सामने आया है। गांव के सरपंच ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव सफियाबाद व मुनिरपुर के सरपंच सुखबीर दत्त ने बताया कि गांव मुनिरपुर स्थित व्यायाम शाला का किसी ने लोहे के गेट का एक साइड का पल्ला चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

# हमारे जीवन में मां का स्थान सर्वोपरि: सुधीर जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,**
ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ मदर्स डे मनाकर मां के प्रति सम्मान व प्रेम को प्रदर्शित किया। छात्र-छात्राओं ने नाटक व गीतों के माध्यम से मां के त्याग एवं उनकी ममता को नमन किया। विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया। नौनिहालों ने पेंटिग एवं पोस्टर बनाकर मां के प्रति प्रेम को दशार्या। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं दी। सुधीर जैन ने कहा कि मदर्स डे हमारे जीवन और समाज में माताओं की तरफ से निभाई जाने




वाली महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने और स्वीकार करने का दिन है।
सुधीर जैन ने कहा कि मां के बिना हम इस दुनिया में कुछ भी नहीं हैं, क्योंकि हम सभी को जन्म देने वाली मां ही होती है। मां का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है। मां ही बच्चे की प्रथम गुरु होती है। वो हमारी उंगली पकड़कर हमें चलना सिखाती है। जीवन में हर प्रकार की बाधाओं को पार करने की प्रेरणा देती है। मां के प्यार, त्याग, सुरक्षा, देख-रेख, सेवा आदि के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए हर वर्ष मई के दूसरे रविवार के दिन मदर्स डे मनाया जाता है।
सीईओ संजय जैन ने कहा कि हर संतान अपनी मां से ही संस्कार पाता है। संस्कार के साथ-साथ शक्ति भी मां ही देती है। इसलिए हमारे देश में मां को शक्ति का रूप माना गया है । प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि एक मां का आंचल अपनी संतान के लिए कभी छोटा नही पड़ता। मां का प्रेम अपनी संतान के लिए इतना गहरा एवं अटूट होता है कि मां अपने बच्चे की खुशी के लिए दुनिया से लड़ सकती है। स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन जैगुआर हाउस की ओर से किया गया। हाउस इंचार्ज सोनिया ,अध्यापिका रितु ,चारु, रेखा , सीमा आदि के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। छात्र-छात्राओं ने जेबी प्रीस्टली द्वारा लिखित नाटक 'मदर्स डे' का मंचन किया।

# शराब ठेकों पर कब्जा करने व धमकी देने का आरोप

## ठेका संचालक ने मामले को लेकर पुलिस को दी शिकायत, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मोहाना** थाना व सदर गोहाना क्षेत्र के गांव बिधल व पिनाना में स्थित शराब के ठेकों पर जबरन हथियारों के बल पर शराब के ठेकों पर कब्जा करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। बदमाशों ने हथियार के बल पर शराब ठेके पर तैनात सेल्समैनों को बाहर निकालकर ताला लगा दिया। शराब ठेका संचालक ने मामले को लेक पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
गांव रोलद लतिफपुर निवासी अमित कुमार ने बताया कि वह इंद्रपाल एंड कंपनी द्वारा मोहाना जोन नंबर- 29 के अन्तर्गत आने वाले शराब ठेकों को संभालने का कार्य करता है। इसके अंदर गांव बिधल ओर गांव पिनाना का ठेका भी आता है। शुक्रवार 12 मई को ठेकेदार ने बताया कि सोनू माहल उर्फ जयभगवान अपने साथियों, जिसमें विशाल, रोहित, आकाश, आशु, अजय, संदीप, कुका वगैरा और कुछ अन्य युवकों के साथ बिधल ठेके पर पहुंचा। सेल्समैन ने बताया कि इनमें से कई के पास हथियार थे। सेल्समैन को हथियार के बल पर ठेके से बाहर निकालकर वे सभी अन्दर घुस गये। उन्होंने कहा कि तुम यहां मत आना, यह ठेका हमारा है। सेल्समैन घबरा गया और उसके पास फोन कर उसकी सोनू से बात कराई। सोनू ने उससे कहा कि यह

**▶▶ बदमाशों ने हथियार के बल पर शराब ठेके पर तैनात सेल्समैनों को बाहर निकालकर ताला लगा दिया**

ठेके मैं चलाउंगा। यदि यहां आया तो तुझे जान से मार दूंगा। ठेकेदार का कहना है कि पहले कुछ शर्तों पर बिधल का ठेका सोनू को संभालने के लए दिया था। लेकिन उसने शर्तों को नही माना तो अपने ठेके उससे वापस ले लिये। इसी रंजीश में सोनू माहल ने अपने साथियों के साथ सेल्समैन कर्मपाल को बाहर निकाल दिया और उसे व मुझे दोनों को फोन पर जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। मोहाना थाना पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।
गांव मोहाना में भी कब्जाया ठेका, सेल्समैन को निकाला बाहर- अमित ने अपनी शिकायत में बताय कि गांव बिधल के साथ लगते गांव मोहाना में भी सोनू माहल और उसके साथियों ने हथियारों के बल पर शराब का ठेका कब्जा लिया। सोनू माहल उर्फ जय भगवान निवासी गांव पिनाना अपने साथियों विशाल, रोहित, आकाश, आशु, अजय, संदीप, कुका आदि के साथ 4 गाड़ियों मे सवार होकर ठेके पर पहुंचा। हथियार दिखाकर सेल्समैन दीपेंद्र को बाहर निकालकर ठेके पर ताला लगाने लगे। उन्होंने पिस्तौल दिखाकर जबरदस्ती सेल्समैन को निकाला।

# जनता का दुख-दर्द उनका अपना दुख-दर्द है: संदीप गर्ग

## बाबैन रसोई का एक वर्ष पूरा होने पर बाबैन में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/बाबैन (दलबीर मलिक)**
बाबैन की अग्रवाल धर्मशाला में स्टालवार्ट फांऊडेशन की ओर से पिछले वर्ष 14 मई से स्टालवार्ट फांऊडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा मात्र 5रुपये में भरपेट खाना बाबैन की मुल्तानी धर्मशाला में शुरू किया गया था। जिसको एक वर्ष पूरा होने को लेकर लाडवा के ब्लॉक बाबैन की अग्रवाल धर्मशाला में स्वास्थ्य जांच शिविर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें आदेश हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। वहीं शिविर का शुभारंभ




स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा किया गया।
समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि पिछले वर्ष 14 मई से बाबैन में यह रसोई खोली गई थी, जिसका निरंतर प्रतिदिन लोगों को मात्र 5 रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से 12 बजे से 2 बजे तक खाना दिया जाता है। उसका एक वर्ष पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि इस रसोई में भी एक भी दिन ऐसा नहीं गया है कि जिस दिन बाबैन के लोगों को खाना वितरित नहीं किया गया हो। पूरे 365 दिन लोगों के लिए खाना उपलब्ध रहा। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के की जनता उनके परिवार की तरह है और जनता का दुख-दर्द उनका अपना दुख-दर्द है। उन्होंने कहा कि अभी लाडवा हल्के की जनता के और भी कई योजनाए शुरू की जानी है। वहीं उन्होंने कहा कि एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में एक स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया है और वही आंखों की जांच का शिविर भी लगाया गया है। जिसमें 1065 मरीजों की जांच की गई है, जिन जिन मरीजों को दवाई की आवश्यकता थी, उनको निशुल्क दवाई वितरित की गई है।

# खुशी ने सीबीएसई बारहवीं में लिये 95% अंक

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
सीबीएसई एग्जाम 2023 में बाहरवीं कक्षा में 95% अंक लेकर सोनीपत के एक नीजि स्कूल छात्रा खुशी गाहल्याण ने मीडिया को अपनी कामयाबी के राज और भविष्य के सपने बताएं इनकी कहानी से आप भी प्रेरणा ले सकते हैं। खुशी जब 10 साल की थी तब उसके पिता की मौत हो गई थी उसके बाद से उसकी माता उमा रानी ने जो एक अध्यापिका है ने माता-पिता दोनों की भूमिका अदा की । व उसे किसी भी प्रकार की कमी महसूस नही होने दी ।खुशी



बचपन से ही पढ़ाई लिखाई में काफी होशियार थी खुशी रोजाना अपने गोल सेट करती थी और उसे पूरा करने के बाद ही चेन से सो पाती थी खुशी कहती है कि हर छात्र को अपने लक्ष्य जरुर निर्धारित करने चाहिए वह आगे चलकर प्रशासनिक अधिकारी बन देश की सेवा करना चाहती है इसके लिए वह लग्न से पढ़ाई कर रही है वह अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने शिक्षकों व विशेषकर अपनी पहली शिक्षिका अपनी माता उमा रानी को देती है जिन्हें वे अपनी प्रेरणा स्त्रोत मानती है।

# नवनिर्वाचित सांसद ने सीएम से की मुलाकात

## सुशील कुमार रिंकू की जीत के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने खुशी जाहिर की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पंजाब के** जालंधर लोकसभा उपचुनाव में आप प्रत्याशी सुशील कुमार रिंकू की जीत के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने खुशी जाहिर की है। अब जानकारी आ रही है कि उपचुनाव में जीत दर्ज करने वाले नवनिर्वाचित सांसद सुशील कुमार रिंकू ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पर उनसे मुलाकात की है। इस दौरान उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान भी मौजूद थे। वहीं, शनिवार को पंजाब के जालंधर लोकसभा उपचुनाव में आप प्रत्याशी सुशील कुमार रिंकू की जीत के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया था। मान के साथ पार्टी आफिस में प्रेसवार्ता कर दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने कहा कि हम धर्म और जाति की राजनीति नहीं करते हैं। हम विकास की राजनीति करते हैं। इस जीत के लिए जालंधर की जनता को बहुत-बहुत बधाई है। जनता ने काम हमारी काम की राजनीति पर ठप्पा लगा दिया है। यह इलका कांग्रेस का गढ़ रहा है। आप वहां सेंध मार कर चुनाव जीती है।





**जश्न**

● पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब में हमारी सरकार को 14 माह पूरे हो गए हैं

**हमने काम पर मांगा वोटः** वहीं, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब में हमारी सरकार को 14 माह पूरे हो गए हैं।जनता ने इस जीत को दिलाकर हमारे कामों पर मुहर लगाई है। चुनाव में हमने अपने कामों पर वोट मांगे हैं।

**जीतेंगे 13 लोकसभा सीटेंः** जालंधर सीट पर 50 साल से कांग्रेस की थी। कांग्रेस को लगता था कि ये उनकी सीट है तो लोग उन्हें ही वोट देंगे। इनका कोई बड़ा नेता वोट मांगने ही नहीं आया। लेकिन अब ऐसा नहीं है, 2024 में भी हम 13 की 13 लोकसभा सीट जीतेंगे।

### भाजपा पार्षद पवन सहरावत आम आदमी पार्टी में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में आम आदमी पार्टी ने भाजपा को झटका दिया है। भाजपा पार्षद पवन सहरावत आम आदमी पार्टी में शामिल हो गये हैं। पवन सहरावत बवाना से पार्षद हैं। पवन सहरावत आप के टिकट पर बवाना से पार्षद चुने गये थे। लेकिन फरवरी में स्टैंडिंग कमिटी के चुनाव से ठीक पहले बीजेपी ज्वॉइन कर ली थी। सहरावत आज फिर से आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए।



# हत्या व डकैती के मामले में छेनू गैंग का सदस्य गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस की** अपराध शाखा ने उत्तरी जिले के सिविल लाइन इलाके से हत्या और डकैती के मामले में फरार छेनू गैंग के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर किया है। पुलिस ने आरोपित की गिरफ्तारी के साथ एक मोबाइल फोन और बाइक भी बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान गाजियाबाद के चमन विहार के निवासी मोहित चौहान के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ का रहने वाला है। आरोपित के ऊपर लूट और हत्या सरीखे 19 संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराध शाखा की टीम को विशेष रूप से गैंगस्टर और खूंखार अपराधियों पर नजर रखने का काम सौंपा गया है। पुलिस अधिकारी ने आगे बताया कि आठ मई को थाना सिविल लाइन इलाके में हत्या और डकैती की घटना हुई थी। इस बाबत सिविल लाइन थाने में एक मामला भी दर्ज किया गया था। मामले में अपराध शाखा की टीम लगातार छानबीन और जांच कर रही थी। इसी बीच गुप्त सूचना के बाद आरोपित को गिरफ्तार किया है।

# 'जब तक बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं होगी, धरना खत्म नहीं होगा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**यौन शोषण के** आरोप में भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जंतर मंतर पर खिलाड़ियों धरना 22 वें दिन रविवार को भी जारी रहा। अवकाश होने के चलते धरना स्थल पर काफी संख्या में समर्थक पहुंचे। इसके अलावा कई छात्र संगठनों ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया। वहीं पहलवानों ने कहा कि जब तक बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं होगी, वह किसी भी कीमत पर धरना खत्म नहीं करेंगे।

जंतर मंतर पर सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। हरियाणा, दिल्ली सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश की खाप पंचायतों के प्रतिनिधि भी धरने पर पहुंचे। खिलाड़ियों का समर्थन करने को लेकर हरियाणा के हिसार, सोनीपत और रोहतक में कई खाप से पंचायत की थी। इसके अलावा बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पालम 360 खाप ने बवाना में पंचायत की। खाप के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि खिलाड़ियों के आंदोलन को घर-घर तक पहुंचाने के लिए सभी गांव में कैंडल मार्च किया जाए।



# दिनदहाड़े बदमाशों ने की शख्स की गोली मारकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बाहरी दिल्ली के पश्चिम विहार वेस्ट इलाके में बदमाशों ने दिनदहाड़े शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना रविवार सुबह करीब 11 बजे की है। मामले की सूचना मिलने ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखा है। फिलहाल पश्चिम विहार वेस्ट थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी हरेन्द्र सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान चंदन विहार निवासी खुर्शीद उर्फ अल्ल्हा (58) के रूप में हुई है। वह राज मिस्त्री का काम करता था, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बिजनौर का रहने वाला था। डीसीपी ने आगे बताया कि रविवार सुबह करीब 11.14 बजे पुलिस को सूचना मिली कि पश्चिम विहार में एक शख्स को गोली मार दी गई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को घटना स्थल से तीन कारतूस के खोल बरामद किये हैं। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर आरोपितों की पहचान करने में जुटी हुई है।



**महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके आवास पर आकर मुलाकात की है।**

# समय से पूर्व जन्मे नवजात की आंखों की रोशनी को बचाएगी देसी मशीन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अब** समय से पूर्व जन्मे नवजात की आंखों की रोशनी को बचाया जा सकेगा। देशभर में हर साल करीब 30-35 हजार बच्चों का जन्म समय से पूर्व होता है। इन बच्चों के फेफड़े पर्याप्त ऑक्सीजन को अवशोषित नहीं कर पाते, ऐसे में सामान्य स्तर पर सांस देने के लिए मशीन की आवश्यकता पड़ जाती है और उन्हें नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) में भर्ती करना पड़ा है। ऐसे में यदि इन नवजात को जरूरत से ज्यादा ऑक्सीजन दी जाती है तो दोनों आंखें खराब हो सकती हैं। इसे रोकने के लिए समय पर आंखों की जांच की जरूरत है। इस समस्या को दूर करने के लिए बेंगलूरू की एक कंपनी ने नवजात की आंखों की जांच के लिए डिवाइस को तैयार की है, जिसे प्रगति मैदान में चल रहे साइंस एक्सपो में प्रदर्शित किया गया है। डिवाइस के बारे में कंपनी के अधिकारी केएमके राजेंद्रम ने बताया कि तीन साल पहले डिवाइस तैयार की गई थी। दक्षिण भारत के कई अस्पतालों में समय से पूर्व जन्मे नवजात की आंखों की जांच करने के लिए इसका इस्तेमाल हो रहा है। तीन साल में करीब एक लाख बच्चों की जांच की गई और परिणाम बेहतर आए। इस रेटिनल इमेजिंग डिवाइस की मदद से आंखों का चित्र लिया जाता है। इसकी मदद से डॉक्टर देखकर स्पष्ट कर देता है कि बच्चे की आंख में कोई दिक्कत है या नहीं। भविष्य में आंखों की रोशनी जा सकती है या नहीं। अभी तक ऐसी डिवाइस अमेरिकन कंपनी तैयार कर रही थी जो काफी महंगी है।



**अंग परिवहन को बढ़ावा देगा ड्रोनः** चिकित्सा क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे ड्रोन के इस्तेमाल के साथ आने वाले दिनों में मानव अंगों के परिवहन के लिए बड़े स्तर पर ड्रोन का इस्तेमाल होगा। इसके लिए जहां ड्रोन की क्षमता को बढ़ाया जा रहा है। साथ ही, तकनीक को लेकर भी शोध हो रहे हैं। साइंस एक्सपो में आए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के वरिष्ठ अधिकारी सतीश ठाकरे ने बताया कि एक्सपो में बड़े स्तर के ड्रोन को प्रस्तुत किया गया है। यह एडवांस ड्रोन है, यदि किसी कारण से ड्रोन का संपर्क कम्युनिकेशन सिस्टम से टूट जाता है तो ये वापस उसी जगह पर आएगा। इसके अलावा यह 20 किलो तक का वजन ले जा सकेगा। मानव अंगों के परिवहन के लिए ड्रोन को और बेहतर बनाया जा रहा है। ड्रोन की क्षमता, उसकी स्पीड, तय करने की दूरी सहित अन्य को बढ़ाया जाने की दिशा में काम किया जा रहा है। एक्सपो में रखे गए ड्रोन की क्षमता 5 किमी तक है और यह पांच किलो तक का वजन ले जा सकता है।

# नशे के सौदागरों के खिलाफ दिल्ली में 100 जगह छापे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नशे का का**रोबार करने वालों के खिलाफ अपराध शाखा की 80 टीमों ने ऑपरेशन कवच के तहत दिल्ली में 100 जगह छापे मारे। इस दौरान अपराध शाखा की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने 31 लोगों गिरफ्तार किया। वहीं, शराब तस्करी में शामिल 12 लोगों को भी दबोचा है। आरोपियों के पास से 957 ग्राम हेरोइन, 57.88 किलो गांजा और एक करोड़ से भी ज्यादा की शराब बरामद की गई। अपराध शाखा के विशेष आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि गृहमंत्रालय के आदेश पर देशभर में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया गया था। टास्क फोर्स प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नशा मुक्त भारत के सपने को साकार करने में जुटी है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा के मार्गदर्शन में कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में रात को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने 80 टीमें बनाकर लोकल पुलिस के साथ मिलकर रातभर छापे मारे। अभियान के दौरान 30 एफआईआर दर्ज कर मादक पदार्थ का धंधा करने वाले 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जबकि शराब तस्करी के छह मामले दर्ज कर 12 लोगों पकड़ा गया। इनके पास से भारी मात्रा में शराब और मादक पदार्थ बरामद हुए।

**इस साल 412 मामलों में 534 गिरफ्तारः** विशेष आयुक्त रविंद्र यादव ने बताया कि पुलिस वर्ष 2023 में मादक पदार्थ की तस्करी के 412 मामलों में कुल 534 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

# बहू से हैवानियतः ससुरालियों ने बाल काटकर सड़क पर घुमाया




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तरी दिल्ली के सराय रोहिल्ला इलाके में एक महिला के साथ हैवानियत का मामला सामने आया है। आरोप है कि महिला के ससुराल वालों ने उसे बाजार से अगवा कर घर में बंधक बनाकर पीटा। बाद में उसके बाल काटकर उसे गलियों में घुमाया। इसके बाद भी आरोपियों का दिल नहीं भरा को वह महिला के लिव-इन पार्टनर के घर पहुंच गए। वहां आरोपियों ने उसके लिव-इन पार्टनर संजय को बुरी तरह पीटा। किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों के चंगुल से महिला व उसके लिव-इन पार्टनर को छुड़ाया। बाद में दोनों को अस्पताल में भर्ती काया गया। पुलिस ने महिला का बयान लेकर गैर इरादतन हत्या के प्रयास, मारपीट, अपहरण और बाल काटने की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों पीड़ितों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस ने चार आरोपी रोहित, राहुल, शिवकुमार और सपना के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता अपने परिवार के साथ प्रताप नगर इलाके में रहती थी। आठ साल पहले इसकी शादी राजेंद्र नामक युवक से हुई थी। राजेंद्र की हरकतों से नाराज होकर महिला ने अपना घर छोड़कर दिया। वह लिव-इन में संजय नामक युवक के साथ सिंधौरा गांव में रहने लगी। ससुराल वालों ने 24 फरवरी को उसकी गुमशुदगी गुलाबी बाग थाने में करा दी। आठ मई को ससुराल वालों ने महिला को शास्त्री नगर मार्केट में पकड़ लिया।

**हैवानियत**

● आरोप है कि महिला के ससुराल वालों ने उसे बाजार से अगवा कर घर में बंधक बनाकर पीटा

# एमपी से लेकर आया दिल्ली में हथियारों की खेप, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इंटरेस्ट आर्म्स सप्लायर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 10 पिस्टल भी बरामद किया गया है। जिसे मध्यप्रदेश से लाकर दिल्ली में सप्लाई किया जाने वाला था, लेकिन पुलिस ने समय पर ट्रेप लगाकर हथियार सहित आरोपित को दबोच लिया। स्पेशल सेल के डीसीपी राजीव रंजन सिंह ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार हथियार सप्लायर की पहचान शिवम प्रजापति के रूप में हुई है। यह मध्य प्रदेश के सतना जिला का रहने वाला है। बरामद 10 पिस्टल .32 बोर के हैं। इसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत स्पेशल सेल थाने में मामला दर्ज किया गया है। स्पेशल सेल के नॉर्दन रेंज की टीम को इसके बारे में सूचना मिली थी। जिसके आधार पर एसीपी ललित मोहन नेगी की देखरेख में टीम ने इसे ट्रेप लगाकर दबोचा। जब यह हथियार की खेप लेकर दिल्ली के बारापूला फ्लाईओवर के पास सनदयाल पार्क पहुंचा था। इसके पास से हथियार बरामद किए जाने के बाद पूछताछ में पता चला कि यह पढ़ाई पूरी करने के बाद पहले छोटे-छोटे प्राइवेट नौकरियां की। उसी दौरान यह एक अमित यादव नाम के शख्स के संपर्क में आया, जो मध्य प्रदेश के रीवा का रहने वाला है। वह आर्म्स सप्लाई का धंधा करता है, यह भी उसके साथ मिलकर शॉर्टकट से पैसा कमाने के चक्कर में जुड़ गया।

फिर उसके साथ आर्म्स सप्लाई में शामिल हो गया। अमित कई सालों से अवैध हथियार की सप्लाई कर रहा था। इस पर कई मामले भी दर्ज हैं, वह स्पेशल सेल के एक मामले में वांछित भी है। साथ ही मध्य प्रदेश के रीवा में हत्या के मामले में भी शामिल है, जो 3 साल पहले 2020 में हुई थी।



**दबोचा**

● दिल्ली में सप्लाई किया जाने वाला था, लेकिन पुलिस ने समय पर ट्रेप लगाकर हथियार सहित आरोपित को दबोच लिया

# दो विषय में फेल होने से परेशान 12वीं की छात्रा ने नाले में कूदकर दी जान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
रोहिणी जिले के अमन विहार इलाके में 12वीं की एक छात्रा ने दो विषयों में फेल होने के बाद नाले में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि वह एक सुसाइड नोट छोड़कर घर से निकली थी। जिसके बाद वह बीते 12 मई से लापता थी। हालांकि, बच्ची के माता-पिता ने अमन विहार थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार उसका शव आज 14 मई को एक नाले से बरामद हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।

# शराब की दुकान में चोरी करने वाले 3 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के कृ**ष्णा नगर थाना क्षेत्र में एक शराब की दुकान में चोरी के मामले में एक बांग्लादेशी नागरिक समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपितों को पास के कैश, मोबाइल और स्कूटी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि 3 आरोपितों को यूपी के गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि गिरफ्तार लोगों की पहचान बांग्लादेशी नागरिक बिलाल के रूप में हुई है, जबकि दो अन्य मोहम्मद गाजी शेख और शेख की पहचान पश्चिम बंगाल के निवासियों के रूप में हुई है। शाहदरा के डीसीपी रोहित मीणा के मुताबिक, 25 अप्रैल को दिल्ली के शाहदरा निवासी पीड़ित वसीम अब्बास नकवी ने पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई कि कुछ अज्ञात लोगों ने एक शराब की दुकान की छत को काट कर दुकान के अंदर घुस गए और अलमारी का ताला तोड़कर रुपये चुरा लिए। पीड़ित की शिकायत के बाद कृष्णा नगर पुलिस ने आईपीसी की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। मामले को संवेदनशील मानते हुए आरोपितों को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया गया था। जांच के दौरान मामले को सुलझाने के लिए टीएसटी शाहदरा और क्रैक टीम कृष्णा नगर की एक संयुक्त टीम को काम सौंपा गया था। क्रैक टीम कृष्णा नगर ने शुरूआत में घटना स्थल के पास से 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले थे। शुरूआती जांच में पता चला कि रात करीब डेढ़ बजे तीन से चार लोग पैदल घटनास्थल पर आए और शराब की दुकान में घुस गए। वह दुकान के ऊपर खाली जगह पर गए और गड्ढा खोदकर सेंधमारी शुरू कर दी। साथ ही एक तकनीकी टीम के एएसआई दीपक कुमार ने हजारों मोबाइल नंबरों को खंगाला और 150 नंबर शॉर्टलिस्ट किए हैं। आगे इन संदिग्ध मोबाइल नंबरों के सीडीआर, एसडीआर, डोजियर और सोशल मीडिया प्रोफाइल को जांच की। जांच पूरी होने के बाद क्रैक टीम कृष्णा नगर ने फील्ड ऑपरेशन शुरू किया और छापेमारी की योजना बनाई। आरोपितों व्यक्तियों को लोनी और पसोंदा के संवेदनशील इलाकों से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि टीम ने उनके पास से 44700 रुपये, चोरी के दौरान पहने हुए कपड़े और जूते, चोरी के पैसे से खरीदा गया मोबाइल और स्कूटी और अपराध में इस्तेमाल स्कूटी बरामद की है।

**शिकंजा**

● आरोपितों को पास के कैश, मोबाइल और स्कूटी बरामद की है। 3 आरोपितों को यूपी के गाजियाबाद से गिरफ्तार किया



## न्यूज फ्लैश

### निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
महेन्दगढ़। रेड क्रॉस सोसाइटी व स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जयपुर हार्ट एंड जनरल हॉस्पिटल की ओर से आज खंड सतनाली के गांव जवाहर नगर में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। कैंप में कुल 210 मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाई वितरित की गई।
जयपुर हार्ट एंड जनरल हॉस्पिटल के कैंप टीम के इंचार्ज मनोज मित्तल ने बताया कि कैंप में ह्रदय गति, ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, एचबी, टीबी, एचआईवी, ह्रदय रोग, दमा रोग, स्वास रोग, नजला रोग व आंखों की जांच कर निशुल्क दवाईयां वितरीत की। उन्होंने बताया कि कैंप में डा. एसएस यादव, डा. पूनम सैनी व डा.एसपी सिंह ने मरीजों की जांच की। श्री मित्तल ने बताया कि दूरदराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना उनका उद्देश्य है। चिकित्सकों की टीम ने कैंप में आए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।
इस मौके पर सरपंच सिकंदर, नीरज, एक छोटी सी पहल सतनाली के सदस्य व गांव के गणमान्य लोग मौजूद थे।

### पुलिस की शह पर हो रही डग्गामार, ओवर लोडिंग



**मथुरा।** प्राइवेट सवारी वाहनों की डग्गामार और ओवरलोडिंग यात्रियों को भारी पड रही है। इसकी वजह से कई बड़े हादसे हो चुके हैं। नगर निगम क्षेत्र में जगह जगह कैमरे लगे हैं। ट्रेफिक पुलिस के जवान भी जगह जगह तैनात हैं लेकिन ओवरलोडिंग पर लगाम नहीं लग पा रही है। जिले भर का यही हाल हैं, धड़ाधड़ चालान काटे जाने के बाद भी डग्गामार और ओवर लोडिंग कम नहीं हो रही है।
गोवर्धन चौराहे राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस लेन पर डग्गेमार वाहनों का जमावडा रहता है। यही स्थित टाउनशिप चौराहे की है। टेम्पो आटो की स्थिति ज्यादा खराब है। चालक आगे की सीट पर तीन सवारी बैठाकर चलाते हैं। गोवर्धन चौराहे पर यातायात पुलिसकर्मियों का केवल दूसरे जिले और प्रदेशों की गाड़ियों पर रहता है। डग्गामार वाहनों से जाम की स्थिति बनी रहती है। चौराहे से निकलना भी आम लोगों के लिए दुश्वार हो जाता है। गोवर्धन चौराहे से मथुरा से कोसी की तरफ, मथुरा से आगरा की तरफ तथा मथुरा से गोवर्धन की ओर चलते हैं। चौराहे के चारों तरफ सड़क पर खड़े होकर सवारियां भरते हैं। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है।
नगर निगम की ओर से भी कई इन्हें व्यवस्थित करने इनके लिए अलग से जगह सुनिश्चित करने की बात कही गई लेकिन कार्य योजना को अमली जामा नहीं पहनाया जा सका। अलग से पार्किंग स्थल चयनित करने का मुद्दा भी उठा लेकिन कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी।

### स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज के सानिध्य में लगाये गये फ्री मेडिकल कैंप में 700 लोगों की जांच



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।** श्री कृष्ण कृपा जीयो गीता सेवा समिति व सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सेक्टर 13-17 स्थित कम्यूनिटी सैंटर में रविवार को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज के सानिध्य में फ्री मेडिकल कैंप लगाया गया। जिसमें डा संदीप सिंह आनंद , डा परशांत शर्मा, डा अर्जुन श्रीधर व डा प्रीतीश ने करीब 700 लोगों की आंखों व दांतों की जांच सहित सामान्य चैकअप किया। कैंप में मरीजों को जरूरत के अनुसार दवाईयों व चश्मा भी फ्री में दिया गया। कैंप का शुभारंभ स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज ने किया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

# मदर्स डे पर विशेष शो में छात्राओं ने देखी 'द केरला स्टोरी'

## नारी शोषण एवं आतंकवाद के विरुद्ध सामाजिक चेतना को जागृत करें: अनिल

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा /लोकेश चौधरी ।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की 112 छात्राओं ने सिनेमा हाल में आयोजित विशेष शो में द केरला स्टोरी फिल्म देखी, फिल्म देख कर छात्राएं भावुक हो गईं। द केरल स्टोरी फिल्म देखकर छात्राएं सिनेमा हॉल से निकल ने के बाद भावुक दिखाई दी और छात्राओं की आंखों में आंसू थे, वहीं छात्राओं का कहना है कि यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है, जो कुछ भी




फिल्म में दिखाया गया है वह बिल्कुल सही है, कुछ लोग लड़कियों के साथ गलत करते हैं लड़कियां भावुक होती हैं उसी का वह लोग फायदा उठाते हैं। इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ अनिल वाजपेयी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना अभियान से जुड़ी छात्राओं का उद्देश्य सामाजिक असमानता, सामाजिक कुरीतियों, शोषण एवं राष्ट्र निर्माण विरोधी शक्तियों के प्रति संघर्ष करना है। इस उद्देश्य के लिए विभिन्न माध्यमों से राष्ट्रीय चेतना का विकास करना है। वर्तमान समाज में सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध सिनेमा एक सशक्त माध्यम है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राएं यह फिल्म देख कर, नारी शोषण एवं आतंकवाद के विरुद्ध सामाजिक चेतना को जागृत करें। कार्यक्रम प्रबंधक मांडवी राठौर ने बताया कि आज मदर्स डे है और अनेक छात्राएं अपनी प्रिय मां को उपहार स्वरूप यह फिल्म दिखा रही हैं। प्रसिद्ध नाटय निर्देशक और टीवी कलाकार मनोज राठौड़ ने छात्राओं के साथ यह फिल्म देखकर उन्हें प्रोत्साहित किया।

## सुकून मिलता है पुण्य के काम में, फिर क्यों इतनी देरी रक्तदान में..



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल ।** नांगल क्षेत्र के भुंगारका गांव में युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा ने रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया । शिविर में जिला स्वास्थ्य विभाग, जिला रेड क्रॉस , टीम मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल, पीएचसी सिरोही बहाली का मुख्य सहयोग रहा। शिविर में 51 यूनिट रक्तदान एकत्र किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर अनिल यादव प्राचार्य बाबा खेतानाथ पॉलिटेक्निक ने कहा कि युवाओं को समझना होगा कि किसी भी खुशी के मौके पर फिजूलखर्ची करने के बजाय रक्तदान जैसे समाज कल्याण के कार्य करने चाहिए।
अमित भुंगारका ने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बच सकती है, इससे बड़ा पुण्य कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि कभी-कभी ऐसी स्थिति देखने को मिलती है, जिसमें विशेष रूप से गर्भवती महिलाएं शामिल होती हैं, जिनमें रक्त की गंभीर कमी पायी जाती है और प्रसव के समय रक्त की आवश्यकता होती है।

## विश्व बैंक की वरिष्ठ अर्थशास्त्री को मिला विशिष्ट नारी-शक्ति सम्मान



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
नारनौल। शांति शिक्षा समिति और सर्वोदय उच्च विद्यालय, नारनौल द्वारा विश्व बैंक, वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) की वरिष्ठ अर्थशास्त्री डॉ एस अनुकृति को 'विशिष्ट नारी-शक्ति सम्मान' से नवाजा गया है। दोनों संस्थाओं के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने आज हूडा सैक्टर स्थित मनुमुक्त भवन में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में शॉल, स्मृति-चिह्न, सम्मान-पत्र और नकद राशि भेंट कर उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। डॉ अनुकृति को नारी-शक्ति का प्रतीक और प्रेरणा-स्रोत बताते हुए समिति के संस्थापक अध्यक्ष दलजीत गौतम ने कहा कि नारनौल की बेटी डॉ अनुकृति ने माता-पिता के साथ अपने देश का नाम भी विश्व में रोशन किया है। इनका सम्मान वास्तव में नारी-शक्ति का सम्मान है। इस अवसर पर मनुमुक्त 'मानव' मेमोरियल ट्रस्ट के चीफ ट्रस्टी डॉ रामनिवास 'मानव' और ट्रस्टी डॉ कांता भारती के अतिरिक्त शांति शिक्षा समिति के अध्यक्ष दलजीत गौतम, सर्वोदय हाई स्कूल के प्रिंसिपल अमीचंद शर्मा, निदेशक डॉ मनीषा शर्मा, प्राइमरी स्कूल की प्रिंसिपल प्रीति शर्मा, शिक्षिका सरोज बाला, सचिव सुबोध कांत आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने मनाया कर्नाटक में मिली जीत का जश्न

**मथुरा।** कांग्रेसियों ने कर्नाटक में मिली बंपर जीत का जश्न मनाया। जिले के समस्त तहसील, ब्लाक और गांवों में जगह जगह मिठाई बांटकर लोगों को बधाई दी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि यह नफरत पर मोहब्बत की जीत है। यह भ्रष्टाचार पर सच्चाई की जीत है। यह विकास की जीत है। कांग्रेस हमेशा गरीबों और सभी समाज के लोगों के दुख दर्द में साथ खड़ी है, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से मिले जनसमर्थन और कर्नाटक के कार्यकताओं द्वारा की गई मेहनत का प्रतिफल है, दूसरे राज्यों में आने वाले चुनावों में कांग्रेस निश्चित ही भाजपा को हराकर पुनः आम जनता का विश्वास हासिल करेगी और जनता के दुख दर्द में सहभागी होगी।

## गीता भवन फ्लाईओवर के पास चल रही सीवरेज जाम समस्या का होगा समाधान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत :** पिछले महीने से गीता भवन चौक पर फ्लाईओवर के पास सीवरेज लाइन के मेन होल जाम होने के चलते कुछ दुकानों में दूषित जल भराव की समस्या उत्पन्न हुई थी। नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा काफी प्रयासों के बाद भी मेन होल जाम की समस्या का समाधान नही निकल पा रहा था। उपरोक्त समस्या के संज्ञान में आने के बाद मेयर निखिल मदान ने नगर निगम अधिकारियों के साथ मौके का दौरा किया था, और अस्थाई तौर पर सुपर सकर मशीन से दूषित जल की निकासी का काम शुरू करवाया था।
गत दिवस मेयर निखिल मदान ने मौके पर पहुंचकर समस्या के



स्थाई समाधान हेतु 6 फुट गहरी एक अलग ओवरफ्लो सीवरेज लाइन डालने का कार्य शुरू करवाया। मेयर निखिल मदान ने मौके पर जाकर संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए औ? स्थानीय दुकानदारों के साथ काम का निरीक्षण किया। इस कार्य को आगामी दो दिन में पूरा किया जाएगा जिससे दुकानदारों को निश्चित तौर पर राहत मिलेगी।

# याद रहेगा यह चुनाव, जब सपा साइकिल, कांग्रेस हाथ के साथ नहीं रही

## मेयर पद पर सपा ने मतदान से ठीक पहले कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को कर दिया था समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**चुनाव** आते जाते रहते हैं। चुनाव होंगे तो हार जीत भी होगी ही। जीते प्रत्याशी और उनके समर्थक जश्न मनाने और हारे हुए प्रत्याशी और उनके समर्थक हार के कारणों की पड़ताल में जुट जाते हैं। इस बार के निकाय चुनावों में हार जीत से ज्यादा चर्चा दूसरे कारणों की हो रही है। गुटबाजी और भितरघात की भी बातें हो रही हैं लेकिन यह चुनाव लम्बे समय तक इसके कारणों से अलग कुछ ऐसी वजहों के लिए याद किया जाएगा जो विरले ही घटित होती हैं। नगर निगम मेयर पद के लिए हुए चुनाव में इस बार कांग्रेस ने हाथ का साथ नहीं दिया और सपा ने साइकिल की सवारी करने से इनकार कर दिया। खांटी कांग्रेसी रहे पूर्व नगर पालिका चेयरमैन पंडित श्याम सुंदर उपाध्याय कांग्रेस के चुनाव चिन्ह हाथ का पंजा के साथ चुनाव मैदान में उतरे लेकिन कांग्रेस ने उन्हें अपना प्रत्याशी मानने से इनकार कर दिया। साथ यह पहरा भी बिठा दिया कि कोई कांग्रेसी उनके चुनाव प्रचार में नहीं जाएगा। इतना ही नहीं नामांकन के बाद पं.श्याम सुंदर उपाध्याय और उनके साथ नजर आ रहे

> **सुंदर उपाध्याय कांग्रेस के चुनाव चिन्ह हाथ का पंजा के साथ चुनाव मैदान में उतरे लेकिन कांग्रेस ने उन्हें अपना प्रत्याशी मानने से इनकार कर दिया**

एक दर्जन से अधिक कांग्रेसियों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। कांग्रेस आलाकमान ने पूर्व विधायक राजकुमार रावत को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया जिनका चुनाव चिन्ह जीप पर थी। मेयर चुनाव में कांग्रेसी हाथ का साथ छोड कर जीप पर सवार रही। इसका असर वार्डों में पार्षद प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार पर भी पडा। वह हाथ के पंजे पर चुनाव लड़े और हाथ पर बटन दबाने का अनुरोध मतदाताओं से करते रहे लेकिन मेयर के लिए ऐसा करने की हिम्मत नहीं जुटा सके।
इसका नतीजा यह रहा कि कांग्रेस प्रत्याशी श्याम सुंदर उपाध्याय बिट्टू को 35173 व कांग्रेस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी राजकुमार रावत को 30247 वोट ही मिल सके और बसपा प्रत्याशी राजा मोहतिम अहमद 35191 से आगे रहे। दूसरी ओर मतदान के ठीक पहले सपा प्रदेश इकाई ने अपने अधिकृत प्रत्याशी तुलसीराम शर्मा की जगह पत्र जारी कर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी राजकुमार रावत का समर्थन करने की घोषणा कर दी। वहीं सपा अधिकृत प्रत्याशी तुलसीराम शर्मा ने इसे अपनी राजनीतिक हत्या करार देते हुए चुनाव मैदान में डटे रहने की घोषणा कर दी और वह आखिर तक दमदारी से चुनाव मैदान में डटे रहे। सपा प्रत्याशी तुलसीराम शर्मा को 11922 वोट मिले। इस बीच कांग्रेस और सपा का कोई बडा नेता चुनाव प्रचार के लिए भी नहीं आया।

## बंपर जीत के बाद भी भाजपा में किस बात को लेकर है चिंता!

**मथुरा।** निकाय चुनावों के परिणाम आने के बाद कान्हा की नगरी भगवा रंग में रंगी हुई है। मथुरा वृंदावन नगर निगम में मेयर पद पर भाजपा प्रत्याशी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को एक लाख से भी अधिक मतों से पराजित किया है। वहीं कोसी नगर पालिका में भी भाजपा की बडी जीत हुई है। बावजूद इसके पार्टी में चिंता है। इन दो प्रतिष्ठित सीटों पर मिली जीत ने उस ओर से लोगों का ध्यान हटा दिया है जहां पार्टी का प्रदर्शन उतना बेहतर नहीं रहा है जीतने की उम्मीद थी।
नगर निगम वार्ड चुनावों में भी भाजपा को उम्मीद के मुताबिक परिणाम नहीं मिले हैं। मथुरा भारतीय जनता पार्टी का गढ़ बन चुका है। सांसद, एमएलसी, सभी विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष से लेकर तमाम जिला पंचायत अध्यक्ष पद भाजपा की झोली में हैं। मथुरा जिले में इसके अलावा 13 नगर पंचायत भी हैं। इनमें से पार्टी के खाते में सिर्फ चार सीट ही आई हैं। वहीं नौ पर उसे हार का सामना करना पडा है। कई जगह पार्टी को हार भी सम्मान जनक नहीं मिली है। राया नगर पंचायत में पार्टी अधिकृत प्रत्याशी चौथे नम्बर पर रहा है। भाजपा फरह, राधाकुंड, सौंख के अलावा गोकुल में ही नगर पंचायत चुनाव जीत सकी है। गोकुल में संजय दीक्षित ने लगातार दूसरी बार नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। वहीं बरसाना, नंदगांव, बलदेव, गोवर्धन और महावन में पार्टी को बड़ी जीत की उम्मीद थी जहां हार मिली है। गोवर्धन, बलदेव, राया, बाजना, चौमुंहा और महावन में निर्दलीय प्रत्याशियों के सामने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी टिक नहीं सके। वहीं इस बार आम आदमी पार्टी भी नगर पंचायत चुनावों में खाता खोलने में कामयाब रही है। बरसाना नगर पंचायत में आम आदमी पार्टी जीत हासिल की है।

## केएसबी लिमिटेड ने मजबूत प्रदर्शन के साथ 2023 की पहली तिमाही पूरी की

**गुरुग्राम।** केएसबी लिमिटेड ने 2023 की पहली तिमाही के लिए बिक्री मूल्य 4,896 मिलियन रुपए दर्ज किया गया है, जो 2022 की इसी तिमाही के मुकाबले लगभग 17% अधिक रहा और ऑपरेटिंग प्रॉफिट मार्जिन 12% है। 339 मिलियन मूल्य के एफजीडी ऑर्डर प्राप्त हुए जिनमें से 276 द्रङ्ग मूल्य के ऑर्डर के सी कॉटरेल से मिले।
वर्ष 2023 की पहली तिमाही के प्रदर्शन का सारांश बताते हुए, केएसबी लिमिटेड के वाइस प्रेसीडेंट (सेल्स और मार्केटिंग) श्री फारुख भथेना ने कहा, "2023 की पहली तिमाही में हमने पारंपरिक व्यवसाय से 6764 मिलियन रुपए के उच्चतम ऑर्डर स्वीकार करके अब तक का शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है।
उक्त तिमाही के लिए हमारी बिक्री 2022 की इसी अवधि की तुलना में 17% अधिक है। व्यापक आर्थिक वातावरण की जटिलता और सिकुड़ते मार्जिन के बावजूद, हम अपने प्रमुख बाजारों में उपलब्ध विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए सन्नद्ध हैं।

## रोटरी क्लब के चैकअप कैंप में लोगों के स्वास्थ्य की जांच की

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत,14 मई/टीम एक्शन इंडिया।** पानीपत ग्रामीण हलके के गांव बबैल में रोटरी क्लब पानीपत द्वारा रविवार को सरकारी स्कूल में निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। जिसमें डाक्टरों की टीम ने सैकड़ों ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई और जरूरत के अनुसार लोगों को दवाईयां भी दी गई। वहीं चैकअप कैंप में पानीपत ग्रामीण हलके वरिष्ठ नेता एवं प्रमुख उद्योगपति विजय जैन ने शिरकत की। रोटरी के प्रधान अमन सहगल, पूर्व प्रधान एडवोकेट रमेश गुप्ता व गांव के सरपंच विक्की वाल्मीकि



ने विजय जैन का पगड़ी पहनाकर व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। विजय जैन ने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा गांव में स्वास्थ्य चैक अप कैंप लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच करना सराहनीय है और ग्रामीण हलके के दूसरे गांवों में भी इसी तरह के कैंप लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। उन्होंने रोटरी क्लब की टीम को आश्वासन दिया कि वे भविष्य में इस तरह के कैंप लगाने को लेकर पूरा सहयोग

> **रोटरी क्लब की टीम को आश्वासन दिया कि वे भविष्य में इस तरह के कैंप लगाने को लेकर पूरा सहयोग करेंगे**

करेंगे।
इस अवसर पर क्लब के अमित भंडारी, सुमित मित्तल, मनमोहन अग्रवाल, डॉ. सचिन ,डॉ. विनोद गोयल , डॉ. राजीव , डॉ. शंकर लाल ,ब्लॉक समिति सदस्य धर्मेंद्र अहलावत, धर्मवीर अहलावत ,धर्मेंद्र शर्मा , सतपाल राणा ,बलदेव अरोड़ा हनुमान, राजकुमार शर्मा, कृष्ण अहलावत व यशपाल आदि मौजूद रहे।

# दीक्षांत एवं वार्षिक पारितोषिक समारोह का आयोजन

## कार्यक्रम में 50 स्नातकोत्तर और 170 स्नातक विद्यार्थियों को डिग्रियां देकर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत के** सेक्टर 18 स्थित देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में दीक्षांत समारोह व वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय महिला महाविद्यालय, मुरथल से सेवानिवृत्त और राजकीय महाविद्यालय, पानीपत की पूर्व प्राचार्या डॉ. सरोज मलिक ने शिरकत की। कालेज प्राचार्या संजू अबरोल ,उप प्राचार्या डॉ. रितु नेहरा, डॉ. नरसिंह जांगडा, डॉ.स्नेहलता, दलजीत सिंह, डॉ.सरोज चौहान व डॉ कुसुम ने




मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में 50 स्नातकोत्तर और 170 स्नातक विद्यार्थियों को उपाधियां देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्राचार्या ने कहा कि समाज व देश निर्माण का भार युवा वर्ग पर होता है। उन्होंने उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को उम्मीद की किरण कहा और उनके सुखद भविष्य की कामना की।
समारोह का कुशलपूर्वक संयोजन डॉ.रितु नेहरा ने किया। इस मौके पर कालेज स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## अखिल भारत हिंदू महासभा ने बच्चों को दिखाई द केरला स्टोरी

**मथुरा।** अखिल भारत हिंदू महासभा की तरफ से बच्चों को जागृत करने के लिए केरला स्टोरी फिल्म दिखाने के लिए हिंदू महासभा के कार्यकर्ता ले गए। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि इस फिल्म के देखने से बच्चों में लव जिहाद के प्रति जागरूकता आएगी। उनको मालूम चलेगा कि एक समुदाय के लोग शादी के जाल में फंसा कर फिर लड़कियों का शोषण करते हैं। फिल्म में सच्ची घटना दिखाई गई है जो भी फिल्म देखेगा उसको आतंकवादियों की सच्चाई पता चलेगी। हिंदू महासभा ने सभी स्कूल प्रबंधकों से और बच्चों के माता पिता से आग्रह किया है कि सभी लोग अपने बच्चों को इस फिल्म को जरूर दिखाएं।

## सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम : विद्याज्ञान स्कूल के 2023 बैच ने किया शानदार प्रदर्शन

### 88 छात्रों ने हासिल किए 90% से अधिक अंक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली: उत्तर प्रदेश** के आर्थिक रूप से कमजोर व मेधावी छात्रों के लिए एक ग्रामीण लीडरशिप अकादमी के रूप में संचालित हो रहे विद्याज्ञान ने जानकारी दी है कि इस वर्ष 12वीं कक्षा से कुल 116 छात्रों ने 92.92% के एवरेज स्कोर के साथ परीक्षा परिणाम प्राप्त किए हैं। वहीं 88 छात्रों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए जबकि 20 छात्रों ने अलग-अलग विषयों में 100 अंक प्राप्त किए हैं।विद्याज्ञान के बुलंदशहर कैंपस की अदिति सिंह, ह्यूमैनिटीज में 99.25% अंकों के साथ जिला और स्कूल टॉपर बनी हैं। जबकि विद्याज्ञान के सीतापुर कैंपस से रितिका



गुप्ता, ह्यूमैनिटीज में 98% अंकों के साथ स्कूल के लिए सबसे अधिक अंक लाने वाली छात्रा बनी हैं। बता दें कि इस साल की शुरुआत में सीतापुर स्थित विद्याज्ञान स्कूल की एक छात्रा दक्षिणायनी पांडे ने, पूर्ण स्कॉलरशिप पर अमेरिका के स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में एडमिशन प्राप्त किया है। जहां दक्षिणायनी, बायोइंजीनियरिंग में एक मेजर और एंटरप्रेन्योरशिप में एक माइनर कोर्स के साथ आगे बढ़ेंगी। गौरतलब है कि विद्याज्ञान हर साल यूपी के 75 जिलों से, स्कूल में पढ़ने के लिए आवेदन करने वाले 250,000 छात्रों में से लगभग 200 ग्रामीण टॉपरों को चुनता है।

# अगर नहीं हुई सुनवाई तो विधायक-पार्षद के विरूद्ध करेंगे विरोध प्रदर्शन

## मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए ने किया बैठक का आयोजन, विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी वेलफेयर एसोसिएशन में से एक मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य तौर पर दो एंजेडों को लेकर बैठक का आयोजन हुआ। पहला जल निकासी और जल भराव और दूसरा डिस्पेंसरी पर हाईकोर्ट के निर्णय के बाद कब्जे को लेकर।

**बैठक में क्या रहे मुद्दे?:** आरडब्ल्यूए की इस बैठक में क्षेत्र की सड़कों की जर्जर हालात, जल निकासी और मजलिस पार्क की डिस्पेन्सरी पर कब्जे को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान सभी ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये।

**आरडब्ल्यूए पदाधिकारी बोले, विधायक-पार्षद के कानों पर जू नहीं रेंगती:** इस बैठक में आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने



बेहद कड़ा रूख अपने हुए विधायक-पार्षद, दोनों जनप्रतिनिधियों को आड़े हाथों लिया। इस दौरान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुभाष दीक्षित ने कहा कि तीन साल से हमारे साथ ढुलमुल रवैया अपनाया जा रहा है। बकौल सुभाष दीक्षित हमने दर्जनों बार विधायक पवन शर्मा को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। लेकिन नतीजा सिफर ही रहा।

**विधायक-पार्षद पर क्यों बरसे पदाधिकारी व स्थानीय लोग:** बैठक में क्षेत्रीय विधायक पवन शर्मा और पार्षद मुकेश गोयल को क्षेत्र में काम न होने का कसूरवार ठहरवाते हुए उन पर जमकर गुस्सा निकाला गया। आरडब्ल्यूए संरक्षक अरविन्द शर्मा ने कहा कि जब इन्हें वोट चाहिए होते हैं तभी यह हमारे हाथ जोड़ते हैं, लेकिन जब हमें काम की आवश्यकता पड़ती है, तो ढुलमुल रवैया अपनाते हैं। वहीं परमानन्द सिंघल ने भी विधायक व पार्षद के खिलाफ उग्र विरोध प्रदर्शन का खुलकर समर्थन किया। कामोवेश यही राय बैठक में मौजूद अधिकतर लोगों की रही।

**बड़े विरोध प्रदर्शन की तैयारी में मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए:** बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति रोष को देखते हुए आरडब्ल्यूए मजलिस पार्क एक बड़े विरोध प्रदर्शन की तैयारी में है। बताया गया कि जनप्रतिनिधियों को एक पत्र के जरिये एक आखिरी मौका दिया जायेगा। अगर तयशुदा समय में क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया, तो आरडब्ल्यूए और स्थानीय निवासियों की ओर से धरने प्रदर्शन की राह को अपनाया जायेगा।

**मजलिस पार्क डिस्पेंसरी को बचाने के लिए आरडब्ल्यूए लड़ेगी कानूनी लड़ाई:** हाल ही मैं भडौला के त्यागी परिवार के पक्ष में आये हाईकोर्ट के निर्णय को लेकर आरडब्ल्यूए मजलिस पार्क ने गंभीर चिंता जताई है। आरडब्ल्यूए ने एक स्वर में यह तय किया कि इस सिलसिले को लेकर कानूनी लड़ाई लड़ी जायेगी। इस दौरान यह भी बताया गया कि डिस्पेन्सरी के मामले में निचली अदालत से आरडब्ल्यूए मजलिस पार्क कई वर्ष पहले केस जीत चुकी है। इस बात पर हैरानी जताई गई कि हाईकोर्ट में मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए को पार्टी क्यों नहीं बनाया गया। कुल मिलाकर आरडब्ल्यूए मजलिस पार्क और बैठक में मौजूद सभी लोग इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि इस मसले को लेकर कोर्ट में लड़ाई लड़ी जायेगी।

**ये लोग रहे मौजूद:** आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुभाष दीक्षित, महासचिव आईएस बंसल, कार्यकारी महासचिव सुशील बंसल, कोषाध्यक्ष नीरज कपूर, संयोजक सुरेन्द्र चौधरी, अरविन्द शर्मा, गुरदयाल छाबड़ा, रवि भारद्वाज, अनुभव धीर, अजय शर्मा, नरेश टंडन, सुनील खन्ना, अजेश गुप्ता, मंजती सिंह सोढी, बैयंत सिंह, लक्ष्मी नारायण गोयल, परमानन्द सिंघल, गोपाल तनेजा, ललित मंडी, सरदार पुरी जी, मिस्टर वर्मा, किशन लाल गोयल, अर्जुन जैन, प्रेमचंद गुप्ता, एसएन वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



**सुभाष दीक्षित, अध्यक्ष, मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए: तीन साल से हमारे साथ ढुलमुल रवैया अपनाया जा रहा है। हमने दर्जनों बार क्षेत्रीय विधायक पवन शर्मा को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया है, लेकिन नतीजा सिफर ही रहा।**



**नीरज कपूर, कोषाध्यक्ष, मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए: जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे है, न तो क्षेत्र में समय से सफाई हो रही है और न ही क्षेत्र में जल निकासी पर ध्यान दिया जा रहा है। मैं बैठक में आये हुए सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं।**



**आईएस बंसल, महासचिव, मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए: आज की बैठक में मुख्य तौर पर जल निकासी, जल भराव और डिस्पेंसरी पर हाईकोर्ट के निर्णय के बाद कब्जे को लेकर चर्चा की गई। अगर इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो प्रदर्शन किया जायेगा।**



**अरविन्द शर्मा, मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए की आज कई मुद्दों को लेकर अहम बैठक हुई और बैठक में फैसला लिया गया है, अगर जनप्रतिनिधि समस्याओं पर ध्यान नहीं देगें और समस्या का समाधान नहीं करेगें तो विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।**



**सुरेन्द्र चौधरी: जनप्रतिनिधियों को जनता की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए, जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े लेकिन विधायक-पार्षद अपने में मस्त है और जनता की समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे है।**

# स्वरूप नगर में श्री खाटू श्याम मासिक भंडारा सेवा समिति ने किया भंडारा आयोजित

## स्वच्छ उड़ान फाउंडेशन ने एक्यूप्रेशर कैंप का किया आयोजन, 50 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच










**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के स्वरूप नगर में श्री खाटू श्याम मासिक भंडारा सेवा समिति की तरफ से दूसरे विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 1200 लोगों ने खाटू श्याम बाबा की कृपा से भोजन प्राप्त किया एवं खाटू श्याम बाबा का जयकारे लगाए। इस मौके पर आशीष गर्ग, संजय गर्ग, तनुज गर्ग, अजेय मंगला, संजय यादव, धर्मेंद्र सैनी, राकेश शर्मा,मनीष खन्ना, विजय, अखिल जैन, निखिल गर्ग सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर स्वच्छ उड़ान फाउंडेशन के अध्यक्ष आशीष गर्ग ने बताया कि मदर ड़े पर स्वच्छ उड़ान फाउंडेशन की तरफ से एक्यूप्रेशर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 50 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। डाक्टर नवनीत कौर, डॉ. अमृत पाल सिंह ने आये हुए लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और उचित सलाह दी।

# मॉडल टाउन: मोहन पार्क वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव संपन्न






**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के मॉडल टाउन इलाके के आर्य समाज मंदिर में मोहन पार्क वेलफेयर एसोसिएशन एम/आर/के-31 ब्लॉक का चुनाव सम्पन्न हुआ। आपको बता दें कि चुनाव अधिकारी प्रबोध मल्होत्रा, मनीष पचौरी इन लोगों ने निष्पक्ष रूप से चुनाव की प्रकिया करवाई और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हुआ। आपको यह भी बताते चलें कि जितेन्द्र मंडलिया को मोहन पार्क वेलफेयर एसोसिएशन का सहसचिव निविरोध चुना गया। इस मौके पर अजय गुप्ता (बॉबी) समाजसेवी मॉडल टाउन ने कहा कि इन लोगों ने बहुत ही मेहनत की है, जिसका फल आज इनको मिला है। मैं आशा करता हूं कि नई टीम क्षेत्र के विकास कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभायेगी। तो वहीं युवा समाजसेवी सुरजीत सिंह शेरा ने कहा कि मैं आज मोहन पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में जीते हुए सभी पदाधिकारियों को बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि वह जनता की समस्याओं का पूर्ण रूप से समाधान करेगें। इस अवसर पर मौजूद सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए नवनियुक्ति आरडब्ल्यूए उपाध्यक्ष ललित कुमार शर्मा ने कहा कि आज जो जिम्मेवारी मुझे मिली है, उसको में अच्छी तरह से निभाते हुए क्षेत्र की समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान दूंगा और सभी मिलकर क्षेत्र का विकास करेगें।

**ये लोग बने आरडब्ल्यूए के नये पदाधिकारी:** मोहन पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, उपाध्यक्ष ललित कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष राकेश गोयल, महासचिव अजय गुप्ता, सहसचिव हरदीप सिंह, सहसचिव जितेन्द्र मंडालिया, कोषाध्यक्ष सुमित शर्मा है।

**क्षेत्र के विकास पर दिया जायेगा ध्यान:** नवनियुक्ति पदाधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र की जो भी समस्याएं है, उसके समाधान पर विशेष रूप से जोर दिया जायेगा, ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सके।

**लोगों ने दी बधाई:** मोहन पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के नवनियुक्ति पदाधिकारियों को लोगों ने बधाई दी और उनका स्वागत भी किया। **ये लोग रहे मौजूद रहे:** अजय गुप्ता बॉबी, सुरजीत सिंह शेरा, दीपक जिंदल, राजेश अरोड़ा, सुनील बत्रा, अमित जैन कई लोग मौजूद रहे।





# केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने किया जेनेरिक दवाइयों की दुकान का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** मोदी जी कहते है जिस देश का नागरिक स्वस्थ नहीं होगा वह देश कभी मजबूत देश नहीं बन सकता। देश तभी आगे बढ़ेगा जब उसका एक एक नागरिक स्वस्थ होगा। भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज फरीदाबाद सेक्टर-37 में प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना के अंतर्गत जेनेरिक दवाइयों की दुकान का शुभारंभ रिबन काट कर विधिवत रूप से किया। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि हर गरीब व्यक्ति को अच्छा इलाज मिले। आज इस महंगाई के युग में लोगों का इलाज



कराना और उसके बाद महंगी दवाइयां लेना उनकी पहुंच से बाहर था। लेकिन अब दवाइयां आम आदमी की पहुंच में हो इसलिए पुरे देश में प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना के अंतर्गत जेनरिक दवाइयों के स्टोर खोले गए हैं। आज हजारों की संख्या में पूरे देश में इस तरह के जेनेरिक दवाइयों के स्टोर खोले गए हैं और लाखों लोगों को इसका फायदा मिल रहा है।

इन स्टोर्स पर 70 से 80त्न तक का डिस्काउंट दवाइयों पर मिल जाता है। यहां मिलने वाली दवाइयों में सिर्फ नाम और साल्ट का फर्क होता है बाकी दवाई वही होती है। आज बहुत सस्ती दवाइयां आम आदमी को मिलने लगी है। यह मोदी सरकार का एक बहुत बड़ा ऐतिहासिक कदम है कि इस देश के लोगों को सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने का जो सपना है देश में वह तेजी से साकार हो रहा है।

क्या होती है जेनेरिक दवाएं और क्यों होती हैं इतनी सस्ती आपको बता दे कि किसी एक बीमारी के इलाज के लिए तमाम तरह की रिसर्च और स्टडी के बाद एक रसायन (साल्ट) तैयार किया जाता है जिसे आसानी से उपलब्ध करवाने के लिए दवा की शक्ल दे दी जाती है। इस साल्ट को हर कंपनी अलग-अलग नामों से बेचती है। कोई इसे महंगे दामों में बेचते है तो कोई सस्ते। लेकिन इस साल्ट का जेनेरिक नाम साल्ट के कंपोजिशन और बीमारी का ध्यान रखते हुए एक विशेष समिति द्वारा निर्धारित किया जाता है। किसी भी साल्ट का जेनेरिक नाम पूरी दुनिया में एक ही रहता है। जहां पेंटेट ब्रांडेड दवाओं की कीमत कंपनियां खुद तय करती हैं वहीं जेनेरिक दवाओं की कीमत को निर्धारित करने के लिए सरकार का हस्तक्षेप होता है।जेनेरिक दवाओं की मनमानी कीमत निर्धारित नहीं की जा सकती।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक, डॉक्टर अगर मरीजों को जेनेरिक दवाएं प्रिस्क्राइब करें तो विकसित देशों में स्वास्थ्य खर्च 70 परसेंट और विकासशील देशों में और भी अधिक कम हो सकता है।

# कैबिनेट मंत्री ने किया 22वीं राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2023 के शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)** हरियाणा के परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने 22 वीं राज्यस्तरीय किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप- 2023 के शुभारंभ किया। 22वीं राज्यस्तरीय किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2023 के शुभारंभ मौके पर स्थानीय सेक्टर 12 इंडोर स्टेडियम में प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल प्रतियोगिताओं में जीतने वाले खिलाडियों से हारने वाले खिलाडियों को प्रेरणा मिलती है। हारने वाले खिलाड़ी सीख लेकर जाएंगे तो निश्चित तौर पर अगली प्रतियोगिता में जीत



सुनिश्चित करेंगे। बतौर मुख्यातिथि पहुंचने पर परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वहीं कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने मां सरस्वती पूजा दीप प्रज्वलित कर और परेड मार्च की सलामी के साथ चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। बता दें कि प्रदेश भर से करीब 27 टीम भाग ले रही हैं। इस मौके पर किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री संतोष अग्रवाल, शहरी निकाय मंत्री श्री कमल गुप्ता के भाई श्री अनिल गुप्ता, प्रिंसिपल नेहरू कॉलेज एमके गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज के प्रिंसिपल केके गुप्ता, मनीष अग्रवाल, डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट गिर्राज सिंह, डॉ ललित सहित कोचिज व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 22 वर्षीय लड़के को क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने किया कुशल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** । डीसीपी क्राइम श्री मुकेश मल्होत्रा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच के प्रभारी सर जी सिंह की टीम ने घर से निकले 22 वर्षीय लड़के को सकुशल बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा लड़का बिना बताए 7 मई को घर से निकल गया था। परिजनों ने तलाश के बाद थाना एनआईटी फरीदाबाद में लड़की की गुम होने की सूचना दी थी जिस पर मामला दर्ज कर पुलिस टीम लड़के को तलाश कर रही थी। मामले की कार्यवाही क्राइम ब्रांच के द्वारा की जा रही थी जिसमें क्राइम ब्रांच ने अपने-अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से लड़की का सराय बदरपुर बॉर्डर का पता लगाया जिस पर तुरंत एक टीम बनाकर लड़के को बरामद कर लिया गया। लड़के से परिजनों के सामने पूछताछ की गई जिसमें लड़की ने बताया कि वह घर वालों से किसी बात को लेकर नाराज था। लड़के के बयान दर्ज कराने के बाद आगामी कार्रवाई के लिए स्थानीय थाना पुलिस व परिजनों के हवाले किया है। लड़की के परिजनों ने पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया।

### 17 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को थाना छायंसा पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** डीसीपी बल्लबगढ़ श्री मुकेश मल्होत्रा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश कार्रवाई करते हुए थाना छायंसा प्रबंधक, पुलिस चौकी चांदपुर इंचार्ज तुषाकांत की टीम ने चोरी करने के लिए मृत्यु, क्षति या अवरोध कारित करने की तैयारी के पश्चात चोरी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नौरंग उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के गांव मन्जुखेडा का रहने वाला है। आरोपी ने वर्ष 1999 में अपने साथियों के साथ मिलकर लाठी डंडा का भय दिखा कर ट्रैक्टर ट्रॉली चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में 4 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आरोपी नौरंग को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था। आरोपी जमानत पर था। आरोपी जमानत के बाद अदालत में पेश नहीं होने के कारण वर्ष 2007 से माननीय अदालत के द्वारा पीओ घोषित कर दिया था। आरोपी को पुलिस टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना में थाना अच्छा ऐसा के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### जनसंवाद कार्यक्रम नहीं यह सीएम की विदाई पार्टी: डॉ. अशोक तंवर

**सिरसा।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर ने रविवार को प्रदेशभर में हो रहे मुख्यमंत्री खट्टर के जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर साधते हुए कहा कि यह सीएम खट्टर का जनसंवाद कार्यक्रम नहीं, उनकी विदाई पार्टी है। मुख्यमंत्री खट्टर सभी जिलों में घूमकर अपनी फेयरवेल पार्टी ले रहे हैं। कार्यकताओं से रूबरू होते हुए डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि डबवाली में किसानों पर लाठीचार्ज करके खट्टर सरकार ने अपने ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम किया है। उन्होंने कहा कि किसानों को अभी तक मुआवजा तो मिला नहीं, खट्टर सरकार गरीब किसानों पर लाठियां बरसाने का काम कर रही है।शनिवार को भी गांव खैरेकां में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं को जबरन हिरासत में रखा गया और देर रात रिहा किया गया जबकि हिरासत में लिए गए लोग संवाद करने ही गए थे। उन्होंने कहा कि रविवार को भी अपनी समस्याओं को लेकर कार्यक्रम में लेकर जाने वाले किसानों पर लाठियां बरसाने का काम किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री खट्टर के जनसंवाद कार्यक्रम को झूठा बताते हुए कहा कि वे अहंकारी हो गए हैं। प्रदेश की जनता आने वाले चुनावों में इनका अहंकार तोड़ने का काम करेगी। पूर्व सांसद डॉ. तंवर ने कहा कि कर्नाटक और जालंधर उपचुनाव के बाद अब यही हालात हरियाणा में भी बनने वाले हैं। हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा अब जाने वाली है। किसानों, बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं को सडकों पर लाने वाली खट्टर सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। प्रदेश के लोगों ने भी खट्टर सरकार को बाय-बाय करने का मन बना लिया है।

# पूरे हरियाणा में स्वास्थ्य सेवा का मॉडल बनेगा कैनविन: राज्यपाल बंडारू

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया उम्मीद स्वस्थ भारत की लेकर** चल रहे कैनविन फाउंडेशन का मान और सम्मान रविवार को उस समय कई गुणा बढ़ गया जब हरियाणा के महामहिम राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि डा. डीपी गोयल और नवीन गोयल गुरुग्राम में स्वास्थ्य के लिए अच्छा काम कर हैं। उन्होंने कहा कि सामान्यतः कोई राज्यपाल किसी निजी कार्यक्रम में नहीं जाते, लेकिन गोयल परिवार की निःस्वार्थ सेवा भावना को देखकर उन्होंने कैनविन आरोग्य धाम के उद्घाटन में आने का निर्णय लिया। वे रविवार को यहां द्रोणाचार्य कालेज में कैनविन आरोग्य धाम (मल्टीस्पेशलिटी चैरिटेबल हेल्थ केयर सेंटर) के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने न्यू रेलवे रोड स्थित कैनविन आरोग्य धाम का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। उन्होंने पूरे परिसर को गौर से देखा और वहां पर शुरू की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की मुक्त कंठ से सराहना की। इसके बाद राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय, महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव, गुरुग्राम की पूर्व सांसद, भाजपा संसदीय बोर्ड सदस्य एवं केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य डा. सुधा यादव, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांतीय सह-संघचालक माननीय प्रताप जी, गुरुग्राम के सिविल सर्जन डा. वीरेंद्र यादव, द्रोणाचार्य कालेज के प्राचार्य वीरेंद्र अंतिल कालेज के खेल मैदान पर बनाए गए विशाल पंडाल में हजारों लोगों से खचाखच



भरे पंडाल में मुख्य मंच पर पहुंचे। राज्यपाल ने कहा कि कैनविन आरोग्य धाम अस्पताल का उद्घाटन करके उन्हें खुशी हो रही है। यहां गरीबों के लिए अच्छी सुविधाएं दी गई हैं। इसके लिए वे डीपी गोयल, नवीन गोयल का अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सब पैसा कमाते हैं और कमाना भी चाहिए। लेकिन उस कमाई में से कुछ हिस्सा समाजसेवा में भी लगाना चाहिए। उन्होंने खुशी है कि गोयल परिवार स्वास्थ्य के रूप में ऐसे क्षेत्र में सेवा कर रहे हैं, जो आम व गरीब लोगों की जरूरत है। उन्होंने उनकी माता जी स्व. श्रीमती अंगूरी देवी जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि माता जी की प्रेरणा से उन्होंने इस क्षेत्र में काम करने का संकल्प लिया। राज्यपाल ने कोविड के समय में देश की 130 जनता को टीका लगाने के कार्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यकुशलता को सराहा। उसी से सीख लेकर देश में आयुष्मान भारत योजना समेत कई स्वास्थ्य योजनाएं शुरू की गई। हरियाणा में चिरायु योजना मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुरू की। उन्हें खुशी है कि कैनविन फाउंडेशन भी भारत की स्वास्थ्य योजनाओं को अपने यहां पर लागू करेगा।

**भाषण देते हुए भावुक हुए स्वामी धर्मदेव जी**

समारोह में बोलते हुए महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी ने कहा कि हमारे जीवन का संकल्प हो कि यहां कुछ अलग करके जाना है। इस तरह के संकल्प को डा. डीपी गोयल, नवीन गोयल पूरा कर रहे हैं। माता स्व. श्रीमती अंगूरी देवी व पिता स्व. श्री जयकिशन गोयल को नमन करते हुए स्वामी जी ने कहा कि आज ये दोनों पवित्र आत्माएं भी गौरवान्ति हो रही होंगी, जिन्होंने ऐसे बच्चों को जन्म दिया जो समाज के लिए अपना जीवन लगा रहे हैं। भावुक होकर उन्होंने कहा कि समाज के हर माता-पिता अपने बच्चों को ऐसे संस्कार दें जो इन्हें मिले हैं। हम स्वार्थ में नहीं परमार्थ में समय लगाएं। स्वामी धर्मदेव जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, योगी आदित्यनाथ और मुख्यमंत्री मनोहर लाल को संत की संज्ञा देते हुए कहा कि इनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में देश, प्रदेश तरक्की कर रहे हैं।

# शत प्रतिशत रहा दसवीं व बारहवीं कक्षा का परिणाम

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** 21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में आज दसवीं कक्षा का बोर्ड परिणाम घोषित हुआ जिसमें जीवा के छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जीवा पब्लिक स्कूल फरीदाबाद का एक उच्च कोटि का आई0सी0एस0ई0 स्कूल है तो शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। स्कूल के सभी बोर्ड छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर जिले में जीवा पब्लिक स्कूल का नाम रोशन किया है। छात्रों के अथक प्रयास



और साल भर के परिश्रम का फल बोर्ड के परीक्षा परिणाम फल के साथ ही जुड़ा होता है। यही वह समय होता है जब वह छात्रों के भविष्य का निर्माण होता है। विद्यालय का परीक्षा फ ल शत प्रतिशत रहा। दसवीं कक्षा में कुल 108 बच्चे और बारहवीं कक्षा में कुल 60 बच्चों ने बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की।

## आरटीए पलवल का असर, एक माह में चालान डबल

**चंडीगढ़:** ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट में दूसरी सर्विस और विभागों के अधिकारियों की नियुक्ति सरकार को रास आ गई है। डिस्ट्रिक्ट ट्रांसपोर्ट ऑफिसर और आरटीए सचिव के पद पर पुलिस विभाग के डीएसपी, आईएफएस के अलावा दूसरी सर्विस के भी अधिकारी अब लगाए जा रहे हैं। जेल अधीक्षक सुनील सांगवान को भी सरकार ने पलवल में आरटीए लगाया था। एक महीने की अवधि में ही सांगवान ने चालान और जुमार्ना में दो से तीन गुणा तक बढ़ोतरी कर दी। हालांकि इस बीच, सरकार सुनील सांगवान की बदली पलवल से भिवानी में कर चुकी है।

## पहलवानों को प्रताड़ित कर राष्ट्रीय गौरव को अपमानित किया जा रहा



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** जींद।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने रविवार को जुलाना में प्रेसवार्ता की। उन्होंने मुख्यमंत्री खट्टर की बौखलाहट पर बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनहित से जुड़े सवालों से घबरा रहे हैं। आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं को जबरदस्ती गिरफ्तार किया जा रहा है। पीटने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री खट्टर को चेतावनी देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता हर जनसंवाद कार्यक्रम में सवाल पूछेंगे। अगर, मुख्यमंत्री जवाब नहीं देंगे तो ये जनसंवाद का ड्रामा बंद करें। इससे पूर्व, उन्होंने गांव मालवी में जंतर मंतर पर बैठे अंतरराष्ट्रीय कुश्ती पहलवानों और बेटियों के लिए हुई पंचायत को समर्थन किया और कहा कि देश और प्रदेश की बेटियों को न्याय मिलना चाहिए। इसके बाद छातर गांव में भी हुई पंचायत में भी वे शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जंतर मंतर धरने पर बैठे कुश्ती खिलाड़ियों के मामले पर आम आदमी पार्टी राजनीति नहीं करेगी, पार्टी के बैनर के नीचे कोई प्रदर्शन या आंदोलन नहीं किया जाएगा। लेकिन हम अभी तक प्रदेश के लगभग 600 गांव में पंचायत कर चुके हैं और पहलवानों के लिए समर्थन मांग चुके हैं। उन्होंने कहा कि पहलवानों के समर्थन में प्रदेश के गांव-गांव में पंचायतें और खाप पंचायतें कर जो 21 मई तक का समय सरकार को दिया हुआ है। तब तक अगर मांगे पूरी नहीं होती हैं, तो स्थानीय स्तर पर गांव के लोगों को तैयार रहना चाहिए। आने वाले समय में प्रदेश के हर गांव में खिलाड़ियों के समर्थन में यह आंदोलन देखने को मिलेगा और आम आदमी पार्टी इस आंदोलन में खिलाड़ियों के साथ है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का संगठन अगले दो-तीन दिन में घोषित किया जायेगा। अब आम आदमी पार्टी 2024 के चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर रखते हुए हरियाणा में संगठन निर्माण करेगी।

# दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** डीसीपी क्राइम श्री मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए निर्देश के तहत क्राइम ब्रांच बीपीटीपी प्रभारी जगमिंदर की टीम ने गांजा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रामप्रसाद और मोहम्मद अलीशेर का नाम शामिल है आरोपी रामप्रसाद फरीदाबाद के सेक्टर 17 प्रेम नगर झुग्गी का तथा आरोपी मोहम्मद अली शेर दिल्ली के जैतपुर के हरी नगर पार्ट 2 का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी रामप्रसाद को



अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सेक्टर 17 के एरिया में गांजा बेचते हुए काबू किया है आरोपी से मौके पर 232 ग्राम गांजा बरामद किया गया था। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 17 में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया था आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह गांजा को जैतपुर दिल्ली के मोहमद अली शेर से 300 ग्राम गांजा 2000/- रूपए में लेकर आया था। आरोपी मोहमद अली शेर से पूछताछ में सामने आया कि गांजा ओखला दिल्ली से 900 ग्राम गांजा 7000 रूपए में लाया था।

# साइबर ठग, व्हाट्सएप व फेसबुक पर परिचित की फोटो लगा करते है बात

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** पुलिस साइबर ठगो के चक्रव्यूह को तोडने में लगी हुई है हाल ही में हरियाणा पुलिस के द्वारा साइबर अपराध के खिलाफ मेवात में बड़ा सर्च अभियान चलाया गया था। इस ऑपरेशन में हरियाणा पुलिस द्वारा जिला नूंह में साइबर जालसाजों के ठिकानों पर एक साथ 27/28 अप्रैल की मध्यरात्रि को 5000 पुलिसकर्मियों की 102 टीमों ने जिले के 14 गांवों में एक साथ छापेमारी की थी जिसमें फरीदाबाद पुलिस के भी करीब 500 साइबर एक्सपर्ट शामिल थे। करीब 125 संदिग्ध हैकर्स को हिरासत में लिया



गया था। आरोपियों द्वारा देश भर में लगभग 100 करोड़ रुपये की साइबर ठगी का खुलासा हुआ है। साइबर ठगी की इन वारदातों को देखते हुए डीसीपी मुख्यालय एवं साइबर अपराध नोडल अधिकारी श्री हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर आमजन की जागरूकता के लिए फरीदाबाद पुलिस की तरफ से साइबर अपराध से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। डीसीपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि साइबर अपराधी व्हाट्सएप व फेसबुक पर आपके परिचित की फोटो लगाकर योजना के तहत कोई झूठा कारण बताकर 2 दिन,4 दिन या एक हफ्ता के नाम पर रुपये उधार की मांग करके ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं। कुछ भोले-भाले व्यक्ति ठग द्वारा बताई गई कथित मजबूरी को वास्तविकता समझकर बिना किसी जांच पड़ताल या पूछताछ के पैसे ट्रांसफर कर देते हैं। जिसकी वह बाद में जानकारी लेते हैं तो उन्हें पता चलता है कि उनके साथ फ्रॉड हो चुका है इसीलिए जल्दबाजी में पैसा ट्रांसफर ना करें। अगर परिचित को रुपए की जरूरत है तो पूरी जानकारी लेने के बाद ही आगे का कदम उठाएं। आजकल के आधुनिक युग में हर नागरिक किसी न किसी माध्यम से इन्टरनेट से जुड़ा हुआ है। इन्टरनेट की इसी कनेक्टिविटी की वजह से हर नागरिक सेकिंडों में एक दुसरे से संपर्क कर सकता है परन्तु कुछ फ्रॉड प्रवृति के लोग इसका गलत इस्तेमाल करके भोले-भाले लोगों के जीवन भर की कमाई को पलक झपकते ही उड़ा लेते हैं। अपराधी साइबर फ्रॉड के नए नए तरीके खोजते रहते हैं जिनमे से कुछ इस प्रकार हैः

ऐसे होती है साइबर ठगीः

आरोपी व्हाट्सएप व फेसबुक पर आपके दोस्त या जानकर की फोटो लगाकर आपसे पैसे मांगते हैं। जो पीड़ित विश्वास में आकर बिना किसी जानकारी के पैसे ट्रांसफर कर देता है जिसे बाद में जानकारी मिलती है कि उसके साथ साइबर फ्रॉड हो चुका है। अगर पैसे देने वाला कोई क्वेश्चन करता है तो आरोपी बहाने बनाता है कि वह मीटिंग में है वह ज्यादा बात नहीं कर सकता और उसे पैसे की तुरंत आवश्यकता है कृपया इस अकाउंट में पैसे डाल दो। आनन-फानन में पीड़ित प्रोफाइल फोटो व नाम से ही धोखा खा जाता है और पैसे ट्रांसफर कर देता है। इसके साथ ही कई बार कंप्यूटर में इस्तेमाल किए गए व्हाट्सएप के स्कैन कोड को हैक करके जानकारी लेकर भी वारदात को अंजाम दिया जाता है।

हनी ट्रैपः लोगों के साथ ठगी का सबसे नया तरीका है हनी ट्रैप। इसमें किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म की सहायता ली जाती है जिसमे सबसे प्रमुख है फेसबुक। इसमें लड़कियां लोगों को मेसेज भेजकर उनके साथ विडियोकॉल के माध्यम से सम्बन्ध स्थापित करती है और इस विडियोकॉल को रिकॉर्ड करके उन्हें ब्लैकमेल करती है। पीड़ित को विडियो वायरल के नाम पर ब्लैकमेल किया जाता है जिसमे बदनामी के डर से पीड़ित इनके जाल में फसकर उन्हें पैसे ट्रान्सफर कर देता है। एक बार पैसे मिलने पर यह ठग उसे बार-बार ब्लैकमेल करते हैं और बार बार पैसे वसूलते हैं वहीँ पीड़ित बदनामी के डर से यह बात किसी को बता भी नहीं सकता।

**इन बातों का ध्यान रखने से बच सकते हैं ठगी सेः-**

फेसबुक या किसी भी प्लेटफार्म पर अनजान लोगों की दोस्ती न स्वीकार करें। इन्हें तुरंत ब्लॉक कर दें और इनके संपर्क में आने से बचें आपके किसी परिचित का प्रोफाइल फोटो लगाकर अगर आपसे कोई पैसे की डिमांड करता है तो आप तुरंत सतर्क हो जाइए क्योंकि कोई भी व्यक्ति संकट के समय मैसेज भेज कर मदद नहीं मांगेगा।

व्हाट्सएप के सेटिंग में कई सुरक्षा की प्रणालियां है उन सभी को गौर से पढ़ें और उन्हीं सभी सेटिंग को अपने व्हाट्सएप में लागू करें।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 15 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

न्यूज फ्लैश

## भाजपा ने जनता का दिल भी जीता : गणेश

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित महापौर एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने पार्टी कार्यालय पहुंचकर कार्यकताओं से कहा कि भाजपा ने नगर निगम का चुनाव ही नहीं बल्कि प्रयागराज की जनता का दिल भी जीता है। जिस विश्वास के साथ प्रयागराज की जनता ने प्रचंड बहुमत के साथ जिताया है, उस विश्वास पर मैं खरा उतरूंगा और जनता की बुनियादी समस्याओं का कार्यकताओं के साथ मिलकर समाधान करूंगा। गणेश केसरवानी ने नगर निगम के चुनाव में प्रचंड विजय के बाद रविवार को सर्वप्रथम पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पहुंचकर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि मैं सबसे पहले भाजपा का एक साधारण कार्यकर्ता हूं, महापौर बाद में हूं और सभी भाजपा के कार्यकर्ता स्वयं में महापौर हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जातिवाद के आधार पर चुनाव तो जीत सकते हैं पर देश और समाज का भला नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा देश व समाज के हित में है जो कभी पराजित नहीं होती और उस विचारधारा को देश, प्रदेश और प्रयागराज ने स्वीकार किया है। इस अवसर पर सांसद रीता बहुगुणा जोशी, सांसद केसरी देवी पटेल पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि प्रयागराज नगर निगम में मिली प्रचंड विजय भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं एवं भारतीय जनता पार्टी के विचारों की जीत है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि नवनिर्वाचित महापौर गणेश केसरवानी पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रतिमा पार्क, आजाद पार्क, डॉ. भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल, छुन्नन गुरु की प्रतिमा पर पहुंच कर उन्हें नमन किया और सांसद केसरी देवी पटेल के आवास पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात विहिप कार्यालय केसर भवन एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय पहुंचकर वरिष्ठों का आशीर्वाद लिया। पार्टी कार्यालय में संचालन वरुण केसरवानी एवं कुंज बिहारी मिश्रा ने किया।

## यात्रियों की सुविधा के लिए चार एक्सप्रेस ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

**मुरादाबाद ।** उत्तर रेलवे मुरादाबाद रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग सुधीर सिंह ने बताया कि यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा चार रेलगाड़ियों में अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने आगे बताया कि रेलगाड़ी संख्या 14010 आनंद विहार टर्मिनस बापूधाम टर्मिनस में 16 मई से 17 मई तक एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगेगा। रेलगाड़ी संख्या 14009 बापूधाम मोतिहारी आनंद विहार टर्मिनस में 17 मई से 18 मई तक, रेलगाड़ी संख्या 14318 देहरादून इंदौर में 13 मई से 19 मई तक और रेलगाड़ी संख्या 14317 इंदौर-देहरादून में 14 मई से 20 मई तक एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगेगा।

## पूजा ने उत्तीर्ण की राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षा

**नैनीताल।** जनपद मुख्यालय के निकटवर्ती ज्योलीकोट के ग्राम बेलुवाखान निवासी डा.पूजा आर्या ने राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षा द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। स्थानीय ग्रामीण विद्यालयों से शिक्षा प्राप्त और कृषि विश्व विद्यालय राजस्थान से शोध कार्य कर अपने मेहनत से पूजा ने राजस्थान के बाबा गंगादास राजकीय महिला विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति प्राप्त की है।

# उप्र: इस बार चुने गए भाजपा के 813 पार्षद

**2017 में थे 596, नगर पंचायत अध्यक्षों की सूची में भी इजाफा, 100 से 191 पर पहुंचे, पिछली बार 14, इस बार प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों में भाजपा का महापौर**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश** नगरीय निकाय के चुनाव में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस बार ऐतिहासिक जीत दर्ज की। पार्टी ने जहां प्रदेश के सभी नगर निगमों में महापौर के पद को जीता, वहीं 813 पार्षद पदों पर भी कब्जा किया। नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अध्यक्षों के क्रमशः 88 और 191 पद भी भाजपा ने इस चुनाव में हथिया लिए हैं। वर्ष 2017 के चुनाव में 16 नगर निगमों में से 14 पर ही भाजपा को जीत मिली थी, लेकिन इस बार पार्टी ने प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों के महापौर पद पर कब्जा कर लिया। नगर निगम में पार्षदों की संख्या पर नजर डालें तो इस बार भारतीय जनता पार्टी के 1420 में से 813 जनप्रतिनिधि कमल खिलाने में सफल रहे। पिछली बार यह आंकड़ा 596 का था। शहरों में






भाजपा की यह जीत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कामकाज के प्रति आमजन के विश्वास की मुहर है।

**नगर पालिका के 88 अध्यक्ष और 1353 सदस्य भाजपा के:** नगर पालिका परिषदों में भी इस बार मुख्यमंत्री योगी के कामकाज का जादू खूब चला। योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम के अलावा नगर पालिका परिषद के उम्मीदवारों के पक्ष में भी जनसभा कर वोट देने की अपील की थी। जनता ने इस अपील को न सिर्फ माना, बल्कि कई जगहों पर कमल के वोट प्रतिशत में भी खूब इजाफा किया। नगर पालिका परिषद के 60 अध्यक्ष पद पर 2017 में भाजपा को जीत मिली थी। 199 सीटों में से यह आंकड़ा इस बार बढ़कर 88 पहुंच गया। वहीं पालिका परिषद सदस्यों में 2017 में भाजपा को 923 सीट मिली थी। इस बार के चुनाव में यह संख्या बढ़कर 1353 हो गई।

**नगर पंचायतों में भी शतक से आगे पहुंची भाजपा:** नगर पंचायतों में भी भाजपा ने परचम लहराया है। 544 में से 191 नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद पर भाजपा के प्रतिनिधि काबिज हुए हैं। 2017 में यह आंकड़ा सिर्फ 100 का था। यानी योगी के विकास की बदौलत न सिर्फ 91 और सीटें भाजपा की झोली में आईं, बल्कि वोट प्रतिशत में इजाफा भी खूब हुआ। भाजपा के नगर पंचायत सदस्यों की संख्या भी 664 से बढ़कर 1403 हो गई।

भाजपा के पांच मुस्लिम उम्मीदवार भी बने नगर पंचायत अध्यक्ष: भाजपा ने इस चुनाव में कई मुस्लिम उम्मीदवार भी मैदान में उतारे थे।

## सपा की साइकिल पंचर, बसपा का हाथी भी सुस्त

**नगर निगम,** नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के चुनाव में प्रदेश की प्रमुख विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) इस बार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। बसपा पिछली बार दो नगर निगमों अलीगढ़ और मेरठ के महापौर के पद पर काबिज थी, इस बार वह उसे भी बरकरार नहीं रख पाई। इस तरह 2017 की अपेक्षा इस चुनाव में इन दोनों प्रमुख विपक्षी दलों का हाल बहुत बुरा रहा। नगर निगम में सपा महापौर की रेस में शून्य पर ही रही। पार्षद 202 से घटकर 191 पर आ गए। नगर पालिका परिषद अध्यक्षों की संख्या भी 45 से घटकर 35 हो गई। 2017 में सपा सदस्यों की संख्या 477 थी, वह 2023 में 423 हो गई। 2017 में नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर सपा को 83 सीटों पर जीत मिली थी, 2023 में 78 पर सपा सिमट गई। बहुजन समाज पार्टी के दो महापौर 2017 में चुने गए थे। इस बार उनका खाता भी नहीं खुला। पार्षद 147 से घटकर 85 हो गए। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बसपा के 29 से 16 हो गए। पालिका परिषद सदस्यों की संख्या 262 से 191 हो गई। नगर पंचायत अध्यक्ष भी 45 से घटकर 37 और सदस्य 218 से घटकर 215 हो गए। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता आनंद दुबे का कहना है कि पार्टी ने मुस्लिम बाहुल सीटों से मुस्लिम उम्मीदवारों को चुनाव में उतारा था।

## सभी जाति के लोगों का 'कुटुम्ब मित्र' बनायेगा संघ



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस)** सभी जाति बिरादरी के लोगों को संगठन से जोड़ने के लिए कुटुम्ब मित्र बना रहा है। परिवार प्रबोधन गतिविधि के माध्यम से संघ समाज के बीच यह काम कर रहा है। कुटुम्ब मित्र सप्ताह में एक दिन किसी मंदिर में एकत्र होकर सामूहिक रूप से मंगल संवाद करते हैं। यह जानकारी कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि के संयुक्त क्षेत्र (उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड) के प्रमुख ओमपाल सिंह ने दी। ओमपाल सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि के माध्यम से परिवारों में संस्कृति एवं संस्कारों के संवर्धन के लिए काम करता है। इसके लिए देशभर में कुटुम्ब मित्र बनाये जा रहे हैं। कुटुम्ब मित्रों को मंगल संवाद आयोजित हो रहा है। मंगल संवाद के तहत रामचरित मानस की चौपाई, श्लोक या अन्य धार्मिक ग्रन्थ का वाचन करते हैं और सदचर्चा करते हैं। इसके अलावा बड़े कार्यक्रमों जैसे नव दम्पत्ति सम्मेलन और बालक बालिका सम्मेलन का भी आयोजन होता है।

**हिन्दू समाज के अमरत्व का मुख्य कारण परिवार व्यवस्था:** ओमपाल सिंह ने बताया कि हिन्दू समाज के अमरत्व का मुख्य कारण भारतीय परिवार व्यवस्था ही है। परिवार बिखर रहे हैं। संयुक्त परिवार एकल परिवार में परिवर्तित हो रहे हैं।

हम दो हमारे दो की मानसिकता बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि हम वसुधैव कुटुम्बकम को मानने वाले लोग हैं, लेकिन दुनिया ने हमें बाजार माना। परिवार मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने की व्यवस्था है। परिवार पशु जैसे शिशु को मानव, महामानव की ऊंचाई तक विकसित करने का एक समर्थ संस्कार का केन्द्र है।

## मुरादाबाद: सपा के 1 सांसद, 5 विधायक भी नहीं दौड़ा पाए 'साइकिल'

**टीम एक्शन इंडिया/मुरादाबाद**
**समाजवादी पार्टी** (सपा) का गढ़ कहे जाने वाले मुरादाबाद जनपद में समाजवादी पार्टी के एक सांसद और पांच विधायक मिलकर भी स्थानीय निकाय चुनाव में साइकिल को नहीं दौड़ा पाए। अक्सर विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले मुरादाबाद से सपा सांसद डॉ. एसटी हसन लोकसभा में समाजवादी पार्टी संसदीय दल के नेता भी हैं। मुरादाबाद के 11 निकायों में एक नगर निगम, दो पालिका परिषद और आठ नगर पंचायत हैं। नगर निगम की महापौर सीट पर समाजवादी पार्टी की करारी हार हुई और मुरादाबाद नगर निगम के



70 वार्डों में सिर्फ 03 वार्डों में समाजवादी पार्टी की साइकिल चली। मुरादाबाद की दो नगर पालिका परिषदों में सिर्फ बिलारी पालिका परिषद पर सपा उम्मीदवार रघुराज यादव ने जीत दर्ज की। इसके अलावा आठ नगर पंचायतों में सिर्फ एक सीट कांठ नगर पंचायत ही सपा के खाते में आई। कांठ नगर पंचायत चेयरमैन पद पर सपा उम्मीदवार इकबाल आलम ने जीत दर्ज की। स्थानीय निकाय चुनाव 2023 में मुरादाबाद महापौर सीट पर सपा ने निर्यातक रईसुद्दीन नईमी को सपा ने प्रत्याशी बनाया था जो मेयर चुनाव में अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए और चौथे स्थान पर रहे। पहले स्थान पर रहे भाजपा के उम्मीदवार विनोद अग्रवाल को 121475 वोट, दूसरे स्थान पर रहे कांग्रेस के मोहम्मद रिजवान कुरैशी को 117832, तीसरे स्थान पर रहे बसपा के मोहम्मद यामीन को 15858 और चौथे स्थान पर रहे समाजवादी पार्टी के सैय्यद रहीसउद्दीन नईमी को 13447 मत मिले। ठाकुरद्वारा नगर पालिका परिषद में चेयरमैन पद पर सपा उम्मीदवार इरफान अहमद दूसरे स्थान पर रहे। नगर पंचायत पाकबाड़ा में चेयरमैन पद पर सपा उम्मीदवार नईम चौथे स्थान पर रहे।

## बीस लाख किसानों को वितरित होंगे सब्जियों के बीज

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
राज्य सरकार 20 लाख किसानों को निःशुल्क सब्जियों के बीज किट उपलब्ध कराएगी। इस पर राजस्थान उद्यानिकी विकास मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषक कल्याण कोष से 60 करोड़ रुपये व्यय होंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। गहलोत की स्वीकृति से प्रदेश के 5 लाख किसानों को 500 वर्गमीटर क्षेत्र में एकल फसल और 15 लाख किसानों को 100 वर्गमीटर क्षेत्र के लिए कोम्बो किचन गार्डन किट उपलब्ध करवाए जाएंगे।

## अफगानिस्तान पर मंडरा रहा कुपोषण का खतरा

**टीम एक्शन इंडिया/काबुल**
**अफगानिस्तान में** आने वाले दिनों में कुपोषण और भुखमरी से हजारों बच्चों की मौत हो सकती है। तालिबानी शासन में अफगानिस्तान की आधी से ज्यादा आबादी बड़े खाद्य संकट का सामना कर रही है। जनता भूख से तड़प रही है और खाने के लिए अफगान के लोग अपने बच्चों तक को बेचने पर मजबूर हो रहे हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अफगानिस्तान उन सात देशों में से एक है, जो खाद्य संकट के भयावह स्तर का सामना कर रहा है।

## गोल्डन टेंपल के पास फोटोग्राफरों की गुंडागर्दी

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** के अमृतसर में अब गोल्डन टेंपल के पास तस्वीरें खींचने का दबाव बनाते हुए फोटोग्राफरों के झुंड ने युवाओं को पीट दिया। लहूलुहान युवा अब इंसाफ की मांग कर रहे हैं। वहीं आसपास के लोगों का कहना है कि हर शनिवार-रविवार यहां तस्वीरें खींचने के नाम पर गुंडागर्दी होती है। पुलिस ने घायल युवकों के आधार पर कार्रवाई को शुरू कर दिया है। घटना शनिवार रात को गोल्डन टेंपल की तरफ जाने वाले विरासती मार्ग की है। शनिवार



रात एक व्यक्ति ने वीडियो बना कर वायरल की। वीडियो में दिखने वाले युवकों को बुरी तरह से पीटा गया है।

इस कदर पीटा गया है कि उनके सिर से लेकर कपड़े तक खून से सन चुके हैं। पीड़ित ने बताया कि वह अपने भाई व दोस्तों के साथ गोल्डन टेंपल माथा टेकने आया था। तभी कुछ फोटोग्राफर उनके पास आ गए। उन्होंने फोटो खींचवाने के लिए कहा। युवकों ने पैसे ना होने की बात कहते हुए मना कर दिया। डेमो तस्वीर के नाम पर फोटोग्राफर युवक के साथ धक्का-मुक्की करने लगे। यह देख युवक का भाई और दोस्त भी आए गए, लेकिन दो दर्जन के करीब फोटोग्राफर वहां इकट्ठे हो गए और 6 के करीब युवकों को बुरी तरह से पीट दिया।



MARUTi
nandan printers

8 COLOUR
WEB OFFSET
MACHINE

Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE
PRINTING HUB
COMPLETE
CTP UNIT
BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546

**सरकार प्रयासरत** परिवहन विभाग की बसों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए योगी सरकार ने उठाया कदम

## उप्र रोडवेज की बसों में सुविधा के साथ सुरक्षा पर भी होगा फोकस

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार पब्लिक ट्रांसपोर्ट को सुविधायुक्त बनाने के साथ सुरक्षित बनाने के लिए भी प्रयासरत है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर परिवहन विभाग की बसों में आग लगने की घटनाओं की रोकथाम को लेकर विभाग की ओर से अब जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। इसके लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निर्गम मुख्यालय से सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। परिवहन निगम के उच्च प्रबंधन के साथ हुई चर्चा के बाद बसों में आग की घटनाओं को




रोकने के लिए कुछ आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के लिए भी कहा गया है। इसके चलते कई जनपदों में जागरूकता अभियान शुरू भी कर दिया गया है। विभिन्न जनपदों में अधिकारियों द्वारा बसों में आग लगने की घटनाओं के कारणों एवं बचाव के बारे में क्षेत्रों में जाकर कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है।

**तय होगी जवाबदेही:** जो निर्देश दिए गए हैं, उनमें बस में आग लगने की घटना होने पर क्षेत्रीय प्रबंधकों तथा सेवा प्रबंधकों को स्वयं मौके पर जाकर बस का निरीक्षण करना होगा। इसके अलावा किसी भी क्षेत्र की बस में तकनीकी कमी के कारण बस में आग लगने की घटना होने की स्थिति में क्षेत्र के सेवा प्रबंधक एवं संबंधित डिपो के सीनियर फोरमैन के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्यवाही किए जाने को भी कहा गया है। सेवा प्रबंधक प्रत्येक डिपो में 20 मई तक स्वयं चालकों एवं परिचालकों को अग्निशमन यंत्र प्रयोग किए जाने का प्रशिक्षण देंगे।